आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 320, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पूजा-राधा के सामने दक्षिण अफ्रीका ढेर 2
कंगना ने की मीना कुमारी की तारीफ 16

## प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

### राष्ट्रपति पुतिन ने सौंपा ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल



**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आधिकारिक रूप से 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में असाधारण सेवाओं के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। उन्होंने यहां एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद 'एक्स' पर लिखा कि ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत की जनता को समर्पित करता हूं। वर्ष 1698 में यीशू के प्रथम प्रचारक और रूस के संरक्षक संत सेंट एंड्रयू के सम्मान में जार पीटर द ग्रेट द्वारा स्थापित ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

## कठुआ आतंकी हमले में शहीद पांचों जवानों के पार्थिव शरीर पहुंचे देहरादून

ब्यूरो, देहरादून



अनुज नेगी | आनंद सिंह रावत | कमल सिंह | आदर्श नेगी | विनोद सिंह

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में शहीद उत्तराखंड के पांचों जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम लोगों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास स्थान को भेज दिए जाएंगे। जवानों के बलिदान से देवभूमि में शोक की लहर है।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में बीते सोमवार को आतंकियों ने घात लगाकर सेना के वाहन पर हमला कर दिया था। सेना के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की, लेकिन आतंकी जंगल की तरफ भाग गए। हमले में उत्तराखंड के पांच वीर सपूत शहीद हो गए। जिसमें जेसीओ (नायब सूबेदार) आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, राइफलमैन अनुज सिंह, नायक विनोद सिंह और राइफलमैन आदर्श नेगी शामिल हैं।

राइफलमैन आदर्श नेगी टिहरी जिले के कीर्तिनगर में थाती डागर के रहने वाले थे। नायक विनोद सिंह टिहरी के जाखणीधार तालुक के चौंद जसपुर गांव के थे। नायब सूबेदार आनंद सिंह रुद्रप्रयाग जिले के कांडाखाल के रहने वाले थे। हवलदार कमल सिंह पौड़ी जिले के लैंसडाउन तहसील के पापरी गांव जबकि राइफलमैन अनुज नेगी पौड़ी जिले के रिखणीखाल तालुक के डोबरिया गांव के रहने वाले थे।

पांचों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, डीएम व एसएसपी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सैनिकों का पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास भेजा जाएगा जहां शहीदों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

"हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। – **मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी**

### डोडा में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़

- **कठुआ में आतंकियों की तलाश में जुटे सुरक्षाबल**

**जम्मू/कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के सुदूर वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जब घड़ी भगवा जंगल में तलाशी एवं घेराबंदी अभियान चलाया तो मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी थी। वहीं, कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर घातक हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए मंगलवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। डीजीपी आरआर स्वैन अभियान की निगरानी के लिए पहुंचे। एडीजी आनंद जैन के साथ डीजीपी स्वैन ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। तलाश अभियान का दायरा बढ़ाकर उधमपुर और कठुआ के समीपवर्ती जिलों के बड़े क्षेत्रों को शामिल कर लिया गया है, जिनमें बसंतगढ़, सेओज और कठुआ जिले के बानी, डग्गर और किंडली के ऊपरी इलाके शामिल हैं। सेना की पैरा इकाई के विशेष सुरक्षा कर्मियों को विशिष्ट क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित अभियान के लिए तैनात किया गया है।

## एक नजर

### सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध 5 वर्ष बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि पांच वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी करके कहा कि सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि 10 जुलाई से पांच वर्ष के लिए बढ़ाई जाती है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया था, जिसकी अवधि अब समाप्त हो रही थी। अधिसूचना में कहा गया है कि सिख फॉर जस्टिस देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रतिकूल गतिविधियों में लिप्त है, इसलिए विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा दो की उप धारा के एक के अंतर्गत इसके खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

### ईडी की चार्जशीट पर केजरीवाल तलब

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र पर यहां की एक अदालत ने मंगलवार को संज्ञान लिया। संघीय जांच एजेंसी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम लिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया और केजरीवाल को 12 जुलाई के लिए सम्मन जारी किया।

# एसडीएम, सीओ समेत 6 निलंबित

## हाथरस हादसा : एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट, गहन जांच की बताई जरूरत, साजिश से इनकार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयोजकों की लापरवाही से हुआ हादसा, भीड़ को आमंत्रण देकर नहीं किया पर्याप्त इंतज़ाम
- पुलिस एवं प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी समुचित जानकारी

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे के जिम्मेदारों पर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सिकंदराराऊ के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया है। इनमें चौकी इंचार्ज कचौरा और चौकी इंचार्ज पोरा भी शामिल हैं। हाथरस में 2 जुलाई को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। दुर्घटना के एक सप्ताह के अंदर एसआईटी की 300 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे के लिए कार्यक्रम के आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना, साजिश से भी इनकार नहीं किया है।

मंगलवार को यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में भोले बाबा को नहीं बल्कि आयोजकों और अफसरों को जिम्मेदार माना गया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों से की है। जिसके बाद सिकंदराराऊ के एसडीएम रावेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार, थानाध्यक्ष आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार के अलावा चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह एवं चौकी इंचार्ज पोरा को शासन ने निलंबित कर दिया।

**अब न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का इंतजार :** हाथरस हादसे में दो सदस्यीय एसआईटी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अब इंतजार न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट भी न्यायिक आयोग के पास है। आयोग को दो माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों उन्हें रोकने के लिए भी अपने सुझाव देने हैं। न्यायिक जांच के मुख्य बिन्दु में घटना कोई दुर्घटना है या फिर कोई षड्यंत्र? या कोई अन्य सुनियोजित आपराधिक घटना? जैसे सवालों को भी तलाशना है।



### जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाथरस के भगदड़ मामले की जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैंने कल ही याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता और वकील विशाल तिवारी ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। जनहित याचिका में भगदड़ मामले की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

### एसआईटी ने लिए 125 लोगों के बयान

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दिनों सत्संग के बाद मची भगदड़ मामले की जांच को गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, स्थलीय वीडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का भी संज्ञान लिया गया।

### तथ्यों को छिपाकर ली गई अनुमति

जांच समिति ने हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। दरअसल, उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सिकंदराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किए आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया। आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए तय शर्तों का अनुपालन भी नहीं किया गया।

### जांच के मुख्य तथ्य

- अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई।
- कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया।
- बिना पुलिस वेरिफिकेशन के जोड़ा गया, उनसे अव्यवस्था फैली।
- आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया।
- स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास हुआ।
- सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध आपस में मिलने की छूट दी गई।
- किसी प्रकार की बैरीकेटिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई थी
- हादसा घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटनास्थल से भाग गए।

### उत्तराखंड सरकार ने निलंबित किए थे लाइसेंस

## पतंजलि ने रोकी 14 उत्पादों की बिक्री

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे। कंपनी ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि मीडिया मंचों को भी इन 14 उत्पादों के सभी विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद को दो हफ्ते के भीतर एक हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है और क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की।

### सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

- 5606 फ्रेंचाइजी स्टोरों से उत्पादों को वापस लेने के दिए निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दी थी अवमानना नोटिस, निर्णय सुरक्षित

शीर्ष अदालत भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के निर्माण लाइसेंस को 'तत्काल प्रभाव से निलंबित' कर दिया गया है। सर्वोच्च अदालत ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## दो बाइकों में टक्कर से लगी आग, चार लोग जिंदा जले



आग बुझाता अग्निशमन विभाग का जवान और मौजूद पुलिसकर्मी व लोग।

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- महोबा में श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर हुआ हादसा, दो झुलसे
- एक बाइक पर चार और दूसरी पर दो लोग थे सवार

**अमृत विचार :** श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर चितैइयन पहाड़ के सामने दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो जाने से दोनों बाइकों में आग लग गई, जिससे एक बच्चे सहित चार लोग जिंदा जलकर मर गए। दो अन्य बुरी तरह झुलस गए जिन्हें झांसी मेडिकल कालेज भेजा गया है। एसपी अपर्णा गुप्ता भी मौके पर पहुंचीं और छानबीन की।

दुर्घटना मंगलवार दोपहर दो बजे हुई। पड़ोसी जनपद छतरपुर के थाना लवकुश नगर क्षेत्र के ग्राम पीरा निवासी ललतेश (22) अपने परिवार के साथ बाइक से जनपद छतरपुर के कस्बा गढ़ी मलहरा एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। बाइक पर ललतेश, उसकी बहन नेहा और दो बच्चे सवार थे। बाइक जैसे ही श्रीनगर से थोड़ी दूर चितैइयन पहाड़ के पास पहुंची कि श्रीनगर की तरफ से ननौरा जा रही बाइक से सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर श्रीनगर थाने के ग्राम बरा निवासी चंद्रभान (40) व सुनील राही (22) सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों में आग लग गई। एक बाइक पर सवार ललतेश और उसके रिश्तेदार अरविंद का 8 वर्षीय पुत्र राज जिंदा जल गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार चंद्रभान और सुनील राही की भी जिंदा जलने से मौत हो गई।

दमकल के पहुंचने तक चारों की मौत हो चुकी थी। दमकल जवानों ने ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में ललतेश की बहन नेहा (24) व रिश्तेदार प्रेमनारायण का 7 वर्षीय पुत्र देवेंद्र भी बुरी तरह झुलस गए। उन्हें पुलिस श्रीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से उन्हें झांसी मेडिकल कालेज भेज दिया गया।

## शेयर बाजार का नया रिकॉर्ड सेंसेक्स 80 हजार के पार

- निफ्टी भी उछलकर पहुंची 24400 के पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई का सेंसेक्स 391 अंक उछलकर नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 391.26 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था। निफ्टी भी 112.65 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,433.20 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 123.05 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 24,443.60 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी इंडिया छह प्रतिशत चढ़ा। उत्तर प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाइब्रिड कार (पेट्रोल और इलेक्ट्रिक से चलने वाली) पर पंजीकरण शुल्क से छूट दिए जाने की खबरों के बीच कंपनी का शेयर चढ़ा।

## अमेठी में हादसा, 5 यात्रियों की मौत

संवाददाता, शुकुल बाजार(अमेठी)



- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बाजार शुकुल क्षेत्र में हुआ हादसा
- दिल्ली से निजी बस से सीवान जा रहे थे 50 यात्री, 12 घायल

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर निजी बस अज्ञात वाहन से टकराकर पलट गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई जबकि 12 घायल हो गए। बस 50 यात्रियों को लेकर दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही थी। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप सिंह, सीएमओ अंशुमान सिंह ने अस्पताल में घायलों का हाल जाना।

मंगलवार की भोर दो से तीन बजे के बीच अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से सीवान जा रही बस अज्ञात वाहन में पीछे से जा भिड़ी। चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बाजार शुकुल पहुंचाया। जहां से तीन को जिला अस्पताल भेजा जिसमें से एक की मौत हो गई। तीन की पहचान बिहार के भड़कुइया बरौली अलापुर गोपालगंज निवासी सुनील कुमार व किरवा ईशवापुर छपरा निवासी भीम कुमार के अलावा शिवा पुत्र शेर सिंह निवासी नगला अलगरजी जिला हाथरस के रूप में हुई। दो मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। घायलों में बिहार के अलावा देवरिया और कुशीनगर के हैं।

### हरदोई में झोपड़ी पर बस पलटी, 4 की मौत

**हरदोई।** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर एक बस माधौगंज मार्ग पर पेड़ के नीचे चारपाई पर बैठे लोगों को रौंदते हुए झोपड़ी पर पलट गई। जिससे चार की मौत हो गई और 6 जख्मी हो गए। डीएम मंगला प्रसाद, एसपी केशव गोस्वामी मौके पर पहुंचे। टीम ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बस में 30 लोग सवार थे। मृतक आयशा (45), हसाना (75), सूफियान (25), ननकी (62) आपस में रिश्तेदार थे।

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला

## मुंबई में दंपती को टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से स्कूटी को टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार मुख्य आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया। मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर के पिता राजेश शाह ने अपने बेटे को भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई और वारदात में शामिल वाहन को वहां से हटाने की साजिश रच रहा था।

## नीट-यूजी : पटना से दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में एक अभ्यर्थी समेत दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नालंदा निवासी नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया निवासी अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक बिहार से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात के लातूर और गोधरा में में एक-एक व्यक्ति को तथा साजिश के सिलसिले में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

## नैनी झील ने बनाया रिकॉर्ड, दस दिन में भरा सात फीट पानी

बबलू चंद्रा, नैनीताल



नैनीताल झील में बढ़ा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की झील ने ऐसा रिकार्ड बनाया है, जो चिंता में डालने वाला है। पहली बार दस दिन में सात फीट पानी झील में भरा है। झील नियंत्रक झील में पानी भरने की तीव्र रफ्तार को अव्यावहारिक मान रहे हैं। नैनी झील का अस्तित्व शायद लाखों-करोड़ों वर्ष पुराना हो। मगर झील में पानी भरने के स्रोत मानसून और पश्चिमी विक्षोभ की बारिश प्राकृतिक जलस्रोत हैं। मानसूनी बारिश सबसे बड़ा स्रोत रहा है। जलस्तर घटने और बढ़ने की पैमाइश ब्रिटिशकाल से शुरू हुई, जो आज तक जारी है। झील भरने का क्रम एक नियंत्रित गति के साथ रहा है, जो बारिश की मात्रा पर निर्भर करता है। मगर इस बार झील में पानी बारिश की मात्रा की तुलना में कहीं अधिक भरा है, जो वास्तव में चिंता का विषय है। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक 26 जून से छह जुलाई के बीच बारिश लगभग दो फीट हुई और झील में पानी की मात्रा सात फीट को पार कर गई, जबकि नालों व प्राकृतिक स्रोतों से आने वाले पानी की मात्रा बारिश की मात्रा से दोगुने के लगभग ही होनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद करीब तीन फीट अधिक बढ़ गया। जिस कारण चिंता स्वाभाविक है।

### जलस्तर में इतनी तेज वृद्धि बनी चिंता का सबब

### भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना बड़ा कारण

**नैनीताल।** झील नियंत्रण कक्ष के निरीक्षक रमेश सिंह गैड़ा के अनुसार झील भरने की रफ्तार का बड़ा कारण भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना है। नगर के अधिकांश मार्ग सीमेंट से बने होने के कारण पानी बहकर झील में चला जाता है। साथ ही अधिक भवन निर्माण के चलते जमीन के पानी सोखने का दायरा कम हो चला है। जिस कारण बारिश का पूरा पानी झील में चला जाता है। नैनी झील की गहराई में कमी आई है। इसका कारण झील में बेशुमार गाद भर जाना है। पिछले करीब चार दशक पहले तक झील की अधिकतम गहराई 90 फीट से अधिक थी, जो अब घटकर 72 फीट रह गई है। नगर में भवन निर्माण का मलबा झील में पहुंचना इसका बड़ा कारण माना जाता है। झील के चारो ओर हरे-भरे जंगलों में पिछले कुछ दशक से वैध-अवैध निर्माणों की बाढ़ से भूमि की नमी बनाए रखने वाले हरे-भरे पेड़ों का पतन भी तेजी से बढ़ा है। रिहायशी कालोनियों के बनने व सीसी मार्ग के मकड़जाल से भी जमीन में धीमी गति से रिसने वाला बरसाती पानी अब सीधे झील मे पहुंच रहा है। झील में तेजी से जलभराव का भी ये एक मुख्य कारण है।

## खेल डायरी




### सिराज को आवासीय भूखंड और नौकरी देगी सरकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

### पीसीबी ने कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट दी: सूत्र

**लाहौर।** टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। पीसीबी के अनुसार नकवी ने दोनों कोचों से कहा कि उन्हें उन पर पूरा भरोसा है और उन्हें बोर्ड से समर्थन मिलेगा। सूत्र ने कहा, कर्स्टन ने विश्व कप के आधार पर सफेद गेंद की टीम के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।

### गुकेश के लिए बेहतर प्रदर्शन का मौका गुजराती को वाइल्डकार्ड

**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला टाईरहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जाएंगे।

### हॉकी इंडिया साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से आंध्र प्रदेश में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से 17 जुलाई तक आंध्र प्रदेश के कडप्पा में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धी टीमों में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी कर्नाटक, केरल हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, ले पुडुचेरी हॉकी और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। महिला वर्ग में टीमें कर्नाटक, यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना हॉकी और ले पुडुचेरी हॉकी की टीमे हिस्सा लेंगी। दोनों वर्गों में प्रतियोगिता राउंड-रॉबिन प्रारूप के अनुसार होगी जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं वॉर्नर

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को खत्म हुआ अध्याय करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके आपातकालीन विकल्प होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने आखिरी टी-20 24 जून को भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

### मैत्री मैच में म्यांमार ने भारत को 1-2 से हराया

**यांगून (म्यांमार)।** विन थेइंगी तुन और सान थाव थाव के गोल से म्यांमार की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को यहां मैत्री मैच में भारत को 2-1 से शिकस्त दी। दोनों टीमें पांच साल के अंतराल पर एक-दूसरे का सामना कर रही थी। भारतीय घरेलू फुटबॉल में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाली थेइंगी तुन ने मैच के 14वें मिनट में गोल कर म्यांमा को बढ़त दिला दी। क्लब टीम की उनकी साथी प्यारी खाखा ने 58वें मिनट में गोल कर भारत की वापसी कराई। भारतीय टीम हालांकि म्यांमार को बढ़त लेने से ज्यादा देर नहीं रोक सकी। मे थेट मोन माइंट की फ्री किक को थाव थाव ने मैच के 74वें मिनट में गोल में बदल दिया। म्यांमार के खिलाफ छह मैचों में यह भारत की पांचवीं हार है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

# बुमराह और मंधाना चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई, एजेंसी**



भारत की पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जून महीने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार दिया गया है।

यह पहली बार है जब एक ही देश महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में यह पुरस्कार जीते हैं। बुमराह ने भारतीट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।

जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 4.17 की औसत से गेंदबाजी की और 15 विकेट झटके थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी नवाजा गया था। इसके अलावा एनरिक नोटर्जे ने भी टूर्नामेंट में 9 मैच में 15 विकेट झटके। सबसे ज्यादा 17-17 विकेट संयुक्त रूप से अफगानिस्तान फजलहक फारूकी और भारत अर्शदीप सिंह ने लिए थे।

### सूर्यकुमार यादव पत्नी के साथ पहुंचे उडुपी मंदिर

**उडुपी (कर्नाटक)।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को तुलु भाषा में बात करते देखा गया।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी दिखाएंगे दम : मोदी

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी-20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की असली पूंजी करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है और यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

# पूजा-राधा के सामने द. अफ्रीका ढेर

## अंतिम मैच में 84 रन पर सिमटी दक्षिण अफ्रीका, वस्त्राकर 4, राधा ने झटके 3 विकेट




पूजा वस्त्राकर

**चेन्नई, एजेंसी**

पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 84 रन पर समेट दिया। तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में आउट हो गई। अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई। भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम ने कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े। वोलवार्ट ने वस्त्राकर के पहले ही ओवर में चौके के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छह हजार रन पूरे किए। वोलवार्ट और ब्रिट्स ने संजीवन संजना पर भी चौके मारे। ऑफ स्पिनर श्रेयंका ने वोलवार्ट को अरुंधति के हाथों कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। कैप ने श्रेयंका के ओवर में दो चौके मारे लेकिन वस्त्राकर के अगले ओवर में मिडविकेट पर शेफाली वर्मा को कैच दे बैठीं और इस तेज गेंदबाज की 50वीं शिकार बनीं।

ब्रिट्स ने श्रेयंका पर दो और चौके मारे लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हवा में शॉट खेल गईं और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मिड ऑफ पर शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। एनेके बॉश और क्लो ट्रॉयोन ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। वस्त्राकर ने बॉश (17) को पगबाधा करके दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया। दो गेंद बाद नेदिन डि क्लर्क (00) भी वस्त्राकर की गेंद को विकेटों पर खेल गईं जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 61 रन हो गया। राधा ने एनेरी डर्कसेन (02), सिनालो जाफ्ता (08) और नोनकुलुलेको मलाबा (00) को आउट किया जबकि अरुंधति ने ट्रॉयोन (08) की पारी का अंत किया। वस्त्राकर ने एलिज मारी मार्क्स (07) को विकेटकीपर उमा के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया।




विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 84/10, 17.1 ओवर। तेजमिन ब्रिट्स 20, लॉरा वोलवार्ट 9, मारिजेन कैप 10।

**विकेट :** पूजा वस्त्राकर 4, राधा यादव 3, दीप्ति 1, श्रेयंका पाटिल 1, अरुंधति रेड्डी 1।

# आखिरी मैच को यादगार बनाना चाहेंगे एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में मैदान पर उतरेंगे तो उनकी कोशिश अपने टेस्ट करियर के आखिरी मैच में यादगार प्रदर्शन करने की होगी। ऐतिहासिक लॉर्ड्स पर खेले जाने वाला श्रृंखला का पहला मैच एंडरसन का 188 वां और करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा।



एंडरसन ने इस साल अप्रैल में उस समय संन्यास का मन बना लिया था जब ईसीबी के प्रबंध निदेशक रॉब की, कोच बैंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें बता दिया था कि वह 2025-26 में खेले जाने वाले एशेज की उनकी योजना का हिस्सा नहीं है। एंडरसन भारत में खेली गई पिछली श्रृंखला में 33.50 की औसत से 10 विकेट चटकाए। वह धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के दौरान 700 विकेटों का आंकड़ा छूने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले एंडरसन ने काउंटी क्रिकेट में लंकाशर के लिए 35 रन पर सात विकेट चटकाकर लय में होने के संकेत दिए। उन्होंने अपने करियर का आगाज 21 साल पहले 2003 में लॉर्ड्स के मैदान पर ही किया था। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैदान पर आया है। इस टेस्ट में एक तरफ एक युग का अंत होगा तो दूसरा शुरू हो सकता है।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए कोच बने गौतम गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।

- **गंभीर की नियुक्ति पर बीसीसीआई सचिव बोले- विश्वास है वह भारत को और आगे ले जाएंगे**



टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।

# जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

**हरारे, एजेंसी**

- **जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 में सलामी जोड़ी में हो सकता है बदलाव मध्यक्रम में जुड़ सकते हैं नए नाम**

टी-20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा। जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला में वापसी की थी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी-20 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर किया जाए। वैसे गिल अंडर 14 दिनों के सबसे अच्छे दोस्त के साथ नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा।



**मैच : शाम 4: 30 बजे**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

# नीदरलैंड को हराकर फाइनल में जाना चाहेगा इंग्लैंड

**यूरो कप 2024**

**डोर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी**



इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं। स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय में ऐंठन के कारण हैरी केन के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की फिटनेस पर भी नजरें रहेंगी। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन के अपनी शुरुआती एकादश में लगातार तीसरे मैच में कोई बदलाव नहीं करने की उम्मीद है। मेम्फिस डेपाय, कोडी गेप्को और स्टीवन बर्गविन की जोड़ी मैच में शुरुआत कर सकती है।

# कोपा के सेमीफाइनल में खेलेंगे मेसी : स्कालोनी

**न्यू जर्सी, एजेंसी**

अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि टीम के कप्तान लियोनेल मेसी कनाडा के खिलाफ कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए फिट है। सकालोनी ने कहा लियो ठीक है और कल वह खेल का हिस्सा होगा।

उन्होंने कहा वह खेलने के लिए फिट है और हम इसे लेकर सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि अगर मेसी स्पष्ट रूप से फिटनेस की कमी के बावजूद खुद को उपलब्ध कराते हैं तो वह क्या करेंगे। स्कालोनी ने कहा, यह बहुत आसान है क्योंकि 99 प्रतिशत समय ऐसा ही होता है वह खेलने के लिए तैयार है। टीम के मुख्य कोच ने कहा, इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं होगा, क्योंकि मैं जानता हूँ कि वह हमें क्या दे सकता है, भले ही वह अनुकूल परिस्थितियों में न हो। उल्लेखनीय है कि 37 वर्षीय मेसी मांसपेसियों की समस्या के कारण पेरू पर अर्जेंटीना की 2-0 की जीत के अंतिम ग्रुप मैच में नहीं खेल पाए थे। वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टरफाइनल के लिए शुरुआती 11 मिनट में वापस आ गए यह मैच अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर जीता लिया था।



# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

**लंदन, एजेंसी**

सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में हूटिंग के बीच अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के होल्गर रूण को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए है।

सोमवार को जोकोविच ने दो घंटे और तीन मिनट तक चले मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के चैंपियन जोकोविच क्वार्टरफाइनल में दुनिया के नौ नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर से भिड़ेंगे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा मुझे पता है कि वे रूण के लिए चीयर कर रहे थे, लेकिन यह हूटिंग करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि मुझे सभी तरकीबें पता हैं। मैंने इससे कहीं ज्यादा शत्रुतापूर्ण माहौल में खेला है। आप लोग मुझे छू नहीं सकते। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में फ्रिट्ज का मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा।



डेनमार्क के होल्गर रूण के खिलाफ मैच में शॉट खेलते जोकोविच। ● एजेंसी

### यूक्रेन पर मिसाइल हमले से चिंतित स्वितोलिना

**लंदन।** विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बावजूद यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के चेहरे पर खुशी नहीं थी क्योंकि वह अपने देश पर रूस के मिसाइल हमले को लेकर काफी चिंतित दिखीं। स्वितोलिना ने वांग शिन्यु को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। उनका कहना था कि यह जीत उनके देश के लोगों के अंधेरे जीवन में रोशनी और खुशी की एक किरण लेकर आएगी। स्वितोलिना की दादी, चाचा और कई रिश्तेदार यूक्रेन में हैं। स्वितोलिना ने कहा मेरे लिए यहां रहना मुश्किल है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

32.6° अधिकतम तापमान | 24.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 07 : 05

## एक नजर

### त्योहारों के चलते जिले में धारा 144 लागू

**कानपुर देहात।** आगामी त्योहार मोहर्रम, श्रावण मास एवं कावड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने जनपद में धारा-144 लागू की है। इस दौरान कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना नहीं करेगा, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इससे मुक्त रहेंगी। यह आदेश 30 अगस्त तक प्रभावी रहेगा।

### घायल महिला की इलाज के दौरान थम गईं सांसें

**संदलपुर।** संदलपुर क्षेत्र के ककलापुर गांव निवासी शर्मा दिवाकर की पत्नी कुसुम देवी (50) पिछले दिनों संदलपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्पीड ब्रेकर पर बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई थी। उनका इलाज कानपुर के हैलट अस्पताल में चल रहा था। सोमवार की रात उपचार के दौरान कुसुम की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

### बाढ़ की आशंका से यमुना तलहटी के गांवों में लोगों की बढ़ी बेचैनी, प्रशासन हुआ चौकन्ना

# यमुना नदी का पानी बढ़ा 8 बाढ़ चौकियां बनाई गईं

संवाददाता, मूसानगर


यमुना नदी का बढ़ने लगा जलस्तर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानसून की दस्तक के साथ ही बाढ़ की आशंका से यमुना की तलहटी में बसे लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। हालांकि अभी यमुना और सेंगुर नदी उफान पर नहीं हैं, लेकिन प्रशासन ने बाढ़ की आशंका के चलते आठ बाढ़ चौकियां स्थापित की है। साथ ही यमुना के पानी पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के ज्यादातर गांव यमुना की तलहटी में बसे हैं, जिससे बरसात के समय यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से तहलटी के गांवों में बाढ़ आ जाती है। सहायक सेंगुर नदी के किनारे के गांवों का और भी बुरा हाल हो जाता है। हर साल सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न होकर नष्ट हो जाती है। पथार समेत अन्य गांव के लोगों का कहना है कि तकरीबन हर साल बरसात के दिनों में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से सेंगुर नदी के उफनाने से आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते है। पथार गांव में आने जाने के लिए ऊंची पुलिया का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया। जनप्रतिनिधि निर्माण का वादा करके चले जाते है। वहीं निचले स्थानों में बसे लोगों को ऊंचे स्थानों में जगह आवांटित करने की बात भी कही गई थी, लेकिन धरातल में अभी तक कुछ नहीं हुआ। इसी तरह की दास्ता यमुना और सेंगुर नदी से घिरे क्योटरा बांगर के ग्रामीणों ने बयां की।

> बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों का दौरा कर ऊंचे स्थान पर बाढ़ चौकी बनवाई गई हैं। उनमें लेखपालों व ग्राम विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नाविकों की सूची बनाकर नाव तैयार कराई जा रही हैं।
>
> –सर्वेश सिंह, एसडीएम भोगनीपुर

उनका कहना है कि उनका गांव चारों तरफ से यमुना और सेंगुर नदी से घिरा हुआ है। जिससे बाढ़ के समय हालात बहुत ही खराब हो जाते हैं। आने जाने के लिए नाव का ही सहारा बचता है। फसलों के नष्ट होने के साथ ही मवेशियों के लिए चारे की समस्या होती है। वहीं बाढ़ के समय मदद के नाम पर चंद दिनों का खाद्यान्न देकर खानापूरी कर दी जाती है।

### इन 26 गांवों में मंडराता बाढ़ का खतरा

बम्हरौली घाट, अहरौली घाट, नगीना बांगर, क्योंटरा बांगर, हलिया, चपरघटा, चंदनामऊ मजरा फत्तेपुर, कृपालपुर, चपरेहटा व उपग्राम किसवा दुरौली, रसूलपुर भुरण्डा, भरतौली, सरौटा, दौलतपुर, उदईपुर, रसूलपुर भलार, डिलौलिया बांगर, करियापुर भोगनीपुर, टयोगा व उपग्राम क्योंटरा व रमपुरा, देवराहट उपग्राम सहित, नगवां बांगर, सलारपुर, खरतला, किशुनपुर, खरका, दिबैर व कथरी।

### बाढ़ चौकियों में लेखपाल और वीडीओ की डयूटी

मानसूनी बारिश के चलते यमुना में पानी बढ़ने पर बाढ़ की आशंका को देखते हुए स्थापित की गई आठ चौकियों में लेखपाल व ग्राम विकास अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। बाढ़ चौकी चपरघटा में लेखपाल रामचंद्र पटेल व ग्राम विकास अधिकारी राजेश यादव, मूसानगर में लेखपाल प्रवीण शुक्ला और वीडीओ सुनील यादव, रसूलपुर भुरण्डा में लेखपाल दीपेंद्र कुमार और वीडीओ अभय यादव, सरौटा में लेखपाल ब्रम्ह कुमार और वीडीओ विपिन यादव, दौलतपुर में लेखपाल अजीत कुमार और वीडीओ दीपक यादव, नौबादपुर में लेखपाल अनुज यादव और वीडीओ राजेश पटेल, देवराहट में लेखपाल निगम सिंह और वीडीओ धर्मेंद्र तथा बाढ़ चौकी कथरी में लेखपाल रामराज और वीडीओ आशीष पटेल की डयूटी लगाई गई है।



मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

# पौधे लगाएं और फोटो अपलोड करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- प्रदेश की जनसंख्या के बराकर 20 जुलाई को होगा पौधरोपण
- डीएम ने पौधरोपण को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिले में वृहद पौधरोपण को लेकर डीएम की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान सभी विभागों को कार्ययोजना के अनुसार पौधरोपण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

मंगलवार को बैठक में डीएफओ एके द्विवेदी ने कहा कि गत वर्ष में रोपित जो भी पौधों सूख गए हैं, उनके स्थान पर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के अंतर्गत दोबारा पौधरोपण कराया जाए। डीएम आलोक सिंह ने कहा कि वर्षाकाल में एक ही दिन में प्रदेश की जनसंख्या के बराबर पौधरोपण किए जाने की तिथि मुख्यमंत्री ने 20 जुलाई तय की है। इसके लिए सभी नोडल अधिकारी पौधरोपण के लिए चयनित किए गए स्थलों पर गड्ढ़ों की खुदान हरहाल में 12 तक पूरी करा लें। साथ ही पौधरोपण कराने से लेकर उसके अनुरक्षण तक के लिए प्रभारी नामित करते हुए पंजिका में प्रविष्टियॉ भी अंकित की जाएं।

डीएफओ ने बताया कि सभी विभागों को उनकी मांग के अनुसार पौध आपूर्ति के आदेश जारी किए जा रहे हैं। सभी विभागों के नोडल अधिकारी वन विभाग कार्यालय से आपूर्ति आदेश प्राप्त करते हुए नर्सरियों से पौध ढुलान अपनी देखरेख में कराएंगे। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जहां भी सार्वजनिक तालाब पर अतिक्रमण खाली कराया गया है। ऐसे स्थलों का चयन करते हुए पौधरोपण के लिए ऐसी प्रजातियों का रोपण कराया जाए, जो शीघ्र विकसित हों। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की वह सभी एक पेड़ मां के नाम रोपित करते हुए उसकी फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड करें। वहीं सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन ने निर्देश दिए कि ढुलान के बाद पौधों को सुरक्षित रखवाया जाये। यह ध्यान रहे कि किसी भी दशा में पौधे इधर-उधर न पड़े रहें। अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं हुई बारिश, उमस भरी गर्मी से बढ़ी बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- मौसम विभाग ने 12 से 14 जुलाई के बीच बारिश की जताई संभावना

**अमृत विचार।** जिले में लगातार दूसरे दिन भी बारिश का दौर थमा रहा और पूरे दिन बादलों के बीच सूर्यदेव की लुकाछिपी चलती रही। जिससे उमस बढ़ गई और लोग बेहाल नजर आए।

जनपद में करीब एक पखवाडे. तक चला बारिश का सिलसिला मंगलवार को भी थमा रहा। सुबह के समय बादल छाए रहे। लेकिन दस बजते ही बादल छटने शुरू हो गए और सूर्यदेव के दर्शन हुए। इसके बाद कभी तेज धूप निकल आती तो कभी बादल छा जाते। जिससे मौसम में काफी उमस बढ़ गई और लोग पसीना-पसीना हो गए। हालत यह रही कि दोपहर के समय घरों में पंखे व कूलर तक दगा दे गए। शाम को बादलों ने फिर से डेरा जमा लिया, लेकिन बारिश नहीं हुई। हालाकि लोगों को उमस से कुछ राहत जरूर मिली।मंगलवार को अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर-पूर्वी हवाएं करीब पांच किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार पांच दिन बादल छाए रहेंगे। 12 से 14 जुलाई के बीच तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

# दूसरे दिन भी किसी शिक्षक ने नहीं लगाई ऑनलाइन हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- स्कूलों में निर्धारित समय पर पहुंचे शिक्षक, ऑनलाइन हाजिरी की बताई समस्या

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों में दूसरे दिन मंगलवार को भी एकजुटता देखने को मिली। पूरे जिले में किसी भी शिक्षक ने स्कूल पहुंचने से लेकर बंद होने तक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं की है।

स्कूलों को डिजिटल प्रक्रिया से जोड़ते हुए सोमवार से शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश थे। सोमवार को जिलेभर के शिक्षक माती में एकजुट हुए थे। इसके बाद पैदल मार्च कर नारेबाजी की थी। बाद में डीएम कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया था। वहीं मंगलवार को दूसरे दिन शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे। लेकिन किसी ने भी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं की। शिक्षक संगठन के नेताओं का कहना है कि कोई भी शिक्षक देर से स्कूल नहीं पहुंचना चाहता है, लेकिन कहीं सार्वजनिक परिवहन देर से चलना इसका कारण बनता है तो कहीं रेल का बंद फाटक।

शिक्षकों के पास स्कूल के पास रहने के लिए न तो सरकारी आवास होते हैं। यदि किसी आकस्मिक कारण शिक्षक को व्यक्तिगत स्वास्थ्य या फिर घर, परिवार और समाजिक कारणों से दिन के बीच में स्कूल छोड़ना पड़े तो पूरे दिन के अनुपस्थित होने की रिपोर्ट भेज दी जाएगी। देर से स्कूल पहुंचने या जल्दी स्कूल से वापस जाने के अनेक कारण हो सकते हैं। यहां तक कि विद्युत आपूर्ति के बाधित होने या तकनीकी रूप से भी कभी इंटरनेट जैसी सेवाओं के सुचारू संचालन में समस्या आती है। इसीलिए डिजिटल अटेंडेंस का विकल्प बिना व्यावहारिक समस्याओं के पुख्ता समाधान के बिना संभव नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी सबसे पहले अन्य सभी विभागों के प्रशासनिक मुख्यालयों में लागू की जाए। जिससे अधिकारियों को इसके व्यावहारिक पक्ष और परेशानियों की जानकारी हो सके। फिलहाल शिक्षकों का ऑनलाइन हाजिरी के प्रति विरोध जारी है।

# विवाहिता की मौत पर दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के विजयीपुर गांव में सोमवार की देर शाम को नवविवाहिता ने जहर खा लिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे। जहां चिकित्सक उसे मृत घोषित कर दिया था।

वहीं सूचना पर मायके से पहुंचे ग्राम साझना थाना मंगलपुर निवासी राजेश ने बताया कि उसकी पुत्री बबली का विवाह करीब चार माह पूर्व हुआ था। ससुरालीजन उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि दहेज न देने पर पति रवि, जेठ शंकर, जेठानी मीना देवी ने जहर देकर पुत्री को मार डाला है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर पर मृतका के ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जलनिकासी का प्रबंध नहीं होने से जलभराव

संवाददाता, राजपुर


लोहिया नगर में भरा कीचड़।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक लोहिया नगर में जलनिकासी का प्रबंध न होने से लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अधिकारियों व आईजीआरएस में शिकायत के बावजूद समस्या का अब तक समाधान नहीं हो सका है।

नगर पंचायत के लोहिया नगर में करीब 20 परिवार रहते हैं। इस वार्ड में जलनिकासी का प्रबंध न होने से जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मोहल्ले के ब्रजेश दीक्षित, सर्वेश नायक, राजेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी, पिंटू सिंह आदि ने बताया कि बारिश होने पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। आवागमन के लिए न तो सही सड़क है और न ही जल निकासी के लिए नाली का इंतजाम। उन्होंने बताया कि वार्ड में पेयजल की समस्या है। प्रदीप कुमार व राजेश बताते हैं कि कई बार इसकी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। राजपुर नगर पंचायत ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि वार्ड के सभासद से प्रस्ताव लेकर जल निकासी का प्रबंध कराया जाएगा।

# ट्रक से टकराकर एक की मौत

संवाददाता, सिकंदरा


राजा पाल।


युवक की मौत पर छानबीन करते चौकी इंचार्ज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार युवक हाईवे पर अचानक मुड़े ट्रक से अनियंत्रित होकर टकरा गए। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है।

राजपुर थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव निवासी राजा पाल (20), हिम्मतपुर के दीपक राजपूत (20) व इसी गांव के आयुष राजपूत (20) के साथ रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने जनपद औरैया के अजीतमल में बाइक से गया था। वहां से तीनों दोस्त अपने घर लौट रहे थे। तभी सिकंदरा क्षेत्र के मूढादेव गांव के समीप शिवा ढाबा के पास नेशनल हाईवे किनारे चालक ने ट्रक को अचानक हाईवे की तरफ मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस न तीनों घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर अनीता शुक्ला ने राजा पाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दोनों युवकों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की मौत की जानकारी पर सीएचसी पहुंचे परिजनों ने कोहराम मच गया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन से गिरकर मप्र के युवक की मौत

**शिवली।** विक्रमपुर गांव के पास दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। पेट्रोलिंग कर रहे की-मैन ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

शिवली क्षेत्र के विक्रमपुर के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 1046/23-25 के बीच मंगलवार सुबह युवक का शव मिला। की-मैन गजेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर भाऊपुर चौकी प्रभारी अनूप पांडेय पहुंचे और छानबीन शुरू की। युवक के पास एक आधार कार्ड व मोबाइल मिला। पिता से बात हुई। बताया कि मृतक मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के ईसरथूनी का रहने वाला उनका पुत्र चंपालाल धाकड़ (23) है। वह ट्रक में अनाज लेकर प्रयागराज गया था। वहां से ट्रेन से लौट रहा था।

# 34 लोगों में मर्करी, 8 में क्रोमियम की आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एनजीटी के सख्त निर्देश पर खानचंद्रपुर के पीड़ितों की जांच

**अमृत विचार।** रनियां के खानचंद्रपुर में सालों से डंप क्रोमियम और मर्करी से प्रदूषण पर एनजीटी की छह साल पहले कराई गई जांच में 40 लोग प्रभावित मिले थे। एनजीटी ने फिर से स्वास्थ्य रिपोर्ट मांगी है। टीम ने प्रभावित लोगों की जांच की है। सीएमओ रिपोर्ट एनजीटी को भेजेंगे।

रनियां क्षेत्र के खानचंद्रपुर में कई साल पहले छह फैक्ट्रियों द्वारा करीब 62 हजार मीट्रिक टन जहरीला क्रोमियम डंप कर दिया गया था, जिससे खानचंद्रपुर समेत आसपास के कई गांवों का पानी क्रोमियम से दूषित हो गया था और लोग बीमारी की चपेट में आ रहे थे। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) ने फैक्ट्रियों पर जुर्माना लगाते हुए डंप क्रोमियम के निस्तारण के निर्देश दिए थे। वर्ष 2018 में लोगों की जांच कराई गई तो 40 लोगों में क्रोमियम व मर्करी पाया गया। एनजीटी के निर्देश पर सोमवार को खानचंद्रपुर में जिला अस्पताल से एमडी मेडिसिन डॉ. प्रतीक सक्सेना, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय लक्ष्मी, रनियां पीएचसी प्रभारी डॉ. विशाल भसीन जांच करने पहुंचे। टीम को प्रभावित लोगों में 38 लोग ही मिले। 34 लोगों में मर्करी व आठ के शरीर में क्रोमियम की आशंका के चलते खून जांच की सलाह दी गई।

## सार-संक्षेप

### मारपीट कर कार का शीशा तोड़ा, पुलिस कर रही जांच



कार का टूटा शीशा। अमृत विचार

**रूरा।** अकबरपुर के आंबेडनगर निवासी सुधीर शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। बीते सोनवार को वह अपने किसी काम से बीआरसी डेरापुर गए थे। वापस घर जाते समय रूरा मंडी समिति के आगे रूरा के ही रहने वाले जगरूप कुशवाहा ने अपने दो अन्य साथियों के साथ कार रोक कर गाली गलौज करना शुरू कर दिया और मारपीट कर कार का बैक शीशा तोड़ दिया। पीड़ित ने तहरीर दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है।


मंगलवार को अपराध गोष्ठी करते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

### संवेदनशील जगहों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे: एसपी

**कानपुर देहात।** पुलिस लाइन सभागार में एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस दौरान लंबित विवेचनाओं, नए कानून आदि के बारे में निर्देश दिए गए। मंगलवार को अपराध गोष्ठी में एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति अनावरण के लिए शेष अभियोगों की समीक्ष की। कहा कि थानों पर लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटियों की गिरफ्तारी व शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाए। इस दौरान पूर्व की लंबित विवेचनाओं, गुमशुदा बच्चों की सूची बरामदगी, आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति व फीडबैक, गैंगेस्टर अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई, ऑपरेशन कन्विक्शन अंतर्गत चिंहित अभियोगों के पैरवी की स्थिति, ऑपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील व भीड़भाड़ वाली जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पब्लिक ग्रीवेंस पोर्टल पर लंबित प्रार्थना पत्र, आई रेड एप पर सड़क दुर्घटनाओं की फीडिंग, लंबित चरित्र सत्यापन आदि की समीक्षा की गई। एसपी ने "जागते रहो" के संबंध में चर्चा करते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए रात में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने की हिदायत दी। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले लोगों के साथ विनम्र व शालीन व्यवहार करें। जिससे आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायत निस्तारण के लिए थानों पर आ सके। इस दौरान एएसपी राजेश पांडेय, सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### छात्रावास के लिए विकास भवन में करें आवेदन

**मूसानगर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ प्रज्ञाशंकर सिंह ने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालक) मूसानगर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के कक्षा नौ से स्नातकोत्तर तक की कक्षाओं में अध्यनरत छात्रों के लिए निशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध है। छात्रावास में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक छात्र किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन माती कक्ष संख्या 106 में रोहन सिंह अधीक्षक राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# पंखा लगा रहे युवक की करंट से गई जान

संवाददाता, शिवली

- छतेनी गांव में देर रात हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम


जितेंद्र कुमार।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के छतेनी गांव में रात को टेबुल फैन लगाते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजन उसे अकबरपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के छतेनी गांव निवासी जितेंद्र कुमार (32) सोमवार की देर शाम घर में गर्मी व उमस के चलते टेबुल फैन लगाने लगा। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मां सुरजा देवी व पत्नी मीना देवी के शोर मचाने पर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और जितेंद्र को इलाज के लिए अकबरपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत बताया। मृतक की मां, पत्नी, पुत्री लक्ष्मी, वैष्णवी, अंशिका समेत अन्य परिजन रोने-बिलखने लगे। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी जितेंद्र तिवारी ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने शव का खेरेश्वर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि युवक की करंट की चपेट में आकर मौत हुई है।

**मुसीबत** — पुखरायां में घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे लोग

# आधार कार्ड बनवाने को बैंक में उमड़ी भीड़

संवाददाता, राजपुर


मंगलवार को आधार कार्ड बनवाने के लिए बैंक में लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के लिए लोगों की बैंक शाखाओं में भीड़ उमड़ पड़ी। लोग भीषण गर्मी में घंटों लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर रहे। ऐसे में कई बार अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

मंगलवार को पुखरायां की बैंक शाखाओं में बड़ी संख्या लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर अफरा-तफरी मच गई। पूरे दिन इंतजार के बाद सैकड़ों लोगों के आधार कार्ड बन सके। जबकि कई लोगों को मायूस होकर मायूस होकर लौटना पड़ा। बता दें कि राशन कार्डो में जुड़ी यूनिट में ई-केवाईसी करने के लिए आधार अपडेट करना जरूरी है। ऐसे में आधार कार्ड में संसोधन और आधार अपडेट कराने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष अपने बच्चों को लेकर बैंक शाखाओं में चक्कर लगा रहे हैं।

पुखरायां स्थित बैंक आफ बड़ौदा व बड़ौदा ग्रामीण बैंक में मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर बैंकिंग कार्य प्रभावित रहा। इधर आधार कार्ड अपडेट कराने आए लोग भी मासूम होकर लौट गए।

भीड़ में शामिल शाहजहांपुर गांव के गुडडू, अमरौधा के विनय, टयोगा के हरि, दोहरापुर के राजू, मूसानगर के रामसजीवन, जलालपुर के सानू आदि ने बताया कि आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट अपडेट कराने आए थे। लेकिन घंटों कतार में खड़े होने के बाद आधार कार्ड अपडेट नहीं हो सका। मजबूरन वापस लौटना पड़ा। इस बावत भोगनीपुर उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बैंक में अधिक भीड़ होने की शिकायत मिली है। पुलिस कर्मियों को बैंक में सुरक्षा के लिए निर्देशित किया जाएगा। लोगों को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी।

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** मंगलवार की सुबह पेड़ से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। राधा नगर थाना क्षेत्र के झाऊपुर गांव निवासी स्व. जिगजोधन का पुत्र रामचंद्र मंगलवार की सुबह पेड़ में चढ़कर कटहल तोड़ रहा था तभी अचानक पैर फिसल जाने से सिर के बल गिरकर घायल हो गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### खंती में गिरकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के झलाहा भटहा नहर पटरी के पास ट्रैक्टर से बचकर पीछे हटा एक अधेड़ खंती में गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कंधरा गांव निवासी स्व. महादेव का पुत्र नरेश की ससुराल मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा गांव है। वह किसी काम से रिश्तेदारी में गया था। लौटते समय जब वह झलाहा भटहा के समीप नहर पटरी से घर आ रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बचने के चक्कर में वह खंती में जा गिरा। आस-पास के लोगों ने घायल अधेड़ को तत्काल सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दीवार गिरने से दबकर महिला घायल

**बिन्दकी।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कनेरी गांव निवासी धनराज की पत्नी सुनीता देवी घर के पास बने तबेले में मवेशियों को चारा डालने गयी थी और चार डालकर गोबर भरने लगी। तभी कच्ची दीवार अचानक महिला के ऊपर गिर गयी। जिससे महिला मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### जहरीले कीड़े ने काटा

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के घरही खेड़ा गांव निवासी कैलाश पुत्र स्व मेवालाल अपने खेतों में काम करने गया था। काम करते समय युवक को जहरीले कीड़ा ने काट लिया। युवक को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

## ललौली थाना क्षेत्र की घटना, आरोप पुलिस ने नकारा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, बहुआ

**अमृत विचार।** एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने परिजनों पर पति को पीट पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार हत्या का आरोप गलत लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ कुछ साफ हो जायेगा।

ललौली थाना क्षेत्र के अढावला गांव के मजरे गधुवा का डेरा के रहने वाले रामरूप निषाद (32) का घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह पत्नी राजरानी ने आरोप लगाया कि पति का ससुर और परिवार के अन्य लोगों से विवाद चल रहा था। उसी को लेकर रात में पीट पीटकर हत्या कर दिया है। पत्नी ने कहा कि उसकी एक बेटी काजल और एक बेटा काव्यांश है। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि एक युवक की मौत हुई है। पत्नी अपने ससुर और अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगा रही है। मृतक के आसपास जानकारी किया गया तो मालूम पड़ा कि मृतक राम रूप का पत्नी राजरानी से छह माह से किसी बात लेकर विवाद चल रहा था। कई दिनों बाद मृतक की पत्नी अपने मायके से आयी थी। मृतक शराब पीने का आदी था और रात में शराब पीने के बाद जब सो गया। जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण पता चलेगा।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

- थानाध्यक्ष ने कहा-जांच में पत्नी से ही छह माह से विवाद चलना पाया गया

# परिवारों का इसी माह किया जाएगा सर्वे

संवाददाता, धाता-फतेहपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा का अधिकार के तहत बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एवं शत प्रतिशत नामांकन के उद्देश्य से मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि माह जुलाई में ही सभी परिवारों का सर्वे किया जाएगा। जिससे नामांकन के लिए कोई भी बच्चा छूटने की गुंजाइश नहीं रह जाएगी। परिवार सर्वे का कार्य पूरा कर प्रेरणा पोर्टल पर विवरण दर्ज करें।

इस दौरान ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली निकल गई। जिसका शुभारंभ शिक्षा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य डा. बाबूलाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में प्राथमिक विद्यालय धाता प्रथम, द्वितीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों एवं विद्यायल के स्टाफ ने प्रतिभाग किया।



संबोधित करते खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार सिंह। अमृत विचार

रैली बीआरसी से कस्तूरबा विद्यालय, रावण मैदान, पुरानी बाजार होते हुए विद्यालयों के समस्त शिक्षक स्टाफ बच्चों के साथ स्लोगन और नारा लगाते हुए प्राथमिक विद्यालय धाता प्रथम पहुंचे। जहां खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन होना चाहिए। इसके लिए बुधवार को भी समूचे विकासखंड में अपने अपने विद्यालय में अध्यक्षों द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकाली जाएगी। इस मौके पर ओमचंद गुप्ता, सतीश चंद्र मिश्र, संगीता देवी शिक्षामित्र, धर्मराज सिंह, राजेंद्र प्रसाद सहायक अध्यापक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से रतन माला तिवारी, संध्या सिंह, मोनिका देवी एवं अनिल कुमार, बीआरसी से प्रमोद कुमार पांडेय, वेद नारायण द्विवेदी, अजय भारती, सतीश पांडेय, सुमन लता, योगेंद्र कुमार, कल्यान सिंह आदि रहे।

# विकास बाजार की भूमि पर अवैध निर्माण

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

- बिंदकी तहसील के ग्राम खदरा का मामला
- एसडीएम ने कराई जांच, निर्माण पर लगाई रोक

**अमृत विचार।** ग्राम खदरा में विकास बाजार की भूमि गाटा संख्या में कथित दबंगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत ग्राम प्रधान अखिलेश उर्फ पप्पू के करीब बीस लोगों को साथ लेकर एसडीएम बिन्दकी से की है। एसडीएम ने कानून-गो व लेखपाल को मौके पर जाकर अवैध कब्जा रुकवाने के निर्देश दिए और मौके की जांच के लिए तहसील की टीम को भी भेजा। राजस्व टीम पुलिस के साथ गांव खदरा पहुंची और हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाई। राजस्व टीम ने सरकारी भूमि विकास बाजार पर की गई शिकायत को सही पाया लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है।

तहसील बिन्दकी के ग्राम खदरा में यूं तो प्रत्येक गांवों में सरकारी जमीन हड़पने की होड़ लगी हुई है। जिसके भी आसपास कोई सरकारी जमीन का नम्बर है तो उस पर पूरा अधिकार जमाकर वो उस पर कब्जा कर लेता है। चाहे तालाब हो या विद्यालय। राजस्व विभाग का अवैध कब्जाधारकों में कोई भय इसलिए नहीं है क्योंकि लेखपाल ही इसके तरीके समझाकर बख्शीश प्राप्त करते हैं। इसीलिए गांवों में हो रहे अवैध कब्जों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।


खदरा के विकास बाजार की जमीन पर अवैध निर्माण। अमृत विचार

# बाइक सवार लुटेरों ने छीना महिला का मंगलसूत्र

**फतेहपुर।** नेशनल हाईवे पर एक महिला साधन का इंतजार कर रही थी। तभी तीन अज्ञात बाइक सवार लुटेरे आए और महिला के साथ मारपीट कर गले का मंगलसूत्र छीनकर मौके से भाग निकले। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर गांव निवासी सुनील देवी पत्नी रोहित कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के दिहुली गांव में मायके आई थी और फिर मां शीतला देवी का मेला देखने के लिए पाइप सेंटर दिहुली मोड़ के पास हाईवे में साधन का इंतजार अपने बच्चों के साथ कर रही थी। उसी समय बाइक सवार तीन लोग पहुंचे और महिला से मारपीट करते हुए महिला के गले का सोने का लॉकेट और कान में पहने हुए सोने के टप्स छीनकर भाग निकले। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### संस्कार व अनुशासन युक्त शिक्षा से जीवन में मिलती सफलता

**बिंदकी।** संस्कार व अनुशासन से युक्त शिक्षा से जीवन में हमेशा सफलता मिलती है। यह बात उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ने मंगलवार को नगर के लंका रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना समारोह में कही। उप जिला अधिकारी ने कालेज परिसर में पौधारोपण भी किया। जिला संयोजक अच्छे त्रिपाठी, प्रधानाचार्य बलराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मंदबुद्धि बालक को ले जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**फतेहपुर।** कबाड़ का काम करने वाला एक व्यक्ति एक मंदबुद्धि कम उम्र के बालक को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और नदी के पुल के नीचे पहुंचा। इस दौरान बालक के परिजन पीछा करते हुए वहां आ गए और ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। औंग थाना क्षेत्र के छिवली गांव निवासी मुंशी लाल का छोटा पुत्र अनुज कुमार दिमागी रूप से कमजोर है। सोमवार को गांव का ही ताम्रध्वज जो कबाड़ का काम करता है उसे अपने साथ बुलाकर ले गया। परिजनों ने जब उसे घर के पास नहीं देखा तो लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि वह ताम्रध्वज के साथ गया है। परिजन खोजबीन करते हुए गांव के पास पांडु नदी के पुल के नीचे पहुंचे जहां, ताम्रध्वज शराब पी रहा था और अनुज वहीं खड़ा था। यह देख परिजनों ने ताम्रध्वज को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने ताम्रध्वज को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया और अनुज के पिता ने थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर कल्यानपुर सुरेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

### आभूषण देखने के बहाने सोने की अंगूठी ले उड़े टप्पेबाज

**खागा।** खागा कस्बे के सराफा बाजार मोहल्ला स्थित एक दुकान से महिला समेत दो टप्पेबाज एक सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी सर्राफ ने पुलिस को सूचना दी है। खागा सराफा बाजार स्थित प्रिंस ज्वैलर्स की दुकान पर एक युवक के साथ बुजुर्ग महिला आभूषण लेने पहुंची। महिला ने तोड़िया, पायल, सोने की अंगूठी दिखाने की बात कही। सर्राफ पन्नालाल ने बताया कि उन्होंने सभी आभूषण दिखाने के लिए दे दिए। इसी दौरान महिला ने एक छह ग्राम वजनी सोने की अंगूठी जिसकी कीमत करीब 42 हजार रुपये थी, उसे चुरा ली। दोनों तेजी से बिना कुछ खरीदे दुकान से निकल गए। चोरी की आशंका पर सर्राफ ने दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। जिसमें घटना कैद हो चुकी थी। सराफ ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे डायल 112 पुलिस कर्मियों ने सीसीटीवी फुटेज को मोबाइल फोन पर रिकार्ड किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### दोआबा को हरा-भरा करने को जुटेंगे 26 से ज्यादा विभाग

**फतेहपुर।** मानसून के दस्तक देते ही वन विभाग की टीम पौधारोपण कराने के लिए मुस्तैद हो गई है। सात दिवसीय वन महोत्सव के अतिरिक्त विभाग 20 जुलाई से लाखों पौधे लगाने की रूपरेखा तैयार कर रहा है। ये बात अलग है कि पौधारोपण के बाद ज्यादातर विभाग देखभाल नहीं करते। इसलिए सभी जागरूकता पौधे लगाने तक सीमित रहती हैं। पिछले वित्तीय वर्ष की तरह इस बार भी वन विभाग समेत अन्य 26 विभाग 48 .53 लाख पौधे लगाएंगे। अन्य विभागों में सबसे ज्यादा ग्राम्य विकास विभाग पौधे लगाएगा। इसके लिए खुदाई का काम अंतिम दौर में हैं। वन विभाग ने पहले ही अपने लक्ष्य के अनुरूप खुदाई का काम पूरा कर लिया है। जुलाई के महीने से पौधे लगाने की शुरुआत करते हैं। जो अगस्त सितम्बर तक जारी रहती है। 20 जुलाई को वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री के संदेश के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम से सम्बधित कार्यक्रम की रूखरेखा बनाई जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने का संदेश दिया जाएगा।[र

**पर्यावरण शुद्ध करने में यह पौधे निभाएंगे भूमिका :** वन विभाग की 25 नर्सरी में शीशम, बबूल, आंवला, गूलर, गुलमोहर, कचनार, जामुन, अमरूद, टिकोमा, पाकड़, पीपल, अर्जन, बेल, इमली, सागौन, आम, पाकड़, बरगद आदि के पौधे हैं। जिन्हें जिले के अलग-अलग हिस्सों में लगाया जाएगा।

### डॉ. जकारिया की मनाई गई पुण्यतिथि

**फतेहपुर।** प्रसिद्ध विद्वान, पत्रकारिता के वैभव, राजनीति के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक नीति के नए स्वरूप, इस्लामी विषयों के आधिकारिक विद्वान डॉ रफीक जकारिया की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रान्तीय आहवान पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश किया और उनके सामाजिक, राजनैतिक, पत्रकारिता के क्षेत्र में तटस्थ भाव से किए गए कार्यों को याद किया गया। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक ने बताया कि लंदन विश्वविद्यालय से विशेष प्रतिष्ठा से डाक्ट्रेट की डिग्री हासिल की और छात्र जीवन में ही स्वतंत्रता संघर्ष में लोकतांत्रिक राष्ट्रवाद के समर्थक के रूप में आगे रहे। महाराष्ट्र राज्य की स्थापना के बाद हुए आम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से चुनाव मैदान में आए और शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला। औरंगाबाद का विस्तार पर्यटन, औद्योगिक और शिक्षा के क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक संस्थान स्थापित करने का काम किया।

# रंजिश में कुल्हाड़ी से किया हमला, हालत गंभीर

संवाददाता, राजपुर

- सट्टी क्षेत्र के जलालपुर गांव में सोमवार रात हुई घटना
- घायल को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर किया

**अमृत विचार:** सट्टी थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में पुरानी खुन्नस को लेकर युवक ने रात में अधेड़ के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को गम्भीर हालत में अकबरपुर से हैलट अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक है। पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर जान से मारने की धमकी देने और हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सट्टी थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी अनिल कुमार उर्फ महान चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के रवि उर्फ विकास राव बहन से अश्लील हरकतें करता था। इस संबंध में वर्ष 2019 में सट्टी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिससे रवि उर्फ विकास राव खुन्नस रखता था। रविवार को पिता छोटेलाल चौधरी खेत गए थे, जहां रवि उर्फ विकास से कहासुनी हो गई। इसके बाद छोटेलाल गांव के हुकुम सिंह के दरवाजे पर बैठे थे, तभी रात लगभग 8 बजे रवि उर्फ विकास राव ने उनके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े तो विकास भाग गया। घायल को परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां से गम्भीर हालत में अकबरपुर भेजा गया। वहां से कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुत्र अनिल कुमार उर्फ महान चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर में एक होटल के पास आरोपी रवि उर्फ विकास राव को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है, जिसे जेल भेज दिया गया।

# चोरी में युवक को दबोच ले गई गुजरात पुलिस

**फतेहपुर।** कुछ दिनों पहले रोजगार की तलाश में अहमदाबाद गए एक युवक को अमौली कस्बा स्थित उसके घर से गुजरात पुलिस पकड़कर ले गई। उस पर अहमदाबाद में जेवरात चोरी करने का आरोप है।

अमौली का रहने वाला एक युवक राजेश कुछ दिनों पहले अहमदाबाद रोजगार के सिलसिले में गया था और इसके बाद वहां से वापस आकर घर में रहने लगा। अहमदाबाद से पुलिस अमौली पहुंची और यहां कुछ ज्वैलर्स से बातचीत करने के बाद पुलिस ने युवक के घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर हथकड़ी लगाई और अपने साथ अहमदाबाद ले गई।

जानकारी के अनुसार युवक द्वारा अहमदाबाद में किसी के साथ टप्पेबाजी कर सोने व चांदी के जेवर पार कर दिए गए थे। स्थानीय पुलिस को इस छापेमारी के बारे में पता नहीं चला।

# बच्चों ने लगाए बकरी नहीं चराएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे के नारे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिले के सभी 13 विकास खंडों में चलाया गया स्कूल चलो अभियान
- हसवां ब्लाक के एक स्कूल में बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर रैली किया रवाना

**अमृत विचार।** बीएसए भारती त्रिपाठी ने एक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। शिक्षक एवं स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाल कर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक किया। बच्चों ने बकरी नहीं चराएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे, जैसे तमाम नारे लगाकर शिक्षा की अलख जगाई।

जिला समन्वयक अखिलेश सिंह ने बताया कि 28 जून से 15 जुलाई तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। 28 जून से अब तक करीब 6000 बच्चों को नामांकन कराया जा चुका है।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक छात्रों का नामांकन कराने का अभियान जोरों पर है। मंगलवार को जिले के सभी 13 ब्लाकों के विद्यालयों में अभियान का आगाज किया गया। परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या 2 लाख 20 हजार तक पहुंच गई है। स्कूल चलो अभियान लगातार जारी है। जुलाई माह में ही करीब छह हजार नए बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया जा चुका है।



स्कूल चलो अभियान रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करती बीएसए।

> अभियान के प्रति लगातार खंड शिक्षाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी जा रही है। जिन स्कूलों की नामांकन कम पाए जाएंगे। उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।
>
> -अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

**अंधविश्वास** चैन का पुरवा में हरिओम महाराज के दरबार में जुट रही भीड़

# पानी व लौंग से तकलीफों का अंत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** हाथरस में सिपाही से बाबा बने सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इसके बाद भी लोग बाबाओं के फेर में पड़े हुए हैं। कुछ इसी तरह का नजारा चैन का पुरवा गांव में हरिओम महाराज के मठ में देखने को मिल रहा है। यहां बोतल के पानी से हर बीमारी व समस्या के समाधान का दावा किया जाता है।

देवराहट थाना क्षेत्र के चैन का पुरवा गांव स्थित शक्तिपीठ में श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज का दावा कि एक बोतल पानी और लौंग के सहारे बीमार लोग ठीक हो रहे हैं। दुनिया के डॉक्टर किसी मरीज को जब ठीक नहीं कर पाते, तो वहां मिलने वाली 20 रुपये की एक बोतल पानी अमृत का काम करती है। यही नहीं जब किसी व्यक्ति पर भूतों का साया होता हैं तो बाबा उन्हें भी ठीक कर देते हैं। बाबा बताते हैं कि उनके अंदर मां काली की अलौकिक शक्तियां हैं। सप्ताह में दो दिन गद्दी लगती हैं, जहां गैर प्रांतों से हज़ारों लोग आते हैं। यहां पर वही लोग आते हैं, जिनको डॉक्टर उपचार करने से मना कर देते है। बाबा के पानी की बोतल से बुरी आत्माओं से भी छुटकारा मिलता है। यही नहीं, कई महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए बाबा के दरबार में माथा टेकने पहुंचीं। उन्हें भी बोतल बंद पानी देकर सूनी गोद भरने का वादा किया गया। हरिओम महाराज के दरबार में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक या पुलिस का कर्मचारी नहीं दिखा।


पानी की बोतल से लोगों का उपचार करते हरिओम महाराज। अमृत विचार

- हाथरस हादसे के बाद भी भीड़ नियंत्रित करने की नहीं परवाह

# जर्जर खारजा नहर व झींझक पुल पर भारी वाहनों पर रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पीडब्ल्यूडी ने बारिश में हादसे की आशंका को देखते हुए उठाया कदम

**अमृत विचार।** करीब डेढ़ दशक पुराने रूरा के खारजा नहर पुल व डिलवल-खानपुर झींझक मार्ग पर जर्जर नहर पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है।

रूरा-मिंडाकुआं मार्ग सिकंदरा-रसूलाबाद रोड से जुड़ा जिला मार्ग है और इस मार्ग पर रूरा कस्बा के करीब गुटैहा में खारजा नहर का जर्जर पुल है। पिछले दिनों पुल धंसने से रोकने के लिए नीचे की तरफ दीवार खड़ी की गई थी। रूरा में करीब डेढ़ सौ साल पुराना जर्जर नहर पुल है। भारी वाहनों से पुल के धंसने का खतरा रहेगा। वहीं डिलवन-खानपुर झींझक रेलवे स्टेशन मार्ग पर जर्जर नहर पुल है। इसपर भी भारी वाहनों का आवागमन रोका गया है। भारी वाहनों की आवाजाही के लिए रूट डायवर्जन भी किया गया है। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन देवेंद्र कुमार ने बताया कि डिलवल-खानपुर झींझक रेलवे स्टेशन मार्ग पर किमी 4 पर जर्जर पुल है। डेरापुर से झींझक रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाले भारी वाहन गौरी गांव से होकर राज्यमार्ग पर निकाले जाएंगे। वहीं डिलवल से आने वाले भारी वाहन राज्यमार्ग से मंगलपुर होकर खानपुर, प्रयागपुर, जगदीशपुर होकर डेरापुर की तरफ जाएंगे। इसी तरह रूरा-मिंडाकुआं मार्ग पर गुटैहा में किमी 2 पर पुल जर्जर है। जिसके चलते रसूलाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन बनीपारा जिनई से सिठमरा होकर चिलौली होते हुए डेरापुर मार्ग पर निकाले जाएंगे। जबकि रूरा की ओर से रसूलाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन रूरा-शिवली मार्ग से होकर रसूलाबाद निकलेंगे।

# पहली बारिश में बहा लाखों से बना नाला

संवाददाता, किशनपुर

- नाला निर्माण में लगाई गई घटिया सामग्री की बारिश ने खोली पोल
- ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के मजरे बहियापुर गांव हुआ था निर्माण

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के मजरे बहियापुर गांव में लाखों रुपए की लागत से बना नाला पहली ही बारिश में बह गया। नाला बहने से निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री की पोल खुल गई। ठेकेदार द्वारा मोटी रकम बचाने के चक्कर में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर लीपापोती की गई थी।

विजयीपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के मजरे बहियापुर गांव में जल निकासी के लिए जिला पंचायत के कोटे से नाला निर्माण कराया गया। नाला का निर्माण कार्य बब्बू पाण्डेय के घर के पास से गांव के बाहर तक हुआ। जिसकी लम्बाई करीब दो सौ मीटर के आस पास है। नाला निर्माण के छह महीने के अंदर ही लाखों रुपए की लागत से बना नाला टूटकर बिखर गया। नाला निर्माण दौरान मानक को दरकिनार कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। जो साल की पहली बारिश को भी नहीं झेल पाया और टूटकर बह गया। एक जुलाई को हुई झमाझम बारिश से बनाया गया नाला टूट गया। जिसमें अब सवाल पैदा हो रहे हैं कि आखिर नाला निर्माण कौन सी सामग्री से हुआ कि छह महीने के अंदर टूट कर बिखर गया। ग्रामीणों ने बताया कि नाला निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा मोटी रकम बचानें के चक्कर में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर लीपापोती कर दी गई। जिससे नाला टूटकर बिखर गया।

वहीं मामले में जिला पंचायत के अवर अभियंता ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचकर जांच की जाएगी। यदि मानक को दरकिनार कर निर्माण कार्य हुआ है तो कार्यवाही की जाएगी।


नाले की हालत। अमृत विचार

# ऑनलाइन हाजिरी धड़ाम, शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

## पहले दिन 17 शिक्षकों ने ही लगाई थी हाजिरी, दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी, प्रार्थना सभा की फोटो नहीं भेजी गई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी लगाना और प्रार्थनासभा के दौरान फोटो भेजने का फरमान दूसरे दिन मंगलवार को भी धड़ाम रहा। जिले भर में बेसिक शिक्षा विभाग में 2126 स्कूलों में करीब 9500 शिक्षक हैं। इनमें से पहले दिन मात्र 17 शिक्षकों ने ही आनलाइन हाजिरी लगाई। दूसरे दिन भी शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों का विरोध जारी रहा। शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री विजय त्रिपाठी ने कहा कि टैबलेट डिजिटलाइजेशन के मुद्दे पर गत दिनों में प्रत्येक बीआरसी कार्यालय पर एकत्रित होकर शिक्षकों ने प्रस्ताव पास किया गया। मांग की कि टैबलेट डिजिटलाइजेशन से पूर्व शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराएं। वार्ता के बाद भी शिक्षको की विभिन्न समस्याओं का निराकरण अभी तक नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सम्मानित खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को भेजा गया था। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा रजिस्ट्री भी की गई थी लेकिन उस पर कोई भी कारवाई नहीं हुई।

हड़बड़ी में बिना शिक्षक समस्याओं का संज्ञान लिए बेसिक शिक्षा विभाग में सिर्फ शिक्षको के लिए ऑनलाइन अटेंडेंस का आदेश निर्गत किया गया। जबरदस्ती थोपे गए आदेश से शिक्षको में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को समस्त ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर संगठन के पदाधिकारियों ने आवश्यक बैठक की। जिसमें विरोध जारी रखने का निर्णय लिया गया।

### शासन की तरफ से नहीं हुई कार्रवाई

महामंत्री ने बताया कि शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार और परिस्थितिजन्य विलंब होने पर हाफ डे अवकाश की व्यवस्था दी जाए। लेकिन लगभग 8 महीने बीत जाने के बाद भी शासन द्वारा कोई ठोस करवाई नहीं हुई। शिक्षकों को आज भी यदि अन्य कार्यक्रमों के साथ साथ यदि खुद उनकी या उनके घर में शादी हो, या उनके घर में कोई कैजुअल्टी ही हो और उन्हें अवकाश की आवश्यकता हो, तो भी वे उसके लिए मेडिकल लीव लेने को बाध्य है। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों से आग्रह है कि शिक्षक को रोबोट समझने की बजाय उन्हें भी मनुष्य समझें और जायज मांगों का निराकरण करें।

### यह हैं शिक्षकों की मांगें

- अन्य विभागों की तरह हाफ डे लीव अवकाश का दिया जाए।
- राज्य कर्मचारियों की तरह 30 ईएल या महाविद्यालयों के शिक्षकों की भांति पीएल दिया जाए।
- अन्य विभागों की तरह प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाये।
- बीएसए को ऑनलाइन उपस्थिति में शिथिलता का अधिकार दिया जाये।
- सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए।

### यह हैं व्यवहारिक कठिनाइयां

- वाहन पंक्चर होने की स्थिति में कुछ देर होने पर एब्सेंट हो जायेंगे।
- बारिश में अंडर ग्राउंड ब्रिज पर पानी भरने रास्ता खराब होने की स्थिति में क्या समाधान होगा।
- मार्ग में एक्सीडेंट इत्यादि की स्थिति में ट्रैफिक जाम होने पर कुछ देरी हो जाने पर क्या करेंगे।
- विद्यालय में आकस्मिक बीमारी की स्थिति में वापसी की हाजिरी कैसे लगेगी।
- 9 से 3 के विद्यालय में वह बैंक इत्यादि के कार्य कब करेंगे, क्योंकि 3 .30 बजे पर क्लोज़िंग अटेंडेंस लगेगी और 4 बजे बैंक लेनदेन बंद कर देते हैं।
- गंगा-यमुना के दूरस्थ स्थानों पर नेटवर्क न मिलने पर हाजिरी कैसे लग पायेगी।
- फोन गुम हो जाने और नई सिम जारी होने तक अटेंडेंस कैसे दी जाएगी।
- ट्रेनिंग इत्यादि में होने पर अटेंडेंस कैसे जाएगी।

> अभी सिस्टम कुछ हैंग हो रहा है। धीरे-धीरे ऑनलाइन हाजिरी पटरी पर आ जाएगी। शासन के निर्देश को हर हाल में पूरा कराया जाएगा।
> –भारती त्रिपाठी, बीएसए

### पहले दिन 17 ने लगाई थी हाजिरी

आनलाइन हाजिरी के पहले दिन भारी विरोध के बीच जिले में कुल 17 शिक्षकों ने आनलाइन हाजिरी लगाई थी। शेष शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक आदि विरोध में रहे थे। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को भी शिक्षक विरोध में रहे। हाथ में काली पटटी बांध कर आनलाइन हाजिरी का विरोध किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने ऐलान किया कि जब तक सरकार हमारी मांगों को नहीं पूरा करती है तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोग व्याकुल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


धूप से बचाव करते स्कूटी सवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीते तीन दिन हुई बारिश के बाद मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली। मंगलवार को पारा सामान्य के करीब रहने के बाद भी बदली के बीच निकली धूप से उमस भरी गर्मी बढ़ गई। सुबह से ही लोग पसीना-पसीना होने को मजबूर हो गए। इसके साथ ही बिजली की अघोषित कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता बेचैन रहे।

मानसूनी बारिश के बाद भी उमसभरी गर्मी से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। सोमवार रात में पारा सामान्य से दो डिग्री नीचे गिरकर 24.5 डिग्री पर पहुंच गया। इसके बाद भी उमस बढ़ने से लोग बिस्तरों पर करवटें बदलते रहे। मंगलवार को बदली के साथ दिन शुरू हुआ। पूरे दिन आसमान में बदली व सूरज के बीच लुका छिपी जारी रही। जबकि बदली के बीच निकलने वाली धूप से लोग परेशान रहे। दोपहर में पारा सामान्य के करीब 34.4 डिग्री पर पहुंच गया। इसके साथ ही बदली की धूप से लोग बेचैन रहे।

धूप के कारण स्कूली बच्चे जहां छतरी लगाकर निकले, वहीं उमस भरी गर्मी लोगों को बेहाल किए रही। उमस भरी गर्मी से लोगों को न दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात को सुकून। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो अगले पांच दिन तक आसमान में बदली रहने के साथ ही तेज हवाएं जारी रहेंगी। जबकि 10 जुलाई तक गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

### बिजली कटौती ने परेशानी और बढ़ाई

बारिश के चलते फाल्टों के बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। दिन या रात में बिजली की कटौती होने से लोग उमस भरी गर्मी में पसीने से तरबतर रहे। गर्मी से परेशान लोग हाथ पंखों के सहारे गर्मी से निजात का प्रयास करते रहे। बिजली की ट्रिपिंग व लो वाल्टेज के कारण पंखे कूलर नहीं चलने से घरों में मौजूद लोगों को उमसभरी गर्मी से जूझना पड़ा।

### किसानों में भी बढ़ी चिंता

बारिश के बाद जहां धान की रोपाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं अब बारिश न होने से किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि जुलाई माह के पहले हफ्ते में ही धान रोपाई हो जाना चाहिए, लेकिन अच्छी बारिश नहीं होने से देर हो रही है। वहीं निजी नलकूपों से जिन खेतों में धान रोपाई हो चुकी है, उनमें सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से सूख रही है। जुलाई में इतनी गर्मी पड़ना, फसलों को प्रभावित होना तय है। वहीं किसान दलहनी तिलहनी खरीफ की फसलों की तैयारी का काम मौसम साफ होते ही फिर से शुरू हो गया। खेतों में जुताई आदि शुरू होने से चहल-पहल बढ़ गई। हालांकि सब्जियों लौकी, तरोई, टमाटर मिर्च की फसलों के नुकसान से किसान परेशान दिखे।

# नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से किया दुष्कर्म

संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट, तलाश जारी
- सदर कोतवाली क्षेत्र में रिश्तेदार ने की थी वारदात

**अमृत विचार।** नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से दुष्कर्म के बनाए वीडियो को वायरल करने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति से विवाद चल रहा है। विवाद के चलते मां के साथ मायके में रहती है। कौशांबी में रहने वाले रिश्तेदार शाकिर अली का घर आना-जाना था। वह पति से विवाद खत्म कराने का उसे और मां को भरोसा देकर करीबी हो गया। उसके घर में 11 जुलाई शाकिर रुका था।

उसकी मां डॉक्टर को दिखाने गई थी। मौका पाकर शाकिर ने खाने के सामान में नशीली दवा खिलाई। बेहोश होने पर दुष्कर्म किया। उसका वीडियो भी बना लिया।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने लगा। उसने मकान मालिक को भी वीडियो दिखाया है। रास्ते से जबरन गाड़ी में बैठा ले जाता है। दुष्कर्म के बाद छोड़कर चला जाता है। पीड़िता के अधिवक्ता शुभम गुप्ता ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले को गंभीर माना है। कोतवाली पुलिस को सात दिन में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू करने का आदेश दिया है।

# दो घरों में सेंध लगाकर चोरों ने नकदी-जेवर किया पार

संवाददाता, फतेहपुर


घर में बिखरा पड़ा सामान।

**अमृत विचार।** चोरों ने सोमवार की रात दो घरों में सेंध लगा दी और सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी चोरी कर ले गए।

थरियाव थाना क्षेत्र के मूसइपुर गांव निवासी चंद्रपाल पासवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पत्नी अंजली की दवा करवाने बहन के गांव चला गया था। घर मे छोटा भाई सुभम और पिता थे। सुबह देखा तो पीछे की दीवार में सेंध कटी थी। कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि एक जोड़ी सोने की झुमकी, हाफपेटी, पायल, सोने के बाला, बेसर, एक गले का हार समेत 15 सौ रुपये नगद चोरी हो गए। वहीं बगल में रहने वाले रामआसरे पासवान के घर मे चोरों ने सेंध काट कर चांदी की जंजीर, चांदी की अंगुठी चांदी के बाला, एक सोने की गले का माला चोरी कर ले गए।

# औचक निरीक्षण कर सीएमओ ने खंगाले दस्तावेज

संवाददाता, फतेहपुर

- परिसर की जलनिकासी के लिए दिए निर्देश
- अस्पताल में गंदगी देख बिफर पड़े सीएमओ


पीएचसी गोपालगंज का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. आरएन गिरि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालगंज की व्यवस्थाओं की सत्यता को परखने के लिए सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएन गिरि द्वारा लेबर रूम, स्टाक रजिस्टर, ओपीडी, औषधि कक्ष की व्यवस्थाओं के साथ साथ परिसर की साफ-सफाई व जल निकासी की व्यवस्था की सत्यता को परखा। उन्होंने पीएचसी के दस्तावेज भी खंगाल ओपीडी रजिस्टर में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के साथ प्रसव केंद्र के भर्ती रजिस्टर को भी जांचा। इस दौरान खुले में पड़ी दवाओं व अन्य उपचार सामग्रियों व कूड़े के ढेर में पड़े स्टॉक रजिस्टर को देख वह चिकित्साधीक्षक के ऊपर बिफर पड़े। उन्होंने अधीक्षक समेत स्टाफ कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने चिकित्साधीक्षक ब्रजेश सरोज को पूरे परिसर समेत सभी कक्षों की नियमित रूप से साफ सफाई कराये जाने समेत जल निकासी की व्यवस्था को सही कराये जाने समेत मरीजों के तीमारदारों को बाहर की दवाएं व जांचे हरगिज न लिखे जाने, बहुत ही आवश्यक होने पर बाहर की जांच व दवा आदि लिखे जाने अन्यथा अथवा शिकायत मिलने की दशा से सख्त विभागीय कार्यवाही के लिए चेताया।

साथ ही अस्पताल में तैनात डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित समय से तय समय तक अस्पताल में उपस्थित रह मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश भी दिये। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी गोपालगंज बृजेश सरोज, डॉ राजन, रामकुमार साहू फार्मासिस्ट, हिमांशु श्रीवास्तव मौजूद रहे।

**समस्या** अस्पताल से नहीं मिल रही सारी दवाइयां, खरीदना मजबूरी

# दमा व ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या बढ़ी

संवाददाता, फतेहपुर

- डॉक्टर तक पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लग रहा


जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पिछले कुछ दिनों से जहां बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। वही बुजुर्गों के लिए कुछ दिक्कतें बढ़ भी गई हैं। ओपीडी में ब्लड प्रेशर की दिक्कत और दमा की समस्या से परेशान मरीजों की संख्या में काफी तेजी से इजाफा हो रहा है।

उमस भरे मौसम में जिला अस्पताल की ओपीडी में सांस व ब्लड प्रेशर के मरीज पहुंच रहे हैं। जिसकी हकीकत ईएनटी विभाग और मेडिसिन विभाग में फिजिशियन डॉक्टर के पास देखने को मिल रही है। जहां पर मरीज को लाइन लगानी पड़ रही हैं। डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए एक घंटे से भी अधिक का समय खर्च करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को डॉक्टर वरीयता के आधार पर परामर्श भी दे रहे हैं।

### जन औषधि केंद्र पर पहुंच रहे मरीज, तीमारदार

जिला अस्पताल के दवा काउंटर पर मरीजों की मानें तो डॉक्टर परामर्श में पांच प्रकार की दवाएं लिखी गई है, तो उन्हें दवा काउंटर पर सिर्फ दो या तीन प्रकार की ही दवा मिल पाती हैं। शेष प्रकार की दवाएं जन औषधि केंद्र पर लेनी पड़ रही हैं। यही हाल दवा लेने पहुंचे रामकिशोर ने बताया कि उन्हें डॉक्टर ने सात प्रकार की दवाएं लेने के लिए परामर्श दिया। लेकिन दवा काउंटर पर पांच प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हो सकी। जबकि दो प्रकार की दवाएं उन्हें बाहर से लेनी पड़ी।

### ओपीडी में फर्श पर बैठे रहते हैं मरीज

जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों तीमारदारों को बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सरकार की तरफ से की गई है। जिसका बजट भी जिम्मेदार अफसर के खाते में मौजूद है। फिर भी मरीज के बैठने के लिए अभी तक कुर्सियां डलवाई नहीं जा सकी हैं।

> जिला अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हैं। फिर भी अगर कोई कमी है, तो उसे विषय की जानकारी करने के बाद उसे समस्या को दूर किया जाएगा। मरीज को बैठने के लिए जल्द ही कुर्सियां डलवाई जाएंगी।
> –डा. पीके सिंह, सीएमएस

# मधुमक्खियों के हमले से पांच लोग जख्मी

संवाददाता, असोथर

- ननिहाल आए मां व बच्चे निकले थे घूमने
- दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव में बच्चों के साथ मायके आई महिला पर जंगल घूमने जाते समय अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमखियों के हमले से पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां पर दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

असोथर थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव निवासी नरेश ने बताया कि उसकी बहन की ससुराल बस्तापुर गांव में है। बहन रीता अपने बच्चों प्रांशु, दीपा व सुनैना के साथ मायके घूमने आई थी। आज सुबह सभी लोग गांव में जंगल घूमने के लिए निकले थे तभी एक जगह पर मधुमक्खियों का झुंड अचानक उन लोगों के सामने आ गया और सभी लोगों को डंक मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया।

मधुमखियों के हमले से सभी जख्मी होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर गए। नरेश ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले से वह भी बुरी तरह घायल हो गया है। उसने बताया कि किसी तरह मधुमक्खियों से जान बचाकर वह गंभीर हालत में घर पहुंचे, जिसके बाद 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है, जहां पर उन लोगों का उपचार जारी है।

दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। ट्रामा सेंटर के डॉक्टर ने बताया कि मधुमक्खी के हमले में तीन महिला और दो बच्चियां घायल हुई हैं। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप


शहर में पड़ा गंदगी का ढेर। अमृत विचार

### कागजों में अभियान, डेंगू और मलेरिया फिर बरपाएगा कहर

**फतेहपुर।** जनपद में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए एक जुलाई से शुरू हुआ अभियान कागजों तक सीमित है। पिछले साल बीमारी प्रभावित रहे दो दर्जन् से अधिक संवेदनशील गांवों में सफाई व जल निकासी की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। अनदेखी से एकबार फिर जिले में डेंगू व मलेरिया के प्रकोप का खतरा बना हुआ है। बीमारियों की रोकथाम के लिए हर साल तीन बार संचारी रोग अभियान चलाया जाता है। लेकिन अभियान महज कागजों में सीमित रहने से डेंगू व मलेरिया का कहर हर साल जानलेवा बनता है। पिछले साल भी गंदगी व जलभराव की अनदेखी से जिले में 93 मलेरिया व 101 डेंगू पीड़ित मरीज पाए गए थे। जबकि डेंगू के लक्षण वाले कई लोगों की मौत हुई थी लेकिन मौत के आंकड़े सरकारी कागजों से गायब थे। इधर बीमारी पर नियंत्रण के लिए इस बार एक जुलाई से संचारी रोग अभियान शुरू किया गया है। इसमें बीमारी प्रभावित रहे संवेदनशील गांवों के साथ ही अन्य गांवों में भी ग्राम्यविकास, नगरनिकाय, पंचायतीराज, स्वच्छ भारत मिशन, सिचाई, जल निगम, पशुपालन व शिक्षा विभाग को साफ सफाई जल निकासी का प्रबंध, शुद्ध पेयजल व जागरूकता की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि स्वास्थ्य विभाग को इन विभागों से समन्वय बनाकर एंटी लार्वा व फागिंग आदि की गतिविधियां संचालित करानी है। लेकिन आठ दिन बीतने के बाद भी अभियान कागजों में सीमित है। गांवों में बजबजाती नालियां व घरों के सामने जमा कूड़े के ढेर बीमारी को दावत दे रहे हैं। जबकि जिम्मेदार नगरीय क्षेत्र के साथ ही चुनिंदा गांवों की नाली सफाई की फोटो भेजकर अपने कर्तब्य की इतिश्री किए हैं।


महापुरुषों के चित्र को माला पहनाते अभाविप के कार्यकर्ता।

### धूमधाम से मनाया गया अभाविप का 76वां स्थापना दिवस

**फतेहपुर।** असोथर नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई द्वारा 76वां स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। नगर के असोथर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में एक दर्जन फल व छायादार पौधों को रोपित किया गया। विद्यालय के छात्रों के मध्य एक संगोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 1949 में तत्कालीन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता बलराज मधोक द्वारा राष्ट्र के भविष्य निर्माण को लेकर किया गया था। नगर अध्यक्ष विनीत तिवारी बॉबी द्वारा एबीवीपी के इतिहास विकास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम समापन व प्रारंभ बच्चों द्वारा भारत माता की जय का उद्घोष किया गया। बाद में विद्यालय परिसर में बेल, कदम, चितवन के एक दर्जन पौधरोपण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों, विद्यालय परिवार व छात्र छात्राओं द्वारा किया गया। इस मौके पर एपीएस स्कूल के प्रबंधक आदित्य अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य आशीष द्विवेदी, एवीबीपी नगर मंत्री आर्यन तिवारी, नगर सह मंत्री प्रतीक शुक्ल, वैभव प्रताप सिंह, आर्यन मिश्रा, मनीष राज सविता आदि मौजूद रहे।

### कुल्हाड़ी से की थी भाई की हत्या

**फतेहपुर।** कटीली झाड़ियों को हटाने के विवाद को लेकर कुल्हाड़ी से बड़े भाई की हत्या करने वाली सत्य नारायण को अब तक कल्यानपुर पुलिस खोज नहीं सकी है। हालांकि पुलिस ने मृतक की वृद्ध व बीमार मां की देखरेख की व्यवस्था कर दी है और उसके बच्चों की देखरेख का जिम्मा फतेहपुर की एनजीओ ने लिया है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी गांव के बाहर बाग में तिरपाल डालकर रहने वाले जीतेंद्र पटवा की उसके छोटे भाई सत्य नारायण ने शनिवार की रात कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। जीतेंद्र की मौत से उसका पुत्र दीपांशु व बेटी पलक अनाथ हो गए है और उसकी वृद्ध मां की देखरेख करने वाला भी कोई नहीं बचा है। फतेहपुर की एनजीओ इमर्जिंग फाउंडेशन इंडिया के संचालक हिमांशु कल्यानपुर पहुंचे और दीपांशु व पलक को जरूरी औचपारिकता पूरी करते हुए अपने साथ ले गई। पुलिस द्वारा वृद्धा की देखरेख की व्यवस्था की गई, वृद्धा की कमर में फ्रैक्चर है और वह चल फिर नहीं सकती है। जबकि आरोपी सत्य नारायण को कल्यानपुर पुलिस अब तक नहीं खोज सकी है।

### गर्मी से बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के जद्दूपुर गांव निवासी छेदा लाल (65) में खेती किसानी करता था। परजिनों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को मेढ़ापाटी से रिश्तेदारी की बारात कर घर वापस आते समय फिरोजपुर गांव के पास कारखाने के आगे अचानक साइकिल से गिर गया। जिसकी उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि गर्मी व भारी उमस के चलते उनकी मौत हुई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# शिक्षक एकजुट...अफसर असहाय नहीं लगाई ऑनलाइन हाजिरी

## जिले में चेहरा दिखाकर उपस्थिति दर्ज कराने का प्रतिशत दूसरे दिन रहा शून्य

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में चेहरा दिखाकर ऑनलाइन हाजिरी लगाने के खिलाफ सभी शिक्षक लामबंद हो गए हैं। दूसरे दिन मंगलवार को एक भी अध्यापक ने डिजिटल उपस्थिति नहीं दर्ज कराई। आठ जुलाई को पहले दिन 72 अध्यापकों ने टैबलेट में अपना फेस दिखाकर हाजिरी भरी थी।

जिले के 1006 प्राथमिक और 194 कंपोजिट स्कूलों में 2291 प्रधानाध्यापकों व अध्यापकों को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से टैबलेट व दो महीने के रिचार्ज के साथ सिमकार्ड दिए गए हैं। ऑनलाइन हाजिरी का नियम लागू होने के पहले दिन दोपहर को स्कूल की छुट्टी के समय सुबह के सापेक्ष संख्या घटकर 21 हो गई थी। हालांकि दूसरे दिन सभी संगठन व अध्यापक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के खिलाफ एकजुट दिखे। बेसिक शिक्षा कार्यालय के मुताबिक जिले के 1459 परिषदीय स्कूलों में 6610 शिक्षक तैनात हैं। इसमें जूनियर विद्यालयों के भी अध्यापक शामिल हैं। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि कई अध्यापकों को सिम समय से नहीं मिल सके। जिले में ऐसे भी कई अध्यापक हैं जिन्होंने विरोध के चलते सिमकार्ड को टैबलेट में नहीं डाला। कुछ विद्यालयों में नेटवर्क की भी समस्या शिक्षक बता रहे हैं।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- 1006 प्राथमिक और 194 कंपोजिट स्कूलों में 2291 अध्यापकों को मिले टैबलेट

महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया ने बताया कि एकजुटता की वजह से दूसरे दिन प्रेरणा पोर्टल पर शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति का मामला फेल हो गया है। शिक्षामित्र हृदेश दुबे ने सभी शिक्षामित्रों को ऑनलाइन हाजिरी न लगाने के लिए कहा है।

### सयुस ने की आदेश को खत्म करने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को दिए ज्ञापन में महानिदेशक शिक्षा उत्तर प्रदेश के 5 जुलाई के ऑनलाइन शिक्षक हाजिरी के निर्देश को निरस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि महानिदेशक शिक्षा, उत्तर प्रदेश ने सभी 12 रजिस्टर डिजिटल रूप से बनाना पूर्णतया अनुचित और अव्यवहारिक है। शिक्षको द्वारा बार-बार मोबाइल पर कार्य करने से अभिभावकों में शिक्षकों के प्रति गलत संदेश जा सकता है। पदाधिकारियों ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से आदेश को निरस्त करने की मांग की है। इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव राशिद फारुकी, संतोष गुप्ता, आजान इदरीसी, अवनीश कुमार, केशव, शाहिद मंसूरी, परवेज मंसूरी, सकील व अवनीश गुप्ता रहे। उन्होंने अपनी मांगों को भी पूरा करने की बात कही है।

## संचारी रोग से बचने को इलाकों की सफाई जरूरी

**कन्नौज।** डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद ने सभी एडीओ पंचायत को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि दिमागी बुखार व विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जो जिन कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है वह अच्छी तरह से पूरी की जाए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान पहली से 31 जुलाई तक और दस्तक अभियान का दूसरा चरण 11 से 31 जुलाई तक चलेगा। प्रधान को अभियान के लिए अपने इलाके का नोडल बनाया गया है। गांव की निगरानी समितियों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई, घर से जल निकासी के लिए जनजागरण कराया जाए। उथले हैंड पंप को लाल रंग से चिह्नित किया जाए, इससे लोग उसका प्रयोग नहीं कर सकेंगे। खराब इंडिया मार्क-2 हैंडपंपों की मरम्मत, क्रियाशील रखना व चारो ओर पक्का चबूतरा बनाया जाए। मनरेगा फंड से एंटीलार्वल का छिड़काव कराया जाए। मच्छरों के प्रजनन की समस्याओं को रोकने के लिए पक्की सड़कों का निर्माण कराया जाए। जलभराव न होने पाए। झाड़ियां काट दी जाएं।

# डिजिटल उपस्थिति को लेकर कल से शुरू होगा हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- 13 जुलाई को प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की होगी बैठक
- सभी अधिकारियों, कर्मियों पर भी एक साथ ऑनलाइन हाजिरी लागू करने की मांग

**अमृत विचार।** डिजिटल उपस्थिति को लेकर शिक्षकों में रोष है। इसको लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक तालग्राम कार्य समिति व संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति तय की।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में संघ की बैठक हुई। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बैठक में कहा कि जब तक अध्यापकों की अवकाश संबंधी जायज मांगे पूरी नहीं हो जातीं और डिजिटल उपस्थिति को व्यवहारिक नहीं बनाया जाता तब तक विरोध जारी रहेगा।

शिक्षक सेवा नियमावली में डिजिटल उपस्थिति का कहीं भी उल्लेख नहीं है इसलिए यह अस्वीकार है। मंत्री सोनपाल ने कहा कि 11 व 12 जुलाई को डिजिटल उपस्थिति के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। 13 जुलाई को जिला कार्यकारिणी की बैठक कन्नौज में होगी। जिला उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह तथा जिला संगठन मंत्री नजर नियाजी ने कहा कि आदेश पूर्णता अव्यवहारिक है। प्रदेश के सभी कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षकों तथा पूरी सरकारी मशीनरी पर डिजिटल उपस्थिति का आदेश एक साथ लागू होना चाहिए। सिर्फ शिक्षकों पर यह व्यवस्था थोपी नहीं जानी चाहिए। अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस आदेश से अलग रखा गया है। इस दौरान संघ के पदाधिकारी बख्तियार, अनुज बाजपेई, तस्लीम अहमद, जितेंद्र श्रीवास्तव, संघर्ष समिति अध्यक्ष अली हसन, कौशल कुमार, सौरभ कुमार, सत्य प्रकाश, विजय पटेल, सत्य प्रकाश राजपूत, मो. जाबिर, अनुराग कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, अमित कुमार, अंकित कटियार सहित अन्य शिक्षक संघ और कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक कर रणनीति तय करते परिषदीय विद्यालय के शिक्षक।

# अलग-अलग घटनाओं में पांच घायल

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम इस्मालपुर निवासी सलमा बेगम पुत्री जुल्फिकार ने बताया कि 08 जुलाई की रात लगभग 08 बजे वह दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव के अमजद, अमीरुल, समीर पुत्रगण चांद मोहम्मद, सीमा पत्नी चांद मोहम्मद ने रंजिश को लेकर दरवाजे आकर गालीगलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ला किदबई नगर निवासी ऋषभ गुप्ता पुत्र श्याम किशोर गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सोमवार की दोपहर 02 बजे दरवाजे पर बैठा था। तभी मोहल्ले के वीरेंद्र गुप्ता पुत्र केशव गुप्ता ने विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम हजरतपुर निवासी पुष्पा देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि रंजिश को लेकर सोमवार को गांव के करन पुत्र गंगा चरण, उषा पत्नी करण, मुस्कान, गुड्डी दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। एक अन्य मामले में ग्राम ऊंचा निवासी पिंकू पुत्र बालक राम ने बताया कि सोमवार की रात उसके पड़ोस में शादी थी। इसमें आये बारातियों ने शराब के नशे में उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

- सभी घटनाओं में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

इसी तरह से नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी शशि देवी पत्नी राजीव कुमार ने बताया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। सोमवार की रात भी गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी।

### कांस्टेबल ने दुकानदार से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोबाइल रिचार्ज को लेकर कांस्टेबल ने दुकानदार के साथ मारपीट की और घायल कर दिया। ग्राम पांडेयपुर्वा निवासी चेतन पांडे पुत्र दिनेश पांडे ने बताया कि उसकी ग्राम जसोदा में मोबाइल की दुकान है। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे ग्राम जसोदा निवासी कांस्टेबल बासिद अली पुत्र बाबुद्दीन मोबाइल रिचार्ज कराने आए। रिचार्ज के विवाद में गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

## एसडीएम बदलने से अधिवक्ताओं का धरना समाप्त

**कन्नौज।** तहसील सदर में एसडीएम के हटने के बाद से अधिवक्ताओं का धरना व आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया। संयुक्त जिला राजस्व अधिवक्ता मंच ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर एसडीएम न्यायालय के बाहर दो दिन से धरना शुरू कर दिया था। जिला लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पांडेय ने बताया कि एसडीएम सदर अविनाश गौतम का छिबरामऊ न्यायिक एसडीएम पद पर तबादला हो गया। तहसीलदार रामशंकर का गैरजनपद पहले ही स्थानांतरण हो चुका है इस वजह से आंदोलन को विराम लगा दिया गया। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों ने भी सहयोग करने की मांग रखी थी। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता नाराज चल रहे थे।

# नाली, खड़ंजा, अन्ना मवेशियों की समस्या उठाई

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव में नाली, नाला, खड़ंजा और अन्ना पशुओं की समस्या को लेकर किसानों ने ब्लाक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष ने बीडीओ को सात सूत्री ज्ञापन सौंपकर समस्या के निस्तारण की मांग कर आंदोलन की चेतावनी दी।

सगंठन जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में मंगलवार को ब्लाक तालग्राम के तेराजाकेट स्थित कार्यालय परिसर में किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग की कि ग्राम जरामऊ अलमापुर में रघुनंदन के दरवाजे से संतराम के घर तक टूटे नाले, मानसिंह के घर से पुलिया तक नाली और संतराम के घर से जयसिंह के घर तक खड़ंजा निर्माण कराया जाए। इसी तरह अन्य मांगें रख निस्तारण की मांग की। इस दौरान जिला प्रवक्ता डॉ. आरके कटियार, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, रिजवान अहमद, माहरूफ खान, साजिद हुसैन, इरशाद अली, मुईन अहमद, महेन्द्र प्रताप सिंह, रनवीर सिंह, शीलेन्द्र कुमार सक्सेना, ऋषि यादव, सत्यम प्रजापति, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी। अमृत विचार

- भाकियू टिकैत ने ब्लाक परिसर में किया प्रदर्शन

# एसबीएस में 20 जुलाई को इंप्रूवमेंट, कंपार्टमेंट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 15 व 16 जुलाई को प्रोजेक्ट आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा
- हाईस्कूल की परीक्षा सुबह 8 बजे, इंटर की दोपहर 2 बजे से

**अमृत विचार।** जिन छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल में इंप्रूवमेंट/ कंपार्टमेंट व इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, उसका कार्यक्रम घोषित हो गया है। जिले में 20 जुलाई को हाईस्कूल में इंप्रूवमेंट परीक्षा सुबह आठ से सवा 11 बजे तक होगी। इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा दोपहर दो से शाम सवा पांच बजे तक होगी।

यह जानकारी देते हुए डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थी परिषद की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउन लोड कर सकते हैं या प्रधानाचार्य से संपर्क कर ले सकते हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर इम्तिहान शुरू होने से 45 मिनट पहले पहुंचना होगा। इसके अलावा 15 व 16 जुलाई को हाईस्कूल में प्रोजेक्ट आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा/ आंतरिक मूल्यांकन और इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। इसके बाद प्रधानाचार्य आंतरिक मूल्यांकन के विषयवार अंक व प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्तांकों की सूची क्षेत्रीय कार्यालय में 19 जुलाई तक उपलब्ध करा देंगे।

# सहयोग से चलेगा बेसिक शिक्षा विभाग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सबके सहयोग से बेसिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी निभाई। कर्मियों ने भी बेहतर काम किया। पहला चार्ज हमेशा याद रहेगा। नए बीएसए का भी सभी कर्मचारी सहयोग करें। यह बात निवर्तमान बीएसए उपासना रानी वर्मा ने एक कार्यक्रम में कही।

मंगलवार को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों व शिक्षकों ने निवर्तमान बीएसए के अलावा नए बीएसए संदीप कुमार का फूलमालाओं व बुकें देकर स्वागत किया। राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय प्रयागराज में प्रधानाचार्य बनाई गईं उपासना रानी वर्मा ने कहा कि नए अधिकारी का भी पहले की तरह सहयोग करें। बीएसए ने कहा कि सबके सहयोग से विभाग बेहतर चलेगा। अब तक जनपद सूबे की रैंक में टॉप टेन में रहता था आगे टॉप पर लाने का प्रयास होगा। इस मौके पर वित्त एवं लेखाधिकारी आरिफ अशफाक, बीईओ विपिन कुमार, शिवेंद्र वर्मा, विश्वनाथ पाठक, आनंद द्विवेदी, सर्वेश यादव, बाबू विमल पांडेय, प्रदीप सक्सेना, अशोक, डीसी निर्माण पीयूष श्रीवास्तव, डीसी बालिका रोहित तिवारी, डीसी प्रशिक्षण गौरव दीक्षित, बृजेंद्र, अनिल पाल, विजय कटियार व राहुल कटियार मौजूद रहे।


पूर्व बीएसए उपासना रानी वर्मा का स्वागत करते बीईओ, साथ में बीएसए संदीप कुमार।

- जनपद को सूबे में पहली रैंक दिलाना होगी प्राथमिकता: संदीप कुमार

## विवेकानंद अवार्ड को करें अच्छे काम

**कन्नौज।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए विवेकानंद यूथ अवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) में पुरुष व महिला को दिया जाएगा। इसमें खेलकूद, सामाजिक पौधरोपण, परिवार कल्याण, अल्पबचत, रक्त दान, नशामुक्ति, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जल संरक्षण, जैविक खेती, सौरऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरुकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता आदि क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वालों को राज्य सरकार पुरस्कृत करेगी।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात मे महिला की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया।

थाना ठठिया के बहसोरा गांव निवासी नीलम (22) पत्नी मिलन की मंगलवार की सुबह हालत बिगड़ गई। इस पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले आए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ससुरालीजन उसका शव गांव लेकर चले गये। इसके बाद विवाहिता के मायके सूचना दी। मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया। मृतका की मां कुशमती ने आरोप लगाते कहा कि उसने अपनी पुत्री की शादी जून 2023 में की थी। सामर्थ्य के हिसाब से दहेज भी दिया था। बाइक वह नहीं दे सकी थी। इसकी मांग कर ससुरालीजन लगातार पिछले चार दिनों से पुत्री का उत्पीड़न कर रहे थे।

### महिला से मारपीट का उलाहना देने पर पति की धुनाई

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के डढियन गांव निवासी किरन पत्नी शैलेंद्र ने पुलिस को तहरीर में बताया कि वह 7 जून की शाम घर पर थी। तभी गांव का बंटी पुत्र छम्मीलाल घर पर आया और गाली देने लगा। विरोध किया तो मारपीट करने के साथ धमकी दी। पति घर आए तो उसने घटना बताई। पति उसके घर गए तो वहां बंटी के अलावा भूरा, दीपू ने पति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खेती किसानी** | वर्ष 2022-23 में 53,850 और 2023-24 में 53,997 हेक्टेयर में हुई फसल

# रकबा बढ़ने के बाद भी घट गया आलू का उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पिछले साल 20.40 तो इस साल 18.92 लाख मीट्रिक टन हुआ उत्पादन

**अमृत विचार।** जनपद में आलू फसल का रकवा बढ़ गया है लेकिन उत्पादन घट गया है। वर्ष 2022-23 में 53,850 हेक्टेयर रकवे में 20.40 लाख मीट्रिक टन आलू की पैदावार हुई थी तो वर्ष 2023-24 में 53,997 हेक्टेयर में आलू का उत्पादन 18.92 लाख मीट्रिक टन ही रहा। इस बार कम उत्पादन होने की वजह से वर्तमान में आलू की कीमतें पिछले साल की अपेक्षा दोगुनी से अधिक हैं।

पिछले साल जिले में कोल्ड स्टोरेज की संख्या 153 थी जो वर्तमान में बढ़कर 171 हो गए हैं। संख्या बढ़ने से भंडारण क्षमता भी बढ़ गई है। वर्ष 2022-23 में 16.20 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता से बढ़कर 18.65 लाख मीट्रिक टन हो गई है। हालांकि पिछले वर्ष शीतलयों में 16.15 लाख मीट्रिक टन आलू भंडारित हुआ था, उसके सापेक्ष इस साल 14.20 लाख मीट्रिक टन ही आलू शीतगृहों में रखा है।



कोल्ड स्टोरेज से निकासी इन दिनों तक वर्ष 2023 में करीब दो लाख मीट्रिक टन थी, जो अब करीब तीन लाख मीट्रिक टन है। प्रतिशत में इसे देखा जाए तो करीब 12 फीसदी पिछले साल और वर्तमान में 22 फीसदी से अधिक आलू की निकासी हो चुकी है।

### बाजार भाव का किसान उठाएं फायदा

डीएचओ सीपी अवस्थी का कहना है कि वर्तमान में आलू की कीमतें अच्छीं हैं इसलिए किसान इसका लाभ उठा सकते हैं। बाजार में फुटकर आलू 30 से 35 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है जो पिछले साल 15 रुपये ही था। वर्तमान में आलू का थोक भाव दो हजार रुपये से लेकर 2200 रुपये प्रति क्विंटल है। यह पिछले साल की अपेक्षा दोगुने से अधिक है। किसानों को 2023 में 900 रुपये प्रति क्विंटल ही मिला था। कीमतें अच्छी हैं इसलिए किसान शीतालयों से आलू निकासी बढ़ा सकते हैं।

### इस वजह से आई तेजी

बताया जा रहा है कि वर्तमान में आलू की मात्रा कम है। कोल्ड स्टोरेज में भंडारण भी पिछले साल के सापेक्ष कम है। मौसम में बदलाव की वजह से उत्पादन कम हुआ था, इस वजह से बाजार में आलू की कीमतें अधिक हैं। अंतिम समय में एक साथ आलू की निकासी होती है जिस वजह से कीमतें गिर जातीं हैं। इस वजह से किसानों को सलाह दी गई है कि निकासी शुरू कर दें।

## टावर से उपकरण हो गए चोरी

**तिर्वा, कन्नौज।** तेराजाकेट निवासी टावर टेक्निशियन किसनवीर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मोबाइल नेटवर्क के लिए सतौरा व सौसरी गांव में लगे टावर से उपकरण के साथ तार चोरी हो गए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अधिवक्ता को धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के इंदिरानगर निवासी आशीष दुबे पुत्र उपेंद्र दुबे तहसील में अधिवक्ता हैं। दो जुलाई की शाम वह अपने घर पर मौजूद थे।

तभी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

# छापेमारी की आड़ में व्यापारियों का शोषण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डीएम को दिया ज्ञापन
- प्लास्टिक व पॉलीथिन को लेकर चल रहा अभियान अधिकारी कर रहे उगाही

**अमृत विचार।** प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को लेकर छापामार अभियान चलाया जा रहा है, उससे छोटे व्यापारियों का शोषण हो रहा है। सरकार को चाहिए कि वह निर्माता कंपनियों से वार्ता करें और इसके उत्पादन पर रोक लगाएं। साथ ही निर्माण इकाइयों को कोई विकल्प भी बताएं, जिससे कि उनके व्यापार पर कोई असर न पड़े। मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राज शर्मा ने कलेक्ट्रेट में यह बात कही।

संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि कोरोना संकट काल के बाद से अभी तक व्यापारी वर्ग परेशान है और अपना व्यवसाय व्यवस्थित नहीं कर पाया है। जिला प्रशासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन को लेकर छापामार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें छोटे व्यापारियों व दुकानदारों का शोषण किया जा रहा है। उनका माल जब्त कर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन बनाने वाली कंपनियों के मालिकों से वार्ता करें और इसके निर्माण पर प्रतिबंध लगाएं। साथ ही इन कंपनियों को कोई दूसरा विकल्प दिया जाए, जिससे उनका व्यापार प्रभावित न हो। इस मौके पर जिला महामंत्री रमेश मल्होत्रा, जिला मंत्री संजीव पांडेय, जयंत प्रताप, संजीव पटेल, शोभित यादव, अजय शुक्ला, सुनील रहे।


डीएम से वार्ता करते भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### प्रभारी मंत्री आज जिले में करेंगी समीक्षा बैठक

**कन्नौज।** जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी आज यानि बुधवार को शहर में होंगी। दोपहर साढ़े 12 बजे वह निरीक्षण भवन में पहुंचेंगी। आधा घंटे बाद कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होंगी। उसके बाद पौधरोपण, गोशाला निरीक्षण व अन्य कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगी। इसका कार्यक्रम भी जारी हो गया है। दूसरी ओर चर्चा है कि ब्लॉक सदर क्षेत्र के उदैतापुर गांव में भी निरीक्षण वह चौपाल लग सकती है। इसको लेकर मंगलवार को पीडी रामऔतार सिंह व डीसी मनरेगा दिनेश चंद्र यादव ने गांव पहुंचकर तैयारियों को लेकर जायजा लिया। साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इससे पहले डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद ने मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता के उदैतापुर में निरीक्षण को लेकर पंचायत सहायक व ग्राम पंचायत सचिवों की ड्यूटी लगा चुके हैं।

### साइकिल की टक्कर से युवक घायल

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला हाजीगंज खुर्द निवासी मंगेश प्रताप अहेरवार पुत्र मेवालाल ने अभिषेक उर्फ तन्नू सैनी पुत्र सर्वोत्तम सैनी निवासी जटपुरा, सुशील सैनी निवासी सफदरगंज के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। 17 अक्टूबर 2022 को पन्नालाल भवन के निकट हाजीगंज में तेज रफ्तार से साइकिल चलाते हुए टक्कर मार दी। उसे जान से मार देने का प्रयास किया। इससे उसके हाथ व सिर में चोट लगी। उस समय आरोपियों ने इलाज कराने की बात कही। बाद में जब उसके घर गये तो सभी ने धमकी दी।

### राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 जून से शुरू हो गए हैं जो 15 जुलाई तक होंगे। उन्होंने बताया कि राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, सहायता प्राप्त संस्कृत, वित्तविहीन माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षक भारत सरकार के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### एसपी ने तीन चौकी प्रभारियों को दी तैनाती

**कन्नौज।** एसपी अमित कुमार आनंद ने क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह को गुरसहायगंज कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक बनाया है। कोतवाली छिबरामऊ में तैनात उपनिरीक्षक बृजपाल सिंह को बहबलपुर चौकी प्रभारी, राकेश प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी मेन बाजार छिबरामऊ, इंदरगढ़ थाने में तैनात उपनिरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय को महिला थाना, कोतवाली गुरसहायगंज में तैनात हेड कांस्टेबल अमरनाथ यादव को चौकी प्रभारी जहानगंज रोड छिबरामऊ बनाया गया है।

# ओवरलोडिंग थमी पर बारिश से बिजली संकट बरकरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दिन हो या रात होती रहती कटौती, ट्रिपिंग भी कर रही लोगों को परेशान

**अमृत विचार।** बिजली की हो रही ओवरलोडिंग से विभाग को फिलहाल निजात मिल गई है। लेकिन अब अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बारिश मुसीबत बन गई है। दिन हो या रात हर समय कटौती और ट्रिपिंग हो रही है। इससे उपभोक्ता भी भीषण उमस में परेशान हैं।

भीषण गर्मी में ओवरलोडिंग से उपभोक्ताओं को रुलाने बाली बिजली अब भी राहत नहीं दे पा रही है। बारिश होते ही बिजली काट दी जाती है। रात में भी कटौती की जा रही है। दिन के समय कई बार ट्रिपिंग होती है। कहीं पर फाल्ट हो गया तो एक से दो घंटे तक बिजली गुल रहती है। किसी की सूचना पर लाइनमैन पहुंचकर फाल्ट ठीक करता है। तब कहीं बिजली आती है। बारिश होने पर बिजली कटौती के संबंध में अधिकारी बताते हैं कि ऐसे में फाल्ट खतरा बना रहता है। इस लिये बारिश के शुरू होते ही बिजली काटनी पड़ती है।

बारिश बंद होने के बाद सप्लाई बहाल कर दी जाती है। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि बारिश होने व हवा चलने पर फाल्ट हो जाते हैं। बारिश बंद होने के बाद फाल्ट ठीक करा कर बिजली दी जाती है।

# तीन दिन में सवा मीटर बढ़ गया गंगा का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नरौरा बांध से छोड़ा गया ढाई लाख क्यूसेक से अधिक पानी
- कई जनपदों व प्रदेशों में बाढ़ से बढ़ रहा मेहंदीघाट में पानी

**अमृत विचार।** कई जनपदों व प्रदेशों में बाढ़ तबाही मचा रही है। इसका असर इत्रनगरी से गुजरी गंगा पर भी पड़ रहा है। तीन दिनों में करीब सवा मीटर जलस्तर बढ़ गया है। इस दौरान ढाई लाख क्यूसेक से अधिक पानी भी छोड़ा गया है।

कन्नौज जिले में भी गंगा हिलोरें मारने लगीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिनों से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा से हर रोज पानी छोड़ा जा रहा है। दूसरी ओर प्रदेश के बरेली, बलरामपुर, दिल्ली व उत्तराखंड के कई स्थानों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। भारी बारिश से नदियां उफना रहीं हैं।


मेहंदीघाट गंगा का बढ़ता जलस्तर। अमृत विचार

हालांकि जनपद में अभी इस तरह की स्थिति नहीं है। मेहंदीघाट के निकट रहने वाले किसान गोपाल तिवारी ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। तीन दिन में पानी अधिक बढ़ा है। उधर, एसडीएम सदर रामकेश का कहना है कि क्षेत्र में लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश कर्मियों को दिए गए हैं। ग्रामीण भी अलर्ट रहें। बताया कि कोई खतरे की बात नहीं है। जलस्तर चेतावनी बिंदु से भी नीचे है।

### गंगा के कुछ जरूरी तथ्य

- 124 .970 मीटर चेतावनी बिंदु
- 125 .970 मीटर खतरे का निशान
- 123 .540 मीटर वर्तमान जलस्तर

### इस तरह छोड़ा गया पानी व बढ़ा जलस्तर

- 07 जुलाई को 8,896 क्यूसेक, जलस्तर 122 .240 मीटर
- 08 जुलाई को 1,28,716 क्यूसेक, जलस्तर 122 .810 मीटर
- 09 जुलाई को 1,22,848 क्यूसेक, जलस्तर 123 .540 मीटर

# भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सुब्रत के खिलाफ खोला 'मोर्चा'

## पूर्व सांसद पर पूरे परिवार की हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप, डीएम से की कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद पूर्व सांसद सुब्रत पाठक पर उनकी ही पार्टी की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने डीएम से शिकायत कर पूर्व सांसद पर पूरे परिवार की हत्या करवाने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कई साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं, जिसके आधार पर डीएम ने जांच का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को प्रार्थनापत्र दिया। बताया कि सोमवार को पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने ग्राम चपुन्ना निवासी धर्मेंद्र उर्फ दिलीप त्रिपाठी, पति राहुल त्रिपाठी व देवर दीपक त्रिपाठी को भूमाफिया घोषित कराने के लिए पत्र दिया है। आरोप लगाया कि मतगणना से एक दिन पहले पूर्व सांसद उनके पैतृक गांव चपुन्ना गए और उनके राजनीतिक विरोधी जो शातिर अपराधी, गैंगस्टर एवं आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं, के घर जाकर ससुर की हत्या का षड्यंत्र रचा। इसके बाद एक कार्यकर्ता ने फोन कर ससुर को धमकी दी कि यदि भाजपा चपुन्ना बूथ हार गई तो इसका बदला लिया जाएगा। इसका ऑडियो उनके पास है।

नेहा ने मीडिया के सामने आरोप लगाया कि तीन शातिर गैंगस्टरों को पूर्व सांसद का संरक्षण प्राप्त है। इन लोगों ने ठठिया थाना क्षेत्र के एक शातिर शूटर को 20 लाख रुपये में पूरे परिवार की हत्या की सुपारी दी है। इन अपराधियों को एक बाइक समेत अत्याधुनिक असलहे दिए गए। 25 जून को इस बारे में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की थी। शूटर ने भी इस बात को स्वीकारा है।

नेहा ने बताया कि पूर्व सांसद उनके परिवार का नाम फर्रुखाबाद के माफिया डॉ. अनुपम दुबे से भी जोड़ रहे हैं और चपुन्ना में बने उनके गेस्ट हाउस को अवैध बता रहे हैं। वे सत्ता के दबाव में उनके पति व ससुर को भूमाफिया घोषित करवाकर गेस्ट हाउस पर बुलडोजर चलवाना चाहते हैं।

जब वह सांसद थे तो कई बार बैठकें और सभाएं कीं, तब गेस्ट हाउस अवैध नहीं था। जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पूर्व सांसद ने 50 लाख रुपये उनसे लिए थे, जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो वह रंजिश मानने लगे।


डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल से वार्ता करतीं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी।

### सुब्रत पर कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आमरण अनशन

नेहा व उनके पति राहुल त्रिपाठी ने मीडिया को बताया कि उन्होंने पूर्व सांसद के खिलाफ सभी साक्ष्य डीएम व एसपी को दिए हैं। उनके परिवार को फर्जी भूमाफिया घोषित करवाने का प्रयास किया जा रहा है तथा भाड़े के हत्यारों को सुपारी दी गई है। जिला पंचायत में भी पूर्व सांसद के इशारे पर व्यापक रूप से भ्रष्टाचार किया गया। यदि इसके बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह समर्थकों के साथ आमरण अनशन करेंगीं। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी शीर्ष पदाधिकारियों को दी गई है।

### गेस्ट हाउस अनुपम की मां के नाम : सुब्रत पाठक

पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने नेहा त्रिपाठी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया यह उनकी राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है। अधिकारियों से तथ्यहीन शिकायतें कर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। चपुन्ना में बना गेस्ट हाउस डॉ. अनुपम दुबे की मां कुसुमलता पत्नी महेश चंद्र दुबे के नाम है और फर्रुखाबाद जिले के अधिकारी कोर्ट के आदेश पर उनकी सभी संपत्तियों की जांच कर रहे हैं, जिसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। डीएम-एसपी सभी आरोपों की जांच कराएं और उसमें जो भी दोषी हो, उस पर कार्रवाई करें।


सुब्रत पाठक।

# कंटेनर में पीछे से घुसीं दो कारें चालक घायल

**सौरिख, कन्नौज।** लखनऊ से आगरा जा रहे कंटेनर में पीछे से आईं तेज रफ्तार कारें टकरा गईं। हादसे में एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने फंसे घायल चालक को निकाल कर राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

कंटेनर चालक विवेक पुत्र विशेष कुमार निवासी दिनेशपुर थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस लखनऊ से आगरा जा रहा था। सुबह 6 बजे के करीब थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 154 पर पीली पट्टी पर खड़ा कर दिया। इसी दौरान लखनऊ से आगरा जा रही कार जिसे बंटू पुत्र शब्बीर निवासी सराय ख्वाजा थाना शाहगंज जिला आगरा चला रहा था, उसके पीछे आ रही तेज रफ्तार कार जिसको विशाल पुत्र देवदत्त यादव निवासी बलुआ थाना बेलघाट जिला गोरखपुर चला रहा था ने कंटेनर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार कंटेनर में घुस गई और कार चालक बंटू गंभीर रूप से घायल हो गया। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार में फंसे चालक बाहर निकाला और यूपीडा की एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज में भर्ती कराकर घटना की सूचना परिजनों को दी। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से टोल प्लाजा पर खड़ा कर दिया गया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


दुर्घटना में युवक की मौत के बाद बिलखते परिजन व मौजूद लोग। अमृत विचार

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार टेलर की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- गांव वैसापुर से सिले हुए कपड़े लेकर लौटते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** पट्टी-मलिकापुर मार्ग पर अनियंत्रित लोडर की टक्कर से बाइक सवार टेलर की मौत हो गई। चालक मौके पर लोडर छोड़ कर फरार हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे जहां मौत की पुष्टि डॉक्टर ने की।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव नजरापुर पट्टी निवासी प्रिंस टेलर (31) पुत्र शरीफ टेलर मंगलवार की सुबह 10 बजे के करीब निकट के गांव वैसापुर एक कारीगर के पास पड़े सिले हुए कपड़े उठाने बाइक से गया था। 10:30 बजे कपड़े लेने के बाद बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह वैसापुर प्राइमरी स्कूल से कुछ आगे पहुंचा पट्टी गांव की ओर से तेज रफ्तार जा रहे लोडर ने टक्कर मार दी। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना के बाद चालक लोडर छोड़ कर भाग गया। उधर से निकल रहे लोगों के जानकारी देने पर परिजन व आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे गये। आनन फानन उसे उठा कर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी में डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।


प्रिंस टेलर।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर को कब्जे में ले लिया। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक के पिता शरीफ ने लोडर के अज्ञात चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में तहरीर दी है। युवक की शादी हो चुकी थी। पत्नी के अलावा उसका आठ साल का पुत्र व पांच साल की पुत्री है। वह कपड़ो की सिलाई कर परिवार का पालन पोषण करता था।

# दो पुलों के निर्माण के लिए शासन से मिला बजट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में पहले से निर्माणाधीन दो पुलों को पूरा करने के लिए शासन ने बजट स्वीकृत किया है और लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को काम शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार के अनु सचिव शिवकुमार ने पत्र जारी करते हुए बताया कि कानपुर मंडल के अंतर्गत जनपद कन्नौज में दो पुल निर्माणाधीन हैं, जिन्हें चालू कराने के लिए मुख्य अभियंता सेतु निगम द्वारा बजट की अपेक्षा की गई थी। इनमें जीटी रोड के किमी 331 से तिलपई मार्ग से मूसरि संपर्क मार्ग में आरसीसी पुलिया के निर्माण को 39.35 लाख रुपये तथा जीटी रोड से भुरजानी संपर्क मार्ग पर पुलिया के निर्माण कार्य के लिए 45.78 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि बजट मिलते ही दोनों पुलिया का निर्माण कार्यदायी संस्था के माध्यम से कराया जाएगा और पुलों को जल्द चालू कराया जाएगा।

# बिजली गिरने से दो लोग झुलसे

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे ग्राम सिंहपुर निवासी किसान राममोहन सिंह (47) अपने साथी मुन्नू सिंह (65) के साथ तालाब किनारे मवेशी चरा रहे थे, तभी बरसात से बचने के लिए दोनों तमियामऊ-गंगागंज गुरौली संपर्क मार्ग किनारे छाता लगाकर बैठे गए। इसी बीच अचानक गिरी आकाशीय ने दोनों को चपेट में ले लिया। इससे राममोहन सिंह की मौके पर मौत हो गई जबकि मुन्नू सिंह गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने मुन्नू सिंह को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# स्कूली वाहन में मिली खामी, एआरटीओ ने काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग ने स्कूलों में पहुंच कर बच्चों को लाने व ले जाने में लगे वाहन चेक किये। एक स्कूल में तीन वाहनों में मामूली खामी मिली। एआरटीओ ने एक वाहन का चालान काट दिया।

मंगलवार को विशेष अभियान के तहत एआरटीओ इज्या तिवारी, यात्री मालकर अधिकारी सुनीता सैनी व आरआई टेक्निकल जितेंद्र सिंह क्रिस्तु ज्योति स्कूल पहुंचे। यहां जांच में तीन वाहनों में मामूली खामी मिली उसे ठीक कराने के निर्देश दिये। एक वाहन का रजिस्ट्रेशन न होने पर एआरटीओ इज्या तिवारी ने चालान काट दिया। पांच वाहन चेक किये गये। इस के बाद परिवहन विभाग की टीम जेपीएस पहुंची और 12 वाहन चेक किये। कानपुर पब्लिक स्कूल में छुट्टी हो जाने से वाहनों पर बच्चे बैठ गये थे इसलिये चेक नहीं किया गया। कहा गया कि वह बुधवार को स्कूल पहुंच कर वाहनों की चेकिंग करेंगे। मालुम हो कि शासन से फरमान आने के बाद परिवहन विभाग ने सोमवार से स्कूली वाहनों की चेकिंग का विशेष चेकिंग अभियान चलाया है।


स्कूल में वाहनों की चेकिंग करती पीटीओ सुनीता सैनी व आरआई टेक्निकल जितेंद्र सिंह।

### नाबालिग के हाथ में स्टेयरिंग तो कटेगा चालान

**कन्नौज।** क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई की देखरेख में यातायात प्रभारी आफाक खां ने सुबह सात बजे से मकरंदनगर से फूलमती मंदिर चौराहे तक नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। कहा कि नाबालिग के हाथ में स्टेयरिंग मिली तो चालान कटेगा। चेकिंग में कई नाबालिग छात्र एवं छात्राएं बाइक, स्कूटर और ऑटो, ईरिक्शा चलाते हुए मिले। यातायात प्रभारी ने अभिभावकों से फोन बात की और चालान भी काटे। कई स्कूली वैन चेक कीं तो कई में मानक पूर्ण नहीं मिले। स्कूलों के वाहन चालक बिना यूनिफार्म के वाहन चलाते मिले। कई ऑटो, टेंपो में म्यूजिक बजता मिला जिस पर सिस्टम निकलवाया। यातायात प्रभारी अपनी टीम के साथ एसबीएस इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां पर छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

गड़बड़झाला | चार दिन पहले किया गया था काम, बारिश के बाद स्थिति जस की तस

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पैचवर्क का बह गया डामर, उखड़ी गिट्टी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अरबों रुपये की लागत से बना आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे भी 'जख्मी' हो गया है। गड्ढों को भरने के लिए किए गए पैचवर्क का डामर बरसात भी नहीं झेल पाया और बह गया। इससे गिट्टी उखड़ गई, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। तालग्राम से फगुहा तक कई गड्ढे हो गए हैं, जिनमें फंसकर या तो वाहन पलट जाते हैं या फिर डिवाइडर या रेलिंग से टकरा जाते हैं। एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था पैचवर्क के नाम पर केवल खानापूरी कर रही है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की मरम्मत तथा सुविधाओं के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने आरजीबीएल नाम की कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी है।

यह कंपनी एक्सप्रेस-वे के पैचवर्क समेत सभी टूटफूट को भी सही करती है। पिछले साल तक इस कंपनी ने सही काम किया, लेकिन अब गोलमाल किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण यह है कि तालग्राम कट किलोमीटर 172 से फगुहा कट 193 तक ट्रक-बस लेन में ओवरलोडेड वाहन चलने के कारण गड्ढे हो गए हैं, जिनसे आए दिन हादसे हो रहे हैं। कई जगह तो ट्रक व डंपरों के पहियों की लीक बन गई है, जिसमें छोटी गाड़ी पहुंच जाए तो बहकने लगती है।

आरजीबीएल के अधिकारियों ने सर्वे किया तो कई गड्ढे मिले। इसके बाद बीच-बीच में करीब तीन किमी तक लेन पर पैचवर्क किया गया। कंपनी ने डामर के साथ महीन गिट्टी बजरी की परत बिछाई। अगले दिन जब तेज बारिश हुई तो डामर बह गया और गिट्टी उखड़कर साइड में जमा हो गई। किमी 184 के पास तो भारी मात्रा में गिट्टी जमा है, जिन पर वाहन फिसल रहे हैं।


आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी 184 पर उखड़ी पड़ी गिट्टी। अमृत विचार

### रोजाना फिसलकर गिर रहे बाइक सवार

- एक्सप्रेस-वे पर गिट्टी फैली होने से बाइक सवार फिसल कर गिर रहे हैं। इटावा से लखनऊ जा रहे बाइक सवार मोहन पांडेय की बाइक मतौली अंडरपास के निकट फिसल गई, जिससे उनके चोटें आईं। इससे पहले ताहपुर निवासी रमाप्रकाश कनौजिया की बाइक भी गिट्टी की वजह से फिसल गई थी।
- किमी 184 के सामने हालत ज्यादा खराब, किसी भी दिन हो सकता हादसा

"बरसात के दिनों में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के नियमित मेंटीनेंस के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए गए हैं। यूपीडा द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। यदि कार्य की गुणवत्ता खराब मिली तो कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रद्युम्न कुमार मिश्रा, कार्य निरीक्षक – यूपीडा


अमरनाथ यात्रियों के साथ मौजूद समाजसेवी अशोक गुप्ता। अमृत विचार

# अमरनाथ से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर से अमरनाथ धाम गये 45 श्रद्धालुओं के मंगलवार की सुबह लौटने पर रामगंज स्थित नगर सीमा पर समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद सैकड़ों लोगों ने ढोले नगाड़ों व भक्तिगीतों के साथ सभी को जीटी रोड, तिर्वा रोड, फर्रूखाबाद, चकोर गली में भ्रमण कराया। इस दौरान जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। युवाओं ने अबीर गुलाल की होली खेल कर व भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और बम भोले और बाबा वर्फानी के गगनभेदी जयकारे लगाए। इस दौरान निर्मल किशोर गुप्ता, विजय प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, नवल गुप्ता, सभासद दीपक गुप्ता, भईयालाल दुबे, जीतू गुप्ता, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, रिषभ दीक्षित, रचित चौरसिया, पंकज रहे।

बुद्धौ कलुषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयान्नापसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# निरंतर प्रयास जरूरी

भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों 2030 (एसडीजी) के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। इसके बावजूद इसके 17 लक्ष्यों और 169 संबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। हाल में भारत में जारी एसडीजी की प्रगति रिपोर्ट डेटा आधारित प्रमाण पेश करती है। यह बताती है कि एसडीजी और उससे जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया में भारत की प्रगति मिलीजुली रही है। गौरतलब है कि सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा शिखर सम्मेलन में 193 सदस्य देशों ने सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा अपनाया, जो 1 जनवरी 2016 को लागू हुआ। एजेंडा का सार्वभौमिक सिद्धांत है 'किसी को पीछे न छोड़ें'। वैश्विक स्तर पर एसडीजी की सफलता निर्धारित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत वैश्विक समुदाय का छठा हिस्सा है। हमारी विकास संबंधी जरूरतें बहुत बड़ी हैं। भारत में लोगों को आधुनिक सुविधाओं और विकास के साधनों तक पहुंच के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ा है। हमने इस कार्य को अनुमान से पहले ही पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

सोमवार को न्यूयॉर्क में सतत विकास के लिए वर्ष 2024 के उच्च स्तरीय राजनैतिक मंच (एचएलपीएफ) में संयुक्त राष्ट्र की उप प्रमुख आमिना मोहम्मद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का लक्ष्य 2030 की समय सीमा में हासिल करने के लिए जरूरी प्रतिबद्धता और निवेश को तत्काल वास्तविकता में तब्दील करना होगा। एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में भारत सरकार की नीतियों का अहम योगदान है। इनमें स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटीज, प्रधानमंत्री जन धन योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। फिर भी भारत ने हाल के वर्षों में गरीबी उन्मूलन के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। बहुआयामी गरीबी में 9.89 प्रतिशत की कमी आई और यह वर्ष 2015-16 से 2019-21 के बीच घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई। कुल मिलाकर भारत तेज गति से बढ़ रहा है, वहीं वृद्धि के लाभ आबादी के एक बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेहतर होगा कि सरकार आने वाले वर्षों में तय लक्ष्य पाने के लिए उन क्षेत्रों पर जोर दे, जहां हम अभी पीछे हैं। इसके लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी तथा लोगों की खर्च योग्य आय बढ़ानी होगी। साथ ही अपने घरेलू संसाधनों के भीतर सर्वोत्तम संभव कार्य करने का प्रयास करने होंगे।

# फ्रांस चुनाव: हिंसा, नैतिक हार और गठबंधन सरकार


रंगनाथ सिंह
पत्रकार

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई।

इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया एक हफ्ते से सांसत में था। अब जाकर उसे राहत मिली है। इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया की अच्छी बात ये है कि अच्छे मौसम में वह 'निष्पक्ष' रहता है, लेकिन मौसम प्रतिकूल होते ही वह अपने पसंदीदा दल के सिर पर हार की तलवार लटकता देख, निष्पक्षता का केंचुल उतारकर उनके लिए परिष्कृत दुष्प्रचार शुरू कर देता है। पिछले एक हफ्ते से भारत में लोकप्रिय इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया दुबला हुआ जा रहा था कि 7 जुलाई के बाद फ्रांस में कहर आ जाएगा। फ्रांस में दो चरण में चुनाव होता है।

फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में जो पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी वही दूसरे दौर के चुनाव के बाद तीसरे स्थान पर पहुंचती दिख रही है। पहले चरण में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले दल दूसरे चरण के लिए आपस में मिल गए थे। उन्होंने जनता से अपील की थी कि जिस सीट पर जो उम्मीदवार पहले चरण के नंबर वन दल को हराता दिखे, उसे ही वोट दें। दूसरे चरण में पहले दल को हराने के लिए 200 से ज्यादा उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया। इतना सब करने के बावजूद सबसे बड़े चुनाव पूर्व गठबंधन को फ्रांस में बहुमत से कम मिलने का अनुमान है। याद रखें कि एक दल को नहीं, बल्कि कई दलों के गठबंधन को बहुमत से कम सीटें मिल रही हैं। बहुमत के लिए इस तरह की रस्साकशी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक है। उल्लेखनीय ये है कि फ्रांस का चुनाव भारत के चुनाव से तीन बिंदुओं पर मिलता दिख रहा है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। वे तीन बिंदु हैं- हिंसा "नैतिक हार" और गठबंधन सरकार।

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई। फ्रांस और हमारे बंगाल के बीच यह अद्भुत समानता है कि हार की आशंका और हार टलने की खुशी, दोनों स्थितियों में हिंसा हो जाती है। राहत की बात ये है कि बहुमत से सीट कम पाने के बाद भी फ्रांस में सबसे बड़े वामपंथी गठबंधन (जिसमें कई दल शामिल हैं) की 'नैतिक हार' नहीं होगी। बहुमत प्राप्त करना लोकतांत्रिक देशों की समस्या है। चीन, कतर और अफगानिस्तान में किसी को अल्पमत की तानाशाही से समस्या नहीं होती। जिन देशों में लोकतंत्र जितना मजबूत है, वहां किसी एक दल का बहुमत प्राप्त करना उतना कठिन है, क्योंकि वहां एक नहीं कई दल किसी न किसी इलाके या समुदाय के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं।

> 1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया।

इस समस्या के समाधान के लिए खास पदों पर ऐसी व्यवस्था की गई है, जिसमें कई चरण में चुनाव होते हैं ताकि अंतिम चरण में बस दो-तीन लोग बचे और जनता किसी एक को 50 प्रतिशत से ऊपर मत देने को बाध्य हो। चीन में अगर एक पार्टी की तानाशाही है तो अमेरिका में दो दलों की तानाशाही है। चीन और अमेरिका का पॉलिटिकल मॉडल उत्तरी कोरिया, ईरान और कतर जैसे देशों से बेहतर है, लेकिन भारत, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन का मॉडल अमेरिका और चीन से बेहतर है, जो बहुदलीय व्यवस्था को पोषण देता है। ये मॉडल यह मानकर नहीं चलता है कि कोई एक या दो दल ही, पूरे देश की बेहतरी के चौकीदार हैं। आजादी के खुमार से निकलने में भारत को करीब 45 साल लगे और 1989 में भारत में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। सबसे बड़े दल सरकार गठन से किनारा कर लिया। दूसरे बड़े दल ने तीसरे दल एवं अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन वह करीब 11 महीने में गिर गई। उसके बाद सबसे बड़े दल ने एक छोटे से धड़े को बाहर से समर्थन देकर उसकी सरकार बनवा दी। इस विडंबना को किसी विद्वान ने नैतिक संकट नहीं बताया कि जिस दल के खिलाफ बड़े दल ने चुनाव लड़ा था, उसकी ही सरकार बनवा दी गई। 1989 के चुनाव का संदेश साफ था कि सबसे बड़ा दल सरकार चलाएगा तभी वह 5 साल चलेगी नहीं तो ऐसे ही हर साल नया प्रधानमंत्री मिलेगा। दो साल में दो सरकार गिरने के बावजूद देश की जनता ने 1991 के चुनाव में खुद को देश का डिफाल्ट रूलर समझने वाले दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। 1991-92 के चुनाव में जिस दल को सबसे ज्यादा 244 सीटें मिलीं उसने बिना किसी गठबंधन के अगले 5 साल तक सरकार चलाई। संदेश साफ था कि या तो हमें बाहर से समर्थन दो या फिर पिछली बार की तरह 11 महीने वाले रेंटर पीएम के लिए तैयार रहो।

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया, जिसे महज 46 सीटों पर जीत मिली थी, जो कुल सीटों की 10 प्रतिशत भी नहीं था। यानी तकनीकी तौर पर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा पाने के लिए जरूरी 55 सीटों से भी कम सीट पाने वाले दल ने करीब दो साल देश में सरकार चलाई, लेकिन 11 महीने वाला पुराना रेंटर सिस्टम जारी रहा। इस पूरी कवायद को विद्वानों ने अनैतिक घोषित नहीं किया गया। इसे लोकतंत्र की माया या त्रिशंकु संसद बताया। 1998-1999 में जो दल सबसे बड़ा बनकर उभरा उसने बाहर से समर्थन के लेन-देन के रेंटल सिस्टम को नकारते हुए दो दशक पुराना नुस्खा नए एंगल से अपनाया। 1977 में कई दलों ने आपस में विलय कर लिया था तो इस बार उन्होंने विलय करने के बजाय गठबंधन बनाकर एक गुट बनाया। विद्वानों ने इसे भी अनैतिक नहीं माना और गठबंधन युग के आगाज की मुनादी करवा दी। सरकार छह साल चली। 1996 में जिस दूसरे बड़े दल ने 140 सीटें जीतकर सरकार नहीं बनाई थी उसी दल ने 2004 में महज 145 सीटें जीतकर सरकार बना ली। 1989 और 1996 में उसने साफ संदेश दे दिया था कि हमारा पीएम नहीं रहेगा तो 11 महीने का रेंटर पीएम सिस्टम सहना पड़ेगा। नतीजा ये हुआ कि महज सबसे बड़े दल ने महज 145 सीटों के साथ आराम से 5 साल गठबंधन सरकार चलाई, लेकिन किसी विद्वान ने इसे अनैतिक नहीं कहा। इसे गठबंधन युग का नया अध्याय कहा।

2004 में दूसरे बड़े दल को 138 सीटों पर जीत मिली थी यानी उसे सबसे बड़े दल से केवल 7 सीटें कम मिली थीं, लेकिन वे सात सीटें उन मौसरे भाइयों जैसी साबित हुईं, जिनमें 7 दिन पहले पैदा हुए भाई को आजीवन भैया कहना पड़ता है। दूसरा बड़ा दल अगले पांच साल तक भइया-भइया कहता रहा, लेकिन यह कभी न कह सका कि भइया आपकी नैतिक हार हुई है, आपकी सरकार अनैतिक है। दूसरा दल तो छोड़िए किसी बड़े विद्वान ने इस प्रक्रिया को अनैतिक घोषित नहीं किया, बल्कि गठबंधन को देशहित में बताया। 5 साल राज करने के बाद भी सत्ताधारी दल को 2009 में बहुमत से 66 सीटें कम मिलीं तो भी किसी ने नहीं कहा कि आपको अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला, इसलिए यह नैतिक हार है और जनता ने आपको नकार दिया है। किसी एक पार्टी को बहुमत न मिलने की भारत में पिछले 35 साल में किसी विद्वान ने 2024 से पहले "नैतिक पराजय" नहीं कहा था। जर्मनी, फ्रांस, कनाडा इत्यादि में गठबंधन सरकारें चल रही हैं, लेकिन किसी विद्वान ने वहां की सरकार को "नैतिक रूप से हारी हुई" सरकार नहीं कहा।

गठबंधन सरकार की नैतिकता के लिए पहले विद्वानों ने यह राय बनाई थी कि चुनाव परिणाम आने के बाद महज सत्ता प्राप्ति के लिए किया गया जोड़-तोड़ जनता के साथ धोखा है। ऐसे में चुनाव पूर्व गठबंधन को नैतिक माना गया। चुनाव पश्चात के गठबंधन को मजबूरी। चुनाव बाद गठबंधन को अनैतिक नहीं बताया गया, क्योंकि जनता पर चुनाव के खर्च का बोझ डालना सही नहीं रहेगा। आप देख रहे होंगे कि नैतिकता भी खर्च के हिसाब से पाला बदल लेती है। जिस समाज में दो तरह की नैतिकता हो, वह नैतिक रूप से भ्रष्ट समाज होता है। इधर मैं ये सोच रहा हूं कि भारत हो या फ्रांस, ऐसी दोहरी निष्पक्षता या नैतिकता किसी पार्टी या राजनीतिक समूह की कब तक रक्षा कर पाएंगे?

## प्रसंगवश

# जिंदगी का सबक मोहर्रम

मोहर्रम के महीने से, सीखना कर्बला से, सीखना इमाम हुसैन से, सीखना शहीदों और बीबी जैनब से की, कैसे जुल्म के खिलाफ खड़ा हुआ जाता है। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। हम खुद, हमारे बुजुर्ग और बहुत से लोग इसकी मुबारकबाद नहीं देते हैं। ऐसा हजरत ईमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के गम और उनकी शहादत के सम्मान में किया जाता है।


हफीज किदवई
लेखक

कोई इसके इतर भी चल सकता है, यह उसकी अपनी मर्जी। वैसे भी कर्बला जबरदस्ती का नाम नहीं, बल्कि सहयोग और त्याग का नाम है। मैं मोहर्रम को कभी इस्लामी नुक्ते नजर से नहीं देखता। मैं इसे उस आंदोलन की तरह देखता हूं, जिसने यजीद को चुनौती दी, जिसने शहादत चुनकर जुल्मी के पांव उखाड़ दिए, जिसने प्यासे रहकर गुरूर के महलों की दीवारें चटखा दीं, जिनकी तारीख में कर्बला जैसे उदाहरण हों, वह किसी भी कीमत में अधर्मी और पापी के सामने नहीं झुक सकते, जो झुक जाते हैं, उनके दिलों से ईमाम हुसैन रुखसत हो जाते हैं। मोहर्रम में कर्बला की जंग और उसके बाद बीबी जैनब का कर्बला से निकलकर, शहीदों की शहादत की दास्तान को घर-घर पहुंचाना। शायद दुनिया का पहला आंदोलन था, जिसे किसी औरत ने लीड किया था। उन्होंने अपनी आंखों देखी जुल्म की सियाह रातों को, तपती दोपहर को और खून से भीगी सुबह की सच्चाई, दुनिया के सामने रखी।

बच्चों की प्यास से सूखे गले में चुभे तीर के दर्द को बतलाया तो बुजुर्गों का जोश से लड़ते हुए शहीद होना बतलाया। रसूल के चश्मे चिरागों के सर, नेजो पर चढ़े, जब कर्बला से जीत की जंग में लाए जा रहे थे। तब ही तय हो गया तो, जो आज जीत के घमंड में इतरा रहा है, असल में वह ही हार गया है।

हर धर्म मे ऐसे उदाहरण हैं। हर अधर्म का मुकाबला करो, पाप के विरुद्ध खड़े हो। मोहर्रम से सीखें, यह महीना इंसानियत और उसूल का बहुत बड़ा सिलेबस है। इंसानी जात को बचाए रखने के लिए, क्या कर गुजरना पड़ेगा, सारे चैप्टर इसमें मौजूद हैं। मोहर्रम और कर्बला को हमेशा याद रखिए, यह जिंदगी का सबक है।

# वर्तमान संदर्भ में भारतीय लोक संस्कृति

संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय अस्मिता तथा परंपरा का महत्व कम नहीं है।

लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार अपराधी को दंड तथा पंच-पंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोक संस्कृति सामूहिक जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है। यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन संस्कृति सामान्यजन संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास कल्चर अथवा जन संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्वों का समाहार होता है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है। सांस्कृतिक धारा की एक लहर, एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोक विरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोक संस्कृति विलुप्त हो रही हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं। अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डॉ. रामविलास शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। मोटा खाने मोटा पहनने की सादगी की जगह तड़क-भड़क की जिंदगी का आकर्षण बढ़ा।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है।

चिकित्सा में किसी जमाने में सेवा समितियां हुआ करती थीं, धर्मार्थ चिकित्सालय होते थे। आज उसका व्यावसायीकरण हो चुका है। भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है। उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोक विश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं।

माइकल जैकसन मेडोना का आना और विचित्र व्यंजन में मदिरा, मेकअप, फैशन, वेशभूषा का प्रवेश होना। बहुजन समाज उसकी ओर ललचाए नजरों से देखता है। इससे लक्ष्य भ्रम हो जाता है। व्यावसायीकरण है और संप्रदाय करण है। लोक संस्कृति का लोक शिल्पकार ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है, जैसे मिट्टी के बर्तन दलिया चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों पर संस्थाओं का दबाव है, लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है, आराम की जिंदगी। भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है।

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है। मनुष्य की युगयात्रा आज एक ऐसे पड़ाव पर आ पंहुची है, जहां संसार की विभिन्न संस्कृतियों का संवाद हो रहा है। जहां-जहां संबंधों में गहनता है, वहां-वहां लोक संस्कृति किसी न किसी रूप में आज भी जीवित जागरित है। परंपराएं आज भी जीवित हैं। परिवर्तन भी हो रहे हैं और निरंतरता भी बनी हुई है। दूसरी ओर अपनी जड़ों की ओर लौटो जैसे नारे भी दिए जा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# कौन-कौन हैं वे

जो-जो सुनहरे भविष्य को बेचकर बच्चों को बर्बाद कर रहे हैं और उनके मां-बाप को लूट रहे हैं। वे कौन-कौन हैं? कोचिंग सेंटर वाले, सौ प्रतिशत रिजल्ट का झांसा देकर एयर कंडीशंड स्कूल चलाने वाले इंजीनियरिंग, एकाउंटेंसी, लॉ जैसे विशेषता के पाठ्यक्रमों के लिए मोटी फीस वसूलने वाले, 'पक्का पास कराने' के लिए पर्चा लीक का गोरखधंधा चलाने वाले, परीक्षा के समय नकल की समुचित व्यवस्था करने वाले, एक बार में सफल न हो पाए प्रतियोगियों से दोबारा फीस वसूलने वाले, इन सबको संरक्षण देकर सामाजिक प्रतिष्ठा पाने में मददगार राजनीतिज्ञ और अफसर, कानून से इन्हें आवश्यक पर्याप्त कठोर दंड न देने वाले, आत्महत्या करके जंजाल से निकल जाने वाले विद्यार्थियों का पैसा वापस न करने वाले, वगैरह-वगैरह।


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

इस विराट माफिया तंत्र के मुकाबले साधनहीन, सरकारों पर निर्भर और दयनीय परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को लेकर जो सरकारी स्कूल चलते हैं, फिर भी अच्छा रिजल्ट देते हैं, उनका जयजयकार करने का मन होता है। यह कुछ-कुछ वैसा ही मुकाबला है जैसा रामचरितमानस में राम और रावण का था: रावण रथी विरथ रघुवीरा।/ देख विभीषण भए अधीरा।।

ज्यादातर खुद सरकार संचालित विद्यालयों-विश्वविद्यालयों में पढ़कर इतने योग्य बने हैं कि वे सरकारी संस्थाओं को मटियामेट करने का अभियान चलाएं। हमारी वैदिक संस्कृति से चली प्राचीन गुरुकुल परंपरा रही हो या बौद्ध काल में विकसित तक्षशिला और नालंदा की विश्वविद्यालय परंपरा, उसमें शिक्षा माफिया की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए जिन बच्चों के सपने टूट रहे हैं, जिनके माता-पिता खेत बेचकर बच्चे को योग्य बनाने का वहम पाले हैं, जो बच्चे असफल होने के डर से या असफल होने के बाद आत्महत्या कर रहे हैं। चाहे अतीत के आदिम साम्यवाद के आदर्श पर हों या भविष्य के काल्पनिक स्वप्न के अनुरूप वैज्ञानिक समाजवाद के आदर्श पर हो, लेकिन इस समस्या का हल निकलना चाहिए, युवाओं की जिंदगी चंद माफियाओं मुनाफे से ज्यादा कीमती है।

-फेसबुक वॉल से

# गीता के प्रथम श्लोक की व्याख्या

गीता का प्रारंभ प्रश्न से होता है। यह बात अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में अगर कोई सबसे बड़ी चीज है तो वह है जिज्ञासा। जिज्ञासा से ही विज्ञान पैदा होता है और जिज्ञासा से ही धर्म। अगर जिज्ञासा न हो तो हमारा विकास रुक जाएगा। जैसे पशुओं का विकास रुका हुआ है। पशु जो होकर जनमता हैं, मरने के समय भी वही रहता है, लेकिन मनुष्य क्या से क्या हो जाता है। जिज्ञासा ही उसे पशुओं से अलग करती है। अगर मनुष्य को मनुष्य बनाना है तो उसे जिज्ञासा से भर देना होगा। भर देना शब्द सही नहीं है, क्योंकि मनुष्य जिज्ञासा लेकर ही पैदा होता है।

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं। दुखद स्थिति है कि बच्चों की जिज्ञासा बचपन में ही मार दी जाती है। एक बार मार देने पर फिर से उसे पैदा करना बहुत कठिन होता है। जिज्ञासाएं अनेक तरह की होती हैं, जिसकी जैसी जिज्ञासा होती है, उसकी उपलब्धि भी वैसी ही होती है। धृतराष्ट्र के पास न केवल बाहरी आंखें नहीं हैं, वरन् भीतरी आंख भी नहीं है। वे मोहांध हैं। पुत्र-मोह में पड़कर उनकी न्याय बुद्धि नष्ट हो गई है। कुरुक्षेत्र में दोनों तरफ की सेनाएं लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने पुत्र की विजय कामना से भरे धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि बताओ वहां क्या हो रहा है? श्लोक इस प्रकार है-धृतराष्ट्र उवाच धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।। धृतराष्ट्र ने पूछा-हे संजय, धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध के लिए इकट्ठे हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया? इस श्लोक के तीन शब्दों को ठीक से समझने की आवश्यकता है। वे हैं-धर्मक्षेत्र, धृतराष्ट्र और संजय। प्रश्न उठता है कि क्या धर्मक्षेत्र में युद्ध हो सकता है? अगर धर्मक्षेत्र में भी युद्ध होगा तो उसका समाधान किस क्षेत्र में होगा? जहां एक-दूसरे के खून के प्यासे दो दल मरने और मारने को आतुर हों, वह धर्मक्षेत्र नहीं हो सकता। कहा जा सकता है कि धर्मयुद्ध उस स्थल पर होने की वजह से कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है। फिर वही प्रश्न! क्या युद्ध भी धर्म के लिए हो सकता है? धर्म है क्या? अगर धर्म आत्मज्ञान है तो क्या यह मरने-मारने से उपलब्ध होता है? बुद्ध ने किस युद्ध में आत्मज्ञान हासिल किया था? धर्म के लिए तो यह युद्ध लड़ा ही नहीं गया है। युद्ध तो स्वार्थों की टकराहट से पैदा होता है। भले किसी का स्वार्थ जायज हो और किसी का नाजायज। न्याय पाने के लिए यह युद्ध लड़ा जा रहा है। संपत्ति की हिस्सेदारी और प्रतिशोध के लिए लड़ा जा रहा है। सांसारिक चीजों के लिए युद्ध हो रहा है।


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं।

इसे धर्मयुद्ध कहना फिजूल है। धर्मयुद्ध ही नहीं तो धर्मभूमि कैसे? लेकिन कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा है धृतराष्ट्र ने, जो कि अंधे हैं और अंधों की धर्म की धारणा ही अलग होती है। वे तो मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों और गुरुद्वारों में भगवान खोजते हैं। ऐसी बात भी नहीं, किसी भौतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही प्रायः वे वहां जाते हैं। या देखा-देखी के कारण जाते हैं। अगर शांति की खोज उन्हें होगी तो अंदर प्रवेश करना पड़ेगा। बाहर कहीं शांति है ही नहीं। जनसाधारण काबे और कैलास को धर्मक्षेत्र कहते हैं, क्योंकि कभी वहां स्थित किसी व्यक्ति के भीतर धर्म का अवतरण हुआ था। हो सकता है कि पुराने समय में कोई आध्यात्मिक घटना कुरुक्षेत्र में घटी हो और उसे धर्मक्षेत्र मान लेने की परंपरा रही हो।

धृतराष्ट्र एक साधारण मनुष्य हैं। शायद इसलिए उन्होंने प्रथा के अनुसार कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कह दिया है। मैं भी कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र कहने के लिए राजी हूं, सिर्फ एक कारण से, वह कारण यह है कि वहां भगवान श्रीकृष्ण विद्यमान हैं। जहां साक्षात् भगवान विद्याज्ञान हों, वह भूमि तो धर्मभूमि हो ही जाएगी। कृष्ण को अगर धृतराष्ट्र पहचानते तो युद्ध की अनुमति वे कभी नहीं देते। इसलिए यह तो स्पष्ट है कि कृष्ण की मौजूदगी के कारण धृतराष्ट्र कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र नहीं कह रहे हैं। संजय को लेकर ऊहापोह है। नास्तिक बिना जाने कहते हैं कि यह कोरी कल्पना है। संजय जैसा आदमी नहीं हो सकता। आस्तिक भी बिना जाने कहते हैं कि यह गलत हो नहीं सकता। संजय सत्य है। ये दोनों प्रकार के लोग ज्ञान के दुश्मन हैं। बिना जाने, बिना खोजे, बिना प्रयोग किए इन दो तरह के लोगों का निष्कर्ष तैयार रहता है, लेकिन ओशो जानकर कहते हैं कि ऐसा हो सकता है। इस तरह की शक्ति थोड़े प्रयास से पाई जा सकती है। यह बहुत बड़ी शक्ति नहीं है। यह आत्मज्ञान नहीं है। यह एक मानसिक शक्ति है।

इस बात को समझाने के लिए वे अनेक तरह के वर्तमान समय में उपलब्ध उदाहरण देते हैं। उनमें से एक उदाहरण मैं यहां देना चाहूंगा। ओशो के जीवित रहते अमेरिका में एक व्यक्ति जीवित थे। उनका नाम था टेड सीरियो, जो हजारों मील की दूरी पर कुछ भी देखने में समर्थ थे। अगर न्यूयॉर्क में बैठे सीरियो को कहा जाता कि बताइए अहमदाबाद के खास मैदान में इस समय क्या हो रहा है तो वे पांच मिनट के लिए आंख बंद करेंगे और सब कुछ बता देंगे। उनकी आंखों में वहां के लोगों की तस्वीर आ जाती थी, जिसे कैमरे से अनेक बार खींचा गया था। उनका हर तरह से परीक्षण कर इस घटना को सही पाया गया था। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि संजय कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। इस तरह की शक्ति वाला व्यक्ति उस समय अवश्य रहा होगा।

# छद्मविज्ञान ही नहीं छद्मअध्यात्म का भी बोलबाला

पढ़े-लिखे भी झांसे में आ रहे हैं। सावधान रहने की जरूरत है। कोई भी बाबा और संन्यासिन आपके दुख-दर्द को दूर नहीं कर सकते। पुरुषार्थ करिए। पुरुषार्थ सब कष्टों के निवारण का मूलमंत्र है। अपने बुद्धि पर पड़े पर्दे को हटाए। कर्म में लगिए। नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। अध्ययन के प्रति लगाव है तो प्रमाणित भारतीय शास्त्रों को पढ़ने में अभिरुचि जगाएं। वे सभी बुढ़ापे के साहित्य नहीं हैं। अभी से नहीं पढ़ना शुरू करेंगे तो बाद में पल्ले नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अध्यात्म दर्शनशास्त्र की अपनी विशिष्ट शब्दावली और अर्थ है। जैसे बिना प्रारंभिक गणित में गति के आप इसके उच्चतर स्वरूप को समझ नहीं पाएंगे। आप श्रीमद्भगवद्गीता या रामचरितमानस से अपनी अध्यात्म यात्रा शुरु कर सकते हैं। आप जब श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ेंगे तो यह बात और भी स्पष्ट होती जाएगी। वहां निरर्थक कर्मकांडों का निषेध है। 'पुष्पिताम वादिनम' वाले लोभी भविष्यदर्शियों से सावधान किया गया है। आपकी अपनी निजी आत्मिक उन्नति आप स्वयं के चिंतन से पा सकते हैं और रामचरित मानस में तो धर्म के नाम पर पाखंड फैलाने को बहुत दुत्कारा है। किंतु यह कितना दुखद है कि एक विशाल आध्यात्मिक वाङ्मय से समृद्ध भारत की एक बड़ी जनसंख्या मूढ़ बनकर पाखंडी, ढकोसलेबाज बाबाओं के पीछे भाग रही है। उनकी चरण रज लेने के लिए आत्मोसर्ग कर रही है और कैसे पापी हैं वे बाबा लोग जो निज रज स्पर्श का आह्वान करते हैं। उनकी चरण रज? माई फुट। वे तुलसीदास के गुरु सदृश भला हैं, जिनके लिए रामचरित मानस की प्रस्तावना में ही संत कवि कहते हैं - बंदऊ गुरु पद पदुम परागा सुरुचि सुवास सरस अनुरागा। एक तुलसी के आराध्य, प्रातः वंदनीय गुरु और आज के स्वयंभू ये अक्ल से पैदल और सूटबूट के बाबा जो अपना चरण रज बांट रहे हैं। ओह यह विद्रूप। चेतो भारत चेतो! उठो कर्म प्रधान बनों। स्वयं के सिवा कोई और मददगार नहीं है आपका। सारे बाबा आपको ठग रहे और खुद ऐयाशी कर रहे हैं। उनके किए कुछ नहीं होता। अपने दिमाग से पर्दे हटाएं। मूर्खतामूलक आस्था में बंद पड़े चक्षुओं को खोलकर देखिए, ज्ञानचक्षु तभी खुलेंगे। अन्यथा हाथरस हादसे होते रहेंगे।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

# ई-डिस्ट्रिक्ट पर होगा 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवार का ब्योरा

## परिवार रजिस्टर डिजिटलाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों का ब्योरा यानी परिवार रजिस्टर राज्य सरकार की ई-डिस्ट्रिक्ट साइट पर होगा। पंचायती राज विभाग ने बांदा, गाजीपुर, बहराइच, इटावा व मेरठ में डिजिटलाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद फेज-1 के 35 जिलों में प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पहले चरण में 1.45 करोड़ परिवार का विवरण रजिस्टर की बजाय खसरा, खतौनी, आय, जाति, निवासी की तरह ई-डिस्ट्रिक्ट साइट से डाउनलोड करके निकाला जा सकेगा। इसके लिए विभाग ने पोर्टल तैयार करके परीक्षण शुरू कर दिया है। अगस्त से साइट पर एप्लीकेशन यानी प्रक्रिया के विकल्प जोड़कर एक माह के अंदर 35 जिलों के हर ग्रामीण परिवार का ब्योरा स्कैन करके ऑनलाइन किया जाएगा। इस कार्य के लिए चार संस्था नामित की गई हैं।

**पहले चरण में ऑनलाइन के लिए संशोधित किए जाने लगे 35 गांवों के रजिस्टर**

### पहले चरण के इन 35 जिलों में शुरू हुई प्रक्रिया

लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, बुलंशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, झांसी, जालौन, ललितपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सहारनपुर व शामली।

### निदेशक, डीपीआरओ करेंगे मॉनीटरिंग

परिवार रजिस्टर की चार लॉगिन आइडी बनेगी। इसमें एडीओ पंचायत व सचिव आवेदन के आधार पर परिवार के नाम घटाने, बढ़ाने समेत अन्य काम करेंगे। इनके डिजिटल सिग्नेचर से ऑनलाइन नकल जारी जारी होगी। जबकि इस कार्य की निदेशक पंचायती राज और डीपीआरओ अपनी लॉगिन से मॉनीटरिंग करेंगे।

### संशोधित होने लगे परिवार रजिस्टर

पोर्टल का परीक्षण पूरा होने से पहले फेज-1 की सभी ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर संशोधित होने लगे हैं। इस प्रक्रिया में एडीओ पंचायत या सचिवों को जिन परिवार के नाम छूटे हैं या काटने हैं या फिर बढ़ाने हैं यह सब कार्य करके रजिस्टर ऑनलाइन करने के लिए मांगे गए हैं।

> एक वर्ष में सभी गांव के परिवार रजिस्टर डिजिटल करने हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया से परिवार छूट न जाए इसके लिए रजिस्टर ठीक करा रहे हैं। जो सीधे पोर्टल पर स्कैन करके अपलोड करेंगे। पहला चरण दो माह में पूरा हो जाएगा।
>
> **-अटल कुमार राय,** निदेशक पंचायती राज विभाग।



मंगलवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी ने त्रिवेन्द्र सिंह रावत, सांसद, हरिद्वार (पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड) से मुलाकात की। अमृत विचार

## एक नजर

### प्रो. रामगोपाल ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर लिखा पत्र

**अमृत विचार,लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति मामले को लेकर चल रहे विरोध के बीच सपा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस आदेश को वापस लिए जाने की मांग की है। सपा सांसद ने अपने आधिकारिक एक्स पर लिखा कि अध्यापकों की साल में 30 ईएल और हाफ सीएल देने की मांगी नहीं जा रही है। सपा सांसद ने कहा कि अध्यापकों की स्थिति इतनी दयनीय है कि अपनी शादी के लिए भी टीचर को मेडिकल लीव लेनी पड़ती है। अध्यापकों की कमी के कारण किसी-किसी विद्यालय में एक ही टीचर को क्लास एक से लेकर पांचवीं तक सारे दिन पढ़ाना पड़ता है। वहीं, एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री को भेजे पत्र के जरिये कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति अनुपयोगी है।

### मुख्य आरक्षी के परिजन को दी 75 लाख की चेक

**अमृत विचार,लखनऊ :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को सड़क दुर्घटना में मृत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मो. इमामुल हक के आश्रित परिजन को स्टेट बैंक आफ इंडिया पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) के दावे की धनराशि के रूप में 75 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। डीजीपी ने बताया कि मुख्य आरक्षी मो. इमामुल हक पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से विशेष सुरक्षा ड्यूटी के लिए पुलिस मुख्यालय में कार्यरत थे। वह गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद के रहने वाले थे। सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

### नीति आयोग का संपूर्णता अभियान शुरू

**अमृत विचार,लखनऊ :** नीति आयोग तीन महीने का संपूर्णता अभियान शुरू हो गया है, जो कि 30 सितंबर चलेगा। अभियान में देशभर के छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में प्रयास किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के 112 जिलों और 500 प्रखंडों में 06 चिन्हित संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है।

# 12 राज्यों के 500 मेहमान करेंगे प्राकृतिक खेती पर विमर्श

## दलहन व तिलहन की खेती पर राज्य सरकार का जोर: कृषि मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केन्द्र सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती व कृषि विज्ञान पर 19 जुलाई को सेंट्रम होटल में क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम होगा। इसमें 12 राज्यों (उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, झारखंड,उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, बिहार, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख व चंडीगढ़) के लगभग 500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत होंगे।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोकभवन में मंगलवार को यह जानकारी मीडिया से साझा की इस दौरान उनके साथ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी रहे। प्रेसवार्ता में कृषि मंत्री ने बताया कि उप्र. की मेजबानी में होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्र, राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारी, 15 कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति व डीन, 180 कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले अग्रणी किसानों की भी सहभागिता रहेगी।

कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन 20 जुलाई को अयोध्या में भी आचार्य नरेंद्र देव कुमारगंज, विश्वविद्यालय में होगा। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के 25 कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, डीन और लगभग 250 किसान रहेंगे।

**लखनऊ में प्राकृतिक खेती व कृषि विज्ञान पर परामर्श कार्यक्रम 19 को**



जानकारी देते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला 20 को अयोध्या में बांदा में भी होगा आयोजन**

### दलहन का उत्पादन बढ़ा

कृषि मंत्री ने बताया कि बीते सालों की तुलना में दलहन का उत्पादन लगभग साढ़े आठ लाख मीट्रिक टन बढ़ा है। देश के भीतर अभी भी 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपये का तिलहन और 25-30 हजार करोड़ दलहन का आयात होता है। राज्य सरकार उप्र. को दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## महाकुंभ के पहले पौराणिक मंदिरों समेत सज संवर जाएगा प्रयागराज

**अमृत विचार,लखनऊः** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुंभ-2025 के पहले प्रयागराज में मंदिरों का विकास, सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाएं व इंफ्रास्ट्रक्चर की परियोजनाएं पूर्ण कर ली जाए, इसके लिए तेजी से पूरा किया जा रहा है।

महाकुंभ में डुबकी लगाने आने वाले पर्यटक स्थानीय मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने जाते हैं। इसलिए पर्यटन स्थलों के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण समेत अन्य विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है, इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत की है।

पर्यटन मंत्री ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि दुनिया का सबसे बड़ा मेला है महाकुंभ, इसलिए पर्यटन विभाग प्रयागराज के पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग भी करेगा। उन्होंने बताया कि संगम नगरी के अलग-अलग क्षेत्र के मंदिरों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जा रहा है।

# आम के पेड़ों की छंटाई को अब नहीं लेनी होगी अनुमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अब आम उत्पादकों को अपने पुराने वृक्षों के जीर्णोद्धार के लिए इसकी ऊंचाई कम करने और उत्पादकता बनाये रखने की नजर से काट-छांट के लिए सरकारी अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। इस फैसले से आम के पुराने बागों का कैनोपी प्रबंधन आसान हो गया है। इसका नतीजा आने वाले कुछ वर्षों में दिखेगा।

कैनोपी प्रबंधन के कारण आम के पुराने बाग नए सरीखे हो जाएंगे। फसल अच्छी होने से उत्पादन तो बढ़ेगा ही, फलों की गुणवत्ता भी सुधरेगी। इससे निर्यात की नई संभावनाओं के द्वार भी खुलेंगे। दरअसल, आम उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण फलों में से एक है।

उप्र. में 2.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की खेती से 45 लाख टन आम पैदा होता है। राज्य में चालीस वर्ष से अधिक उम्र के बगीचे लगभग 40 फीसद (लगभग 1 लाख हेक्टयर) हैं।

**पुराने बागों का प्रबंधन आवश्यक :** तीस साल या इससे ऊपर के ऐसे तमाम बाग कैनोपी प्रबंधन न किए जाने से अनुपयोगी या अलाभकारी हो गए हैं। वैज्ञानिक तरीके से कैनोपी प्रबंधन और उसके बाद के रखरखाव से राज्य के करीब 50,000 हेक्टर के बगीचों पर असर पडेगा। इससे आम का उत्पादन लगभग 2.5 लाख टन तक बढ़ जाएगा।

**फैसले से आम के पुराने बागों का कैनोपी प्रबंधन हो गया आसान**

> पौधरोपण के समय से ही छोटे पौधों का और 15 साल से ऊपर के बागानों का अगर वैज्ञानिक तरीके से कैनोपी प्रबंधन कर दिया जाय तो इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों सुधरेगी। निर्यात की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।
>
> **-डॉ. सुशील कुमार शुक्ल,** वरिष्ठ वैज्ञानिक, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान

## हाईस्कूल व इंटर की मेरिट से ही होगा जीएनएम में दाखिला

**अमृत विचार,लखनऊः** नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में चल रहे नर्सिंग एंड मिडवाइफरी(जीएनएम) में इस वर्ष दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी, पूर्व की भांति इंटर में प्राप्त अंकों के आधार पर एडमिशन मिलेगा। राज्य सरकार ने, केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया लागू करने का निर्णय वापस ले लिया है।

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव को आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया में, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने जीएनएम में प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथि 28 जुलाई 2024 निर्धारित थी, जिसकी वजह से सत्र समय से, अर्थात एक अगस्त से नहीं चालू हो पा रहा था, सत्र देर से शुरू होने पर छात्रों की होने वाली दिक्कतों को मद्देनजर केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा और काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित करते हुए, दाखिले की प्रक्रिया पूर्व की भांति जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

# आयोजनकर्ताओं में सेना का एक जवान भी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाथरस घटना के आरोपियों में एक सेना के जवान का नाम भी सामने आया है। पता चला है कि जवान पंजाब में बीएसएफ में तैनात है और आयोजनकर्ताओं की लिस्ट में 40वें नंबर पर दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि अधिकतर आरोपियों के फोन स्विच ऑफ हैं और तलाश के दौरान मिल भी नहीं रहे हैं। जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें से दो को रिमांड पर लेने के लिए पुलिस ने न्यायालय में आवेदन कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आयोजनकर्ताओं की सूची में जिस मोहित कुमार का नाम दर्ज है वह पेशे से बीएसएफ का जवान है और पंजाब में तैनात है। बताया जा रहा है कि उसका नाम आयोजनकर्ताओं की सूची में 40वें नंबर पर दर्ज है। यह भी पता चला कि उसने 15 हजार रुपए चंदे के रूप में भी दिए थे। वहीं यह भी जानकारी मिल रही है कि जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है उसमें से 03 आरोपी ऐसे हैं जिनका नाम आयोजनकर्ता की सूची में नहीं है। आयोग ने कुल 125 लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। यह वही लोग हैं जिनका प्रतक्ष्य अथवा अप्रतक्ष्य रूप से आयोजन में नाम है। इसमें से कुछ लोग सत्संग के दौरान अंदर मौजूद थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन 125 लोगों से आयोग की टीम पूछताछ करेगी और घटना के असली कारण का पता लगाएगी। इनमें से कुछ लोग ऐसे थे जो श्रद्धालुओं द्वारा चरणरज लेते समय भोले बाबा के साथ खड़े थे।

**हाथरस कांड के अधिकतर आरोपियों के मोबाइल स्विच ऑफ, पुलिस कर रही जांच**

# 23 को ईडी के समक्ष पेश होगा एल्विश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूट्यूबर एल्विश यादव को प्रवर्तन निदेशालय (लखनऊ इकाई) ने 23 जुलाई को पेश होने को कहा है। एल्विश पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज किए गए सांप के जहर-रेव पार्टी मामले में संबंधित मनी लांड्रिंग के मामले में पूछताछ की जाएगी।

बतातें चले कि ससे पहले, ईडी ने इस साल मई में हुए सांप के जहर के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था, क्योंकि इस रैकेट में बड़ी मात्रा में धन शामिल था। यादव को इस साल की शुरुआत में 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, पांच दिन बाद स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। ईडी के अधिकारियों का कहना है कि, क्योंकि एल्विश अपने विदेशी दौरे का हवाला देते हुए 08 जुलाई को ईडी के समक्ष पेश होने में असमर्थता जताई थी। बतादें कि एल्विश यादव के करीबी सहयोगी और हरियाणा के गायक राहुल यादव, जो फाजिलपुरिया के नाम से मशहूर हैं, से सोमवार को ईडी लखनऊ कार्यालय में कई घंटों तक पूछताछ की गई।

## नल कनेक्शन पर आने वाला खर्च काफी कम

**अमृत विचार,लखनऊः** हर घर नल और नल से जल पहुंचाने में एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश देश में पहले पायदान पर है, वहीं नल कनेक्शन पहुंचाने में भी यहां आने वाला खर्च अन्य कई बड़ों राज्यों की अपेक्षा सबसे किफायती है। परिवार तक नल कनेक्शन पहुंचाने में लगभग 59 हजार रुपये लगे। जबकि अन्य राज्यों में कम कनेक्शन पर भी खर्च होने वाली राशि उप्र. के मुकाबले अधिक रही।

# सीएसआर फंड से हो रहा प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बड़ी-बड़ी निजी कंपनियां अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड से प्राइमरी विद्यालयों का कायाकल्प कर रहीं हैं। टाटा की एयर इंडिया (एआई)सैट्स द्वारा महाराजगंज में दो प्राइमरी विद्यालयों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस कर दिया है। तैयार हो चुके स्कूल में किचन से लेकर क्लासरूम, स्मार्ट क्लास तक की सभी सुविधाएं किसी नामी निजी स्कूल की तर्ज पर बनाई गई हैं।

महाराजगंज के दो प्राइमरी स्कूलों के लिए एआई सैट्स ने जिला प्रशासन को 45 लाख रुपए मुहैया कराए हैं। इससे चौक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सोनाड़ी खास व प्राथमिक विद्यालय चौक छावनी को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। कंप्यूटर, इंट्रैक्टिव पैनल, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर आदि सुविधा मुहैया कराकर दोनों विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। जिन 19 पैरामीटर पर इन स्कूलों को सुधारा गया है, उसमें पेय जल, ब्लैक बोर्ड, फर्नीचर, शौचालय, नल से जल, रंगाई पुताई, साइंस लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब शामिल है।

**शिक्षा में सुधार में हजारों करोड़ खर्च:** कई बड़ी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं अपने सीएसआर फंड से शिक्षा विभाग के मिशन कायाकल्प में सहयोग कर रही हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, राज्य में 75 संस्थाओं ने लगभग 18 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा धनराशि दिया है। किसी ने स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए, किसी ने स्मार्ट क्लास के लिए सहयोग किया है। वहीं, कंप्यूटर,साइंस लैब, फर्नीचर, झूले और आरओ भी लगवाए गए हैं।

**75 संस्थाओं ने दिया करीब 18 हजार करोड़ रुपए का सीएसआर फंड**

## वर्ग पहेली-126

**बाएं से दाएं**

1. वह स्थान या बाज़ार जहां फलों का क्रय-विक्रय होता है।
3. 1. चलताऊ, मोटे तौर पर 2. जल्दी में, स्थूल रूप से 3. बिना गंभीरता के।
5. 1. नाके पर रहने वाला पहरेदार 2. नाके का अधिकारी।
7. 1. एक बलवान और हिंसक जानवर, शेर, केशरी, मृगेंद्र 2. बारह राशियों में से पांचवीं राशि 3. जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का चिह्न 4. वास्तुकला में उक्त प्रकार की आकृति
8. अकस्मात, सहसा, अचानक, यकायक, एकदम।

**ऊपर से नीचे**

2. मंद-मंद चलने वाली हवा, बयार, सुखद प्रतीत होने वाली वायु; मंदसमीरण।
4. 1. पहाड़ की तराई में होने वाला एक वृक्ष 2. उक्त वृक्ष पर लगने वाला खट्टा-मीठा फल जिसका अचार भी बनाया जाता है।
6. एक प्रकार का मसाला जो प्रसूता को दिया जाता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 3 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 4 |
| 5 | 6 | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 7 | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -125 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जा | दू | ■ | 2 तु | ■ | ■ |
| गी | ■ | ■ | षा | ■ | ■ |
| र | ■ | 3 ऐ | रा | प | 4 ति |
| ■ | 5 प | ■ | पा | ■ | बा |
| 6 क | सा | फ़ | त | ■ | रा |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ब | ना | व | टी | ■ | ■ |

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 7 | | | | | 2 | |
| 2 | | 9 | | 5 | 3 | | | 8 |
| | 9 | | 1 | | | 2 | | 6 |
| | 2 | 1 | | | | 5 | 7 | |
| 3 | | 5 | | | 4 | | 8 | |
| 7 | | | 8 | 9 | | 1 | | 5 |
| | 1 | | | | | 3 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | |

### सुडोकू -38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 07 .51 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष:** आज आप अपने कुछ कामों को लेकर प्लानिंग करेंगे। व्यवसाय में आप किसी परिवर्तन को बनते दिख रहे हैं। तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी। प्रेमीजन की मूल भावनाओं को समझने का प्रयास करें।

**वृष:** आज समाज में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क बनेंगे। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा,जो बिजनेस में आपकी मदद करेगा। माता-पिता का व्यवहार स्नेहमय रहेगा।

**मिथुन:** आज अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। समाज में आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना होगी। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस में आप अपने कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आज आपको किसी विशेष काम को करने का मौका मिलेगा और आप अपनी आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। दांपत्य जीवन में सुख सहयोग में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज परस्पर तालमेल में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा। पर्यटन स्थल अथवा तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करने में कुछ समस्याएं आएंगी।

**कन्या:** आज आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। किसी नए वाहन के खरीदारी करना अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर करें। आध्यात्मिक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। ईश्वर के प्रति आस्था में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज किसी अतिथि के आने से परिवार में खुशियों का संचार होगा। सामाजिक कार्य में आपकी कार्यशैली सराहनीय रहेगी। नए सहयोगी बनेंगे। व्यवसाय में आप कोई नया निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें।

**वृश्चिक:** आज भाई-बहनों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सहभागिता करने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एक नई पहचान मिलेगी।

**धनु:** आज आपको अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। किसी पुराने रिश्तेदार से यकायक भेंट हो सकती है,जिससे आपको बेहद खुशी होगी। प्रेस संबंध में प्रगाढ़ता आएगी।

**मकर:** आज किसी अनजान व्यक्ति से अचानक घनिष्ठता न बढ़ाएं। सोच समझकर संबंधों को आगे बढ़ाएं। मित्रों के साथ मनोरंजन का लुफ्त उठाएंगे। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करने अच्छा रहेगा। मन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**कुंभ:** आज कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। पारिवारिक दायित्व को निभाने की कोशिश करेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से भेंट होगी। सामाजिक कार्यों में अरुचि रहेगी। आपको किसी अपरिचित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं। यदि आप पार्टनरशिप में कोई बिजनेस करेंगे तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। शेयर मार्केट में निवेश सोच विचार कर करें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10 .15 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- कौन करे कुर्बानी — सुबह : 11 .44
- घातक — शाम : 05 .23

&pictures
- एंटरटेनमेंट — सुबह :10 .39
- चुप — रात : 08 .00

Sony Pix
- जस्टिस लीग — दोपहर : 12 .43
- जर्नी 2 — रात : 09 .00

Zee Cinema
- अखंडा — सुबह : 11 .30
- ड्रीम गर्ल — रात : 08 .30

Colors Cineplex
- खूबसूरत — सुबह : 09 .52
- हम तुम्हारे हैं सनम — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया।
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो।
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया।
गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा।

एक बार टिल्लू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर - कौन सा ग्रुप है आपका?
टिल्लू- जी नादान परिंदे।
डॉक्टर - ब्लड ग्रुप पूछ रहा हूं, 'व्हाटसएप के कीड़े'।

# घंटों इयरफोन लगाने और तेज आवाज से बढ़ रहा बहरापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीटी बजने, भरभराहट, भारीपन व भिनभिनाने जैसी आवाज सुनाई दे रही
- लगातार इस्तेमाल से पांच से 10 साल में बहरेपन का खतरा

**अमृत विचार।** अगर कानों में लगातार या रह-रह कर गूंज, सीटी बजने, भरभराहट, भारीपन व भिनभिनाने जैसी ध्वनियां सुनाई दे रही हैं तो सावधान रहें। यह बहरापन का संकेत हो सकता है। यह समस्या युवाओं में ईयरफोन, नेकबैंड और ईयर बड्स के अधिक उपयोग से बढ़ रही है। सुनने की क्षमता प्रभावित होने से बहरापन बढ़ रहा है।

आधुनिक जीवन शैली में वर्कआउट करते समय गाने सुनने से लेकर मोबाइल पर वीडियो देखने, घंटों कॉल पर बात करने या तेज आवाज में गेम खेलने, संगीत सुनने में लोग ईयरफोन, नेकबैंड और ईयर बड्स का उपयोग जमकर कर रहे हैं।

सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक लोगों का ज्यादातर समय गैजेट्स के बीच गुजरता है। चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि ईयरफोन और ईयर बड्स का अधिक उपयोग करने पर पांच से 10 साल में बहरापन आ सकता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान व गला विभाग के प्रो. हरेंद्र कुमार ने बताया कि देर तक ईयरफोन लगाए रखने से कानों की नसों पर दबाव पड़ने लगता है, नसों में सूजन की आशंका काफी बढ़ जाती है। वाइब्रेशन की वजह से हियरिंग सेल्स अपनी संवेदनशीलता खोने लगते हैं, जिससे बहरापन हो सकता है। नियमित रूप से लंबे समय तक तेज आवाज में ईयरफोन लगाने का दुष्प्रभाव दिमाग पर भी होता है। ईयरफोन या हेडफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें दिमाग को बुरी तरह प्रभावित करती हैं।

### सिरदर्द व माइग्रेन की समस्या बढ़ी

- जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल व न्यूरो सर्जन प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि ईयरफोन, नेकबैंड और ईयर बड्स का असर मस्तिष्क पर भी हो रहा है। इस कारण सिर दर्द व माइग्रेन की समस्या बढ़ रही है। पहले से चक्कर आने से परेशान रोगियों की समस्याएं और ज्यादा बढ़ जा रही हैं। ऐसे लोग जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उनमें अधिक खतरा रहता है।

### लगाई जाती है सुनने वाली मशीन

- ईएनटी विभाग की डॉ .अमिता श्रीवास्तव ने बताया कि ओपीडी में अगर कोई मरीज कम सुनाई देने की समस्या लेकर आता है तो हड्डी में इंफेक्शन ( कंडटिंग हेयरिंग लॉस) और नसों में खराबी ( सिसेंटिंग हेयरिंग लॉस) की जांच कराई जाती है। पर्दा ठीक होने पर ईयरफोन लगाने की जानकारी करके मरीजों को इसका इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है।



### इयरफोन से बीते एक साल में हादसे



- पनकी निवासी शीलू अग्निहोत्री की ईयरफोन लगाए पटरी पार करने से गुरुदेव क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी।
- सचेंडी निवासी बलवान सिंह ईयरफोन लगाकर गाने सुनते बाइक से नौबस्ता जा रहे थे, वृद्धा से टकराने पर मौत हो गई थी।
- अनवरगंज में जीशान नामक युवक ईयरफोन लगाकर ट्रैक पार कर रहा था, मेमू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।
- शिवराजपुर निवासी प्रशांत दीक्षित बिठूर की मंधना क्रासिंग पर ईयरफोन लगाए रहने से मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गया था।
- बीटेक छात्र घाटमपुर निवासी विकास रेलवे ट्रैक पर ईयरफोन लगाए गाना सुनते जा रहा था। ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

### इस तरह करें कानों की सुरक्षा

- लंबे समय तक हेडफोन और ईयरफोन का इस्तेमाल करने से बचें।
- हेडफोन और ईयरफोन लगाने पर आवाज नॉर्मल रखें।
- किसी के साथ भी अपना हेडफोन या ईयरफोन साझा न करें।
- ईयरफोन्स को कानों के अंदर ज्यादा एडजस्ट करने का प्रयास न करें।
- हेडफोन और ईयरफोन ब्रांडेड कंपनी के ही इस्तेमाल करें।
- दिन में 60 मिनट से ज्यादा इनका इस्तेमाल न करें।

### 80 से 90 डेसीमल शोर सुनने की होती क्षमता

- कान की नसें एक हद तक शोर बर्दाश्त कर सकती हैं। 80 से 90 डेसीमल उनकी श्रवण क्षमता है। लेकिन कोई व्यक्ति लगातार 80 से 85 डेसीमल शोर वाली जगह पर रहता है तो उसके बहरा होने की संभावना काफी अधिक होती है।

# नगर निगम में अब बिना अनुमति प्रदर्शन नहीं !

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने पुलिस कमिश्नर से की मांग, कहा-नेता दिखावे में आकर करते हैं प्रदर्शन
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी बंद करने की मांग, कहा- पुलिस करे विधिक कार्रवाई

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम मुख्यालय और जोनल कार्यालयों में आये दिन होने वाले विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग पुलिस कमिश्नर से की है। महापौर ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर शिकायत की है कि मुख्यालय में आए दिन बिना अनुमति प्रदर्शन किए जाते हैं। इससे कार्यालय के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है।

महापौर ने पत्र में लिखा है कि बिना अनुमति नगर निगम में विरोध-प्रदर्शन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। जिसको धरना-प्रदर्शन करना है, पहले वो पुलिस से अनुमति ले, इसके बाद प्रदर्शन करे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रदर्शन के दौरान बिल्कुल भी न किया जाए। महापौर ने शिकायती पत्र में लिखा है कि स्वयंभू नेता नगर निगम आकर सिर्फ दिखावे के लिए धरना-प्रदर्शन करते हैं। ऐसे प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस सख्ती से निपटे। अगली बार नगर निगम में बिना सूचना धरना-प्रदर्शन करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाए।



महापौर प्रमिला पांडेय ने सुक्खुपुरवा अग्निहोत्री नगर का किया निरीक्षण।

# टूटी सड़क और जलभराव दिखा महापौर को

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को सुक्खुपुरवा अग्निहोत्री नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर बरसात से कीचड़ हो गया था। नालियों में कूड़ा एवं गन्दगी पाई गई। कई स्थानों पर जल भराव पाया गया। महापौर ने अधिकारियों को सुक्खुपरवा अग्निहोत्री नगर में सड़क की मरम्मत एवं सफाई के निर्देशित किया। इसके साथ ही जलभराव वाले स्थानों पर पानी निकालने के निर्देश दिये। निरीक्षण में अधिशाषी अभियन्ता जलकल जोन-6 मो शमीम, एवं जेडएसओ जोन-6 विजय शुक्ला अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

### 6.29 लाख रुपये से किदवई नगर चौराहे से बारादेवी सड़क की होगी मरम्मत



# 11 सड़कों के निर्माण को मिले साढ़े 8 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 9 नंबर क्रासिंग से एनएच-2 हाईवे तक की सड़क का 60.66 लाख से निर्माण

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में कानपुर मंडल में चल रही 35 कार्य योजनाओं के लिए 11.18 करोड़ से अधिक की धनराशि वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित की है। जिसमें शहर के नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 11 सड़कों की मरम्मत व नवीनीकरण के लिए कुल 851.92 लाख की धनराशि आवंटित की गई है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के मरम्मत व नवीनीकरण के लिए 11 सड़कों को कार्ययोजना में शामिल किया गया था। जिनमें पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की साढ़-सरसौल मार्ग से बांबी ख्वाजीमपुर मार्ग की मरम्मत, चौबेपुर बेला रोड का निर्माण, लखनऊ-झांसी मार्ग, असेनिया, बहीर उमरी संपर्क मार्ग, विजय नगर चौराहा से मरियमपुर चौराहा, पुखराया-घाटमपुर-बिंदकी, सरसौल-सैबसी महाराजपुर, चंदनपुर भीतरगांव, धरमपुर बंबा मार्ग शामिल थे।

वहीं निर्माण खंड दो में बिधनू से किसान नगर मार्ग की सामान्य मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य कराया जाना था। शासन से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के साथ ही धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिसके बाद निर्माण शुरू कराया गया था। मंगलवार को शासन ने शहर की 11 सड़कों के मरम्मत व नवीनीकरण के लिए 851.92 लाख की धनराशि आवंटित की है।

### 9 नंबर क्रासिंग से एनएच-2 जाने वाली सड़क

अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जीटी रोड स्थित गुमटी नौ नंबर क्रासिंग से नमक फैक्ट्री, विजय नगर चौराहा, दादा नगर पुल होते हुए एनएच-2 हाईवे तक की सड़क का 60 .66 लाख से निर्माण कराया जाएगा। जबकि किदवई नगर चौराहे से साइट नंबर वन, बारादेवी होते हुए नंदलाल चौराहे जाने वाले मार्ग की मरम्मत 6 .29 लाख से होगी।

> प्रांतीय खंड व निर्माण खंड की इकाईयों से पिछले वित्तीय वर्ष में 11 सड़कों पर मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा था। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में शहर समेत कानपुर मंडल के लिए 11 .18 करोड़ की धनराशि शासन की ओर से मुहैया कराई गई है, जिनमें शहर की 11 सड़कों के लिए 851 .92 लाख की धनराशि आवंटित की गई है
>
> – अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी

# एयरफोर्स कर्मी के घर में घुसकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- चकेरी थानाक्षेत्र की घटना, जमीन के विवाद में पड़ोसियों पर आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां में एक एयरफोर्स कर्मी के इलाके के लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए मारपीट करने और उनकी नातिन से छेड़खानी करने का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष ने नाली के विवाद में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।



अहिरवां निवासी एयरफोर्स कर्मी के अनुसार सात जुलाई को इलाके के कुलदीप कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, जीतू कुशवाहा, विवेक, रामनरेश और दीक्षपाल समेत दस अज्ञात लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए घर में घुस आए और उनके परिवार से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनकी 15 वर्षीय नातिन से छेड़खानी की। वहीं दूसरे पक्ष के रामनरेश पाल की पत्नी गीता देवी ने आरोप लगाया कि वह लोग घर में भरे बारिश के पानी को निकालने के लिए नाली खोद रहे थे। एयरफोर्स कर्मी ने इसका विरोध किया और उनके परिवार से मारपीट की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



कदुआ में शहीद हुए जवानों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर प्रार्थना करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# शहीद जवानों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल जलाकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस जनों द्वारा प्रार्थना की गई।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी आदि ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षा बलों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। इस देश का एक-एक नागरिक इस बलिदान को हमेशा याद रखेगा और अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा प्रेरणा लेता रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, राजेश गौतम, पदम मोहन मिश्रा, ग्रीन बाबू सोनकर, मनीष बाजपेई,गुफरान अहमद चांद, जावेद , प्रशांत सोनकर,जमील उस्मानी, पप्पू नेता,शकील मंसूरी, आतिफ रहमान, तनवीर खां मंटू, अशोक वर्मा, दिलशाद अहमद, आदि उपस्थित रहे।

# 14 दिन और बढ़ी उद्यमी नवीन जैन की न्यायिक हिरासत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निचली कोर्ट से जमानत खारिज, आज होगी एडीजे-21 की कोर्ट में सुनवाई
- उर्सला अस्पताल में भर्ती जैन से डीजीजीआई टीम ने लिए बयान

**अमृत विचार।** 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में उद्यमी नवीन जैन की न्यायिक हिरासत 23 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई है। मंगलवार को डीजीजीआई टीम ने मामले की जांच जारी होने का तर्क रखकर कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी, जिसे स्वीकृत कर लिया गया। वहीं निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद अब बुधवार को जमानत पर एडीजे-21 की कोर्ट में सुनवाई होगी।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन की फतेहपुर, मलवां में राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। टैक्स चोरी की जानकारी पर डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की थी।

छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। टीम ने कंपनी डायरेक्टर नवीन जैन को हिरासत में लेते हुए स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया गया था। डीजीजीआई टीम ने मामले की जांच प्रचलित होते हुए सबूतों से छेड़छाड़ होने की आशंका जाहिर कर कंपनी डायरेक्टर को जेल भेजने की मांग की थी।

कोर्ट ने 9 जुलाई तक के लिए नवीन जैन को जेल भेज दिया था। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए स्पेशल सीजेएम आनंदेश सिंह की कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। आरोपी नवीन जैन जेल से 24 घंटे के भीतर बीमार होने का हवाला देकर कार्डियोलॉजी में भर्ती हुआ था, जहां से उसे उर्सला रेफर कर दिया गया था। 9 जुलाई से आरोपी की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी।

मंगलवार को डीजीजीआई टीम ने मामले की जांच जारी होने के कारण 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही टीम ने नवीन जैन के बयान दर्ज करने की कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिस पर आदेश मिलने के बाद टीम ने उर्सला अस्पताल जाकर आरोपी के बयान दर्ज किए।

**समस्या** उद्यमियों की संख्या नहीं बताने से रोजगार मेलों में घटती जा रही संख्या

# कहां से आएं नौकरियां जब नहीं बताते रिक्तियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **25** से अधिक कामगारों वाली 1,186 इकाइयों में 581 ही सेवायोजन विभाग को उपलब्ध करा रहीं भर्ती के आंकड़े

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग को उद्यमी अपने यहां उपलब्ध रिक्तियां बताने से कतरा रहे हैं। सिर्फ 50 फीसदी उद्यमी ही ऐसे हैं, जो रिक्त पदों की संख्या की जानकारी देते हैं। इससे रोजगार मेलों में नौकरी के अवसर कम हो रहे हैं। सेवायोजन विभाग ने अपने यहां पंजीकृत सभी उद्यमियों को रिक्तियों की अद्यतन सूचना देने के लिए पत्र जारी किया जा रहा है।

सेवायोजन विभाग में औद्योगिक इकाइयों का भी पंजीकरण किया जाता है। पंजीकृत औद्योगिक इकाइयां ही रोजगार मेलों में नौकरी के सर्वाधिक अवसर उपलब्ध कराती हैं। सेवायोजन विभाग के रिकार्ड के अनुसार बीते दो वर्षों से लगभग 50 फीसदी इकाइयां या कंपनियां ही मेलों के लिए अपनी रिक्तियां भेज रही हैं। विभाग में 25 से अधिक कामगार श्रेणी में पंजीकृत 1,186 शहरी इकाइयों में सिर्फ 581 इकाइयां ही रोजगार की सूचना देने की प्रक्रिया का पालन कर रही हैं। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि शहर की जो कंपनियां या औद्योगिक इकाइयां रिक्तियों की सूचना नहीं दे रही हैं, उन्हें इस संबंध में पत्र भेजा जा रहा है। इसके अलावा ऐसी औद्योगिक इकाइयां जो नए सिरे से काम शुरू कर रही हैं, उन्हें भी पंजीकरण कराने का पत्र जारी किया जा रहा है।




### सीधी भर्ती को दी जा रही ज्यादा तरजीह

औद्योगिक इकाइयों के रिक्तियां नहीं भेजने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। माना जा रहा है कि औद्योगिक इकाइयां रोजगार मेले से भर्ती करने के बजाए अपने स्तर पर ही युवाओं की भर्ती करने तो तरजीह दे रही हैं। औद्योगिक इकाइयों के इस रवैये से रोजगार मेलों में युवाओं के सामने ज्यादातर नौकरियां शहर से बाहर की उपलब्ध रहती हैं। ऐसी स्थिति में कई बार युवा शहर से बाहर नौकरी करने से मना कर देते हैं।

### हर महीने लगते चार मेले

सेवायोजन विभाग में हर महीने रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए चार रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं। इन मेलों में प्राइवेट कंपनियां युवाओं को रोजगार देने के लिए विभाग आती हैं। यहां पर साक्षात्कार के जरिए युवाओं को रोजगार मिलता है। मेले में शामिल होने के लिए युवाओं को पोर्टल पर पंजीयन या फिर सीधे विभाग में अपना सीवी के माध्यम से पंजीकरण कराना होता है। 15 जुलाई से विभाग में शामिल होने वाले ऐसे युवा जिनका पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ है उनका भी पंजीकरण कराने की सुविधा रोजगार मेलों में दी जाएगी।



तमिलनाडु में बसपा प्रदेश अध्यक्ष की हत्या के विरोध में ज्ञापन देते बसपाई।

### तमिलनाडु बसपा अध्यक्ष की हत्या की सीबीआई जांच हो

- **कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राज कुमार कप्तान की अगुवाई में बसपा के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपा। मांग की गई कि तमिलनाडु बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग एडवोकेट के हत्या की जांच सीबीआई से कराई जाए और दोषियों की फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि चेन्नई स्थित उनके आवास के बाहर शाम को डिलीवरी ब्याय बनकर आए अज्ञात हमलावरों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मांग की गई है कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चले। प्रतिनिधि मंडल में मंडल प्रभारी अनिलपाल आदि थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम अनुज सूत रामनरायन निवासी– ग्राम नरवारी थाना अखण्डनगर तहसील कादीपुर जिला सुलतानपुर,** मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका क्रमांक 1561045–H61/012735 सन् 2017 अनुक्रमांक सं0–1893999. JSHSSP- वासूपुर, अखण्डनगर, सुलतानपुर वास्तव में खो गयी हैं

**सूचना**

सूचित हो कि **राम जियावन पुत्र माधौ निवासी ग्राम असैथा पट्टी बलजोर, थाना– सरपतहाँ, तहसील– शाहगंज, जनपद जौनपुर पिन 223103 (उ0प्र0)** मेरे वर्तमान पासपोर्ट नं0–M4296380 है जिसमें मेरा नाम JIVAN LAL JAISWAR दर्ज है। जबकि मेरे आधारकार्ड व पैनकार्ड में मेरा नाम RAM JIYAVAN दर्ज है। यह कि JIVAN LAL JAISWAR और RAM JIYAVAN दोनों एक ही व्यक्ति है।

**सूचना**

सूचित हो कि ड्राइविंग लाइसेन्स पर मेरा नाम अखिलेश कुमार (AKHILESH KUMAR ) दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम अखिलेश मौर्य (AKHILESH MAURY ) है । अतः मेरा सही नाम अखिलेश मौर्य (AKHILESH MAURY ) परिवहन कार्यालय में दर्ज किया जाय। अखिलेश मार्या पुत्र अजय कुमार मौर्या, निवासी– निन्दूरा, बाराबंकी।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम तौकीर अहमद (TAUKEER AHMAD) व पिता का नाम रज्जाक खां (RAZZAK KHAN) जन्मदिन तिथि 01/05/1960 गलत अंकित हो गई है जबकि मेरे सभी प्रपत्रों में सही नाम तौकीर खां TAUKEER KHAN पिता का नाम अब्दुल रज्जाक खां ABDUL RAJJAK KHAN जन्मतिथि 12/05/1966 अंकित है इसी जन्मतिथि एवं नाम से जाना पहचाना जाए। **तौकीर खां पुत्र अब्दुल रज्जाक खां ग्राम मूसेपुर खुर्द खीरी टाउन थाना व जिला खीरी**

**सूचना**

यह कि मेरे पति का नाम मेवालाल राठौर था। उनके आधार कार्ड में मेवालाल लिखा है। दोनों नाम मेरे पति के हैं। उन्हें दोनो नामों से जाना जाता था। उनका सही नाम मेवालाल राठौर है।– **गंगाजली पत्नी स्व.मेवालाल राठौर, नि.शत्तीपुर, मौजा डयौढा, तहसील तिर्वा, जन.कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम QUTUB ALAM KHAN से बदलकर KUTUB AHMAD KHAN रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- MOHAMMAD MUSA KHAN, Add- VILLAND, POST- JAGANPUR, ROUNAHI, AYODHYA

**सूचना**

मैं सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय राम गुलाम पाठक निवासी 157 अ, बहरा सौदागर पूर्वी भाग 8 , सर्कुलर रोड हरदोई – उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। मैने दिनांक 9 जुलाई 2024 को नौटरी कौशल किशोर के सामने शपथपत्र द्वारा अपना नाम बदल कर 'सुनील कुमार पाठक ' कर लिया है। अब मुझे मेरे नए नाम ' सुनील कुमार पाठक ' से ही जाना जाए ।

**सूचना**

मै **सैय्यद रिज़वान हैदर रिज़वी पुत्र स्व0 सैय्यद मुज़फ्फर हुसैन रिज़वी नि– 443/673, जलनिगम रोड, मेहताबबाग़, ठाकुरगंज, लखनऊ** घोषित करता हूँ कि मेरा नाम SAYED RIZWAN HAIDER RIZVI मेरी पत्नी का नाम MAINAZ FATIMA एवं मेरे पुत्र का नाम MOHD- WAQAR HAIDER RIZVI सभी विषयों हेतु वास्तविक है

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पुत्री दिव्यांका के चाल चलन एवं आचरण से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। पुत्री दिव्यांका से न ही मेरा और ना ही मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना देना है। भविष्य में उसके द्वारा किसी प्रकार का कृत्य किया जाता है तो उसकी जिम्मेदार वह स्वयं होगी, उससे मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता नहीं रहेगा। **विपिन कुमार पुत्र स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद, निवासी –ग्राम नरायनपुर, थाना शिवगढ़, जनपद – रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पुतानी कोरी उर्फ पुत्तन लाल पुत्र स्व0 परिदीन निवासी– ग्राम अमोल कल्ली परिश्चम, लखनऊ** मेरा वास्तविक व सही नाम पुत्तन लाल जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश पुतानी कोरी अंकित हो गया है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पुतानी कोरी के स्थान पर पुत्तन लाल अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े पुत्र सोहराब अली उर्फ सानू मेरे कहने सुनने में नही है। मैं उसकी असमाजिक गतिविधियों से आजिज आ चुका हूं। मैं सोहराब अली उर्फ सानू को अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। सोहराब द्वारा किये गए किसी भी नैतिक व अनैतिक कृत्य के लिए मेरा कोई वास्ता सरोकार नही है। **–हामिद हुसैन पुत्र इमाम अली, ग्राम व पोस्ट थाना व तहसील लंभुआ, वार्ड 09, विवेक नगर, नगर पंचायत लंभुआ, जिला– सुल्तानपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अयोध्या प्रसाद बाजपेई पुत्र स्व. देवी शंकर बाजपेई निवासी ग्राम महराजपुर पोस्ट कोड़रा, थाना सरेनी, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे पुत्र रवीकान्त बाजपेई और पुत्रवधू प्राची उर्फ नम्रता पत्नी रवीकान्त बाजपेई जिनका चाल चलन अत्यधिक खराब है। परिवार में किसी के प्रति कोई लगाव नहीं है। पुत्र और पुत्रवधू के कृत्य समाज विरोधी है। भविष्य उनके द्वारा किए गए लेन–देन और कृत्यों का मेरा और मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा

# ओवरब्रिज से नीचे गिरी बाइक, एक की मौत

## दो गंभीर रूप से घायल, एक बाइक पर सवार होकर तीनों शादी समारोह में तंदूरी रोटी बनाने जा रहे थे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के शुकरुल्लापुर रेलवे ओवर ब्रिज से तीन बाइक सवार नीचे आ गई गिरे। जिससे एक की घटना स्थल पर मौत हो गई । दो गंभीर रूप से घायल हो गये। यह तीनों एक ही बाइक से शमशाबाद थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में तंदूरी रोटी बनाने जा रहे थे।

कोतवाली फतेहगढ़ के गांव बुढना मऊ के रहने वाले सचिन (23) पुत्र रमेश चंद शोभित (26) पुत्र छोटा मुन्नू विशाल (28) पुत्र रघुवीर तीनों तंदूर लगाने का काम करते थे। मंगलवार को वह शमशाबाद थाना क्षेत्र में किसी कार्यक्रम में तंदूरी रोटी बनाने के लिए जा रहे थे । यह तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर जैसे ही थाना नवाबगंज ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचे उसी समय उनकी बाइक पुलके नीचे गिर गई। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया लाया गया । वहां मौजूद चिकित्सक वैभव ने विशाल को मृत घोषित कर दिया और सचिन को हायर सेंटर रेफर कर दिया है । जबकि शोभित की हालत चिंता जनक बनी हुई है । घटना की सूचना पाकर तीनों युवकों के परिजन लोहिया अस्पताल पहुंच गए हैं। पुलिस को सूचना दे दी गई है। मृतक विशाल के पिता रघुवीर ने बताया कि यह तीनों आपस में अच्छे मित्र थे और एक साथ तंदूर लगाने का काम करते थे। एक ही साथ तीनों काम करने जाते थे। आज यह हादसा घट गया है।

रघुवीर का कहना है कि उसके घर में कमा कर खाने वाला केवल विशाल ही था। जिसे कुदरत ने उससे छीन लिया है । उसका कहना है कि अब वह किस तरह से गुजर करेगा यह उसकी समझ नहीं आ रहा है । वही घायलों की परिजन अपने-अपने बेटों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. वैभव का कहना है कि सचिन के सिर में गंभीर चोट है जिसकी वजह से उसे रेफर कर दिया गया है। सभी के सिर में हेड इंजरी है। वहीं दूसरी तरफ पता चला है कि बाइक सवार हेलमेट लगाए होते तो उनकी जान बच सकती थी।



घायल को देखते डॉक्टर। अमृत विचार



लोहिया में रोते बिलखते विशाल के परिजन। अमृत विचार

### दो बाइक आमने सामने भिड़ी, एक गम्भीर

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र में बाइको में आमने सामने भिडंत हो गई ।एक बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जिला हरदोई थाना पाली क्षेत्र के गांव नागखेड़ा के रहने वाले 32 वर्षीय जितेंद्र पुत्र महेश थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव गढ़िया में रिश्तेदारी में आया हुआ था। जैसे ही जितेंद्र अपने साथी के गांव गढ़िया के पास पहुँचा। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार ने जितेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वहगंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया । ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया 108 एंबुलेंस से घायल युवक जितेंद्र को लाया गया है। भर्ती कर डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।

## महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बनीं शिवानी

**फर्रुखाबाद।** अखंड भारत सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने संगठन का विस्तार किया है । डॉ शिवानी शुक्ला को अखंड भारत सेवा दल का महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राजेश दीक्षित उर्फ बबलू ने संगठन को गति देने के लिए पदाधिकारी का गठन किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही दल समाज में शोषित, वंचित, पीड़ित, दलित, गरीब, असहाय व्यक्तियों को न्याय दिलाया जाएगा अन्य सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे समाज में भाईचारा बढ़ाएंगे भय, भूख और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रयास करेंगे। देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का कार्य करेंगे। समाज में फैली भ्रांतियां और कुरीतियों को दूर कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। समाज को नशा मुक्ति एवं शुद्ध आचरण को बढ़ावा देते हुए संगठन समाज में जातिवादवा क्षेत्रवाद परिवारवाद जैसे सभी मुद्दे से हटकर कार्य करेंगे। मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में जनपद फर्रुखाबाद में संगठन को मजबूत किया जाएगा।

# संचारी रोगों के लक्षण व बचाव की जानकारी दी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में जनजागरण

**अमृत विचार।** राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन नुनिहाई में जुलाई माह से प्रारंभ होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सुरेन्द्र सिंह ने चिकित्सालय में आए हुए रोगियों एवं उनके समस्त परिजनो के साथ विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण, निदानऔर बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें अपनी व्यक्तिगत एवम अपने आस पास के परिवेश की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा ।उन्होंने बताया कि, खाना ढककर रखे,हाथ साबुन से साफ करके ही खाना खाएं।बाजार के खुले खाद्य एवं ठंडे पेय पदार्थ लेने से परहेज करे। दिन में बच्चों को पूरी आस्तीन की शर्ट और पैंट पहनकर रखें और रात को मच्छरदानी का इस्तेमाल नियमित रूप से करें । इन दिनों मच्छरजनित रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और दिमागी बुखार जैसे अत्यंत गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। साथ ही उन्होंने घरों, छतों ,और नालियों की नियमित साफ सफाई रखने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसा नियमित रूप से करने से मच्छरों और उनसे फैलने वाली घातक बीमारियों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा । चर्चा के अंत में डाक्टर सिंह ने सभी रोगियों को सार्वजनिक हैंडपंप के आस पास स्वच्छता रखने की सलाह दी ताकि हम सबको शुद्ध पेय जल उपलब्ध हो सके और इस प्रकार हम सब बारिश में होने वाली विभिन्न प्रकार के संचारी रोगों की रोकथाम में सक्रिय रूप से भागीदार बनकर अपने समाज और देश को हर साल इन बीमारियों से होने वाली आर्थिक और जन हानि को समुचित तरीके से रोककर एक सुंदर स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण करने में अपना योगदान दे सकें। इस मौके पर राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह के साथ ,भेषजिक तरुण कुमार, कक्ष सेवक रजत कुमार और राजेश कुमार आदि रहे।

# शहर से हटाया जाएगा अतिक्रमण

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● जिलाधिकारी ने व्यापारियों संग बैठक कर बनाई रणनीति

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में शहर में लगने वाले जाम व पार्किंग के संबंध में व्यापार मंडल व जिला उद्योग बंधु के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया।

बैठक में शहर में अतिक्रमण हटाने के लिये 22 सड़को की सूची अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने प्रस्तुत की । उपस्थित लोगों ने शहर की छूटी हुई प्रमुख सड़को को भी शामिल करने की माँग की गई। जिलाधिकारी ने छूटी हुई सड़को को सूची में शामिल करने के निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी चौराहे पर कोई भी ठेला, ठेली नही लगेगी। माइक से उदघोषणा करा कर सभी दुकानदारों को सूचित किया जाये कि कोई भी रोड पर समान न रखे। न मानने पर सामान सीज किया जाये। साप्ताहिक बंदी दिवस का सख्ती से पालन कराया जाये। अधिशासी अभियंता विद्युत (शहरी) को निर्देशित किया कि रेलवे रोड पर विद्युत केबिल को अंडरग्राउंड करने में कितना खर्च आयेगा सर्वे कर आकलन प्रस्तुत करें। विधुत विभाग ने रेलवे रोड पर पोल शिफ्टिंग का स्टीमेट बहुत अधिक मूल्य का बनाया है। इसका अधिशासी अभियंता लोनिवि पीडी,अधिशासी अभियंता विद्युत (शहरी) व विद्युत के एक अन्य अधिशासी अभियंता की कमेटी बना कर संयुक्त परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये । शहर में चल रहे ई-रिक्शा के रूट निर्धारण के लिए नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सीओ ट्रैफिक, सीओलसिटी,एआरटीओ व व्यापार मंडल के चार सदस्यों के साथ कमेटी बनाकर रुट प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये । लाल चौक में पार्किंग बनाने के लिये चिन्हित जगह का इसी कमेटी द्वारा निरीक्षण किया जाये व रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये, सभी स्कूलों के प्रिंसिपल से बात कर स्कूलों की छुट्टी के समय में अंतर कराया जाये। ईओ को निर्देशित किया गया कि सभी फड़ लगाने बाले व्यापारियों को निर्धारित बेडिंग जोन में ही बैठाया जाये व बेडिंग जोन में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, सीओ ट्रैफिक व व्यापार मंडल के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



व्यापारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

# एचटी लाइन की चपेट में आने से बग्घी चलाने वाले की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● भाई गंभीर, दो घोड़ों की भी हुई मौत

**अमृत विचार।** थाना कमालगंज क्षेत्र में बारात चढ़ाने के लिए बग्गी ले रहे सगे भाई घोड़ो समेत एचटी लाइन की चपेट में आ गए। जिससे कोचवान और दो घोड़ो की मौके पर मौत हो गई। कोचवान का भाई गम्भीर रुप से झुलस गया।

थाना क्षेत्र के गांव सियांपुर का रहने वाला सतेंद्र पुत्र अशोक कुमार शादी विवाह में बग्गी से बारात चढ़ाने का काम करता था। मंगलवार को वह थाना क्षेत्र के गांव मधवापुर में अपने सगे भाई मिलन तथा 3 अन्य को लेकर बारात चढ़ाने जा रहा था। किसी तरह बुग्गी वहां से निकली एचटी लाइन के तार से छू गई ।जिससे बुग्गी खींच रहे दो घोड़ो व सतेंद्र की मौके पर मौत हो गई। आननफानन सभी को कमालगंज ले सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने सत्येंद्र को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से झुलसे उसके भाई मिलन को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर कमालगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना के संबंध में गहन पूछताछ की । थांनाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

### करंट से महिला की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र में खाना बना रही महिला की बिजली करंट से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर कच्छ निवासी जीतू की पत्नी राधा (25) घर में खाना बना रही थी ।वही फर्राटा पंखा चल रहा था। जीतू ने बताया कि पंखे के तार में कट था । हो सकता उसी से पत्नी बिजली के तारों में चिपक गयी हो। राधा किसी प्रकार फर्राटा पंखे के खुले हुए तार से चिपक कर अचेत हो गयी। बिपत्नी को 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल कायमगंज ले गए। डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां ससुरालजनो पर हत्या का आरोप लगा रही है।

# मोबाइल रिचार्ज के दाम बढ़ने पर बीएसएनएल के दिन बहुरे

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● 6 दिन में 10 हजार सिम खरीदे गए

**अमृत विचार।** मोबाइल रिचार्ज के दामों में बढ़ोतरी होने के कारण ग्राहक फिर बीएसएनल की सेवा की तरफ दौड़ पड़े है। जिसकी बजह यह है अभी तक मुख्य बीएसएनएल कार्यालय लालगेट से पिछले 3 जुलाई से 9 जुलाई 2024 तक लगभग 500 से ज्यादा लोगों ने सिम खरीदी हैं। वहीं जनपद फर्रुखाबाद में लगभग 2500 बीएसएनएल की सिम बिकी है। वहीं 7000 ग्राहकों ने जिओ, एयरटेल, वोडा की सिम बीएसएनल में पोर्ट कराई हैं। मात्र 6 दिन में ही लगभग 10 हजार ग्राहक जुड़ गए हैं। मोबाइल रिचार्ज के बढ़ते दामों में आम आदमी को फोन चलाना महंगा पड़ रहा है। अब जरूरत के अनुसार ही फोन चलाया जाएगा। अधिकांश ग्राहक बीएसएनएल की सिम लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के पास दो या तीन सिम है। वह अनिवार्य रूप से एक सिम बीएसएनल की खरीद रहे हैं। 249 रुपये में 45 दिन का बीएसएनएल ने प्लान दिया है। जिसमें अनलिमिटेड कॉल और 2 जीबी डाटा प्रतिदिन एवं एक सिम भी साथ दे रहा है। जो 1999 का है। यह 1 वर्ष तक चार्ज करना नही पड़ेगा। इसमें अनलिमिटेड कॉलिंग 2जीबी डाटा प्रतिदिन मिलेगा ।ग्राहक इसको भी एक बड़े चाऊ से खरीद रहा है। बीएसएनएल के हेड क्लर्क आलोक मिश्रा ने बताया कि 147 रुपए काप्लान 30 दिन का है। जिसमें अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ 10जीबी डाटा एक माह के लिए मिलेगा। 199 रुपए के प्लान में 2जीबी डाटा प्रतिदिन 30 दिन के लिए मिलेगा। इसमें अनलिमिटेड कॉलिंग रहेगी। बीएसएनएल की सिम पिछले एक सप्ताह से तेजी से बिक रही है। आने वाला समय बीएसएनल का फिर होने वाला है। अन्य कंपनियों के सिम लोग अब बदलने के लिए मजबूर हो रहे हैं।



बीएसएनएल कार्यालय में चल रहा सिम बदलने का काम। अमृत विचार

# महिला को फोन पर अश्लील मैसेज भेज रहा था, रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया कि एक सोहदा उनकी पत्नी को अलग-अलग नंबर से अश्लील मैसेज भेज कर परेशान करता है और धमकियां भी देता है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला निवासी पीड़ित ने थाना मेरापुर के ग्राम गढ़ हमीरखेड़ा निवासी आकाश शर्मा पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया कि आकाश शर्मा ने अलग-अलग मोबाइल नंबर से उनकी पत्नी के दो फोन नंबर पर 15 जून को अश्लील मैसेज भेजें। पत्नी की फोटो वायरल करने के साथ अन्य कई तरीके की धमकियां दी। पीड़ित की तबीयत खराब थी इसलिए वह घटना की सूचना देने नहीं आ पाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पल्लेदार की मौत

**फर्रुखाबाद।** पल्लेदारी करके वापस लौट रहे पल्लेदार को ट्रैक्टर नें कुचल दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव मारवाड़ी निवासी 45 वर्षीय सियाराम जाटव पल्लेदारी का कार्य करता था। वह मिंटू मिश्रा की गोदाम गांव बरौन से घर वापस आ रहा था। बरौन पुलिया के निकट ट्रैक्टर ने सियाराम को कुचल दिया। चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। पुत्र सुमित नें पुलिस को तहरीर दी है।

# निरीक्षण में चूल्हे पर बनता मिला मिड-डे मील

संवाद दाता फर्रुखाबाद

● 59 बच्चे पंजीकृत और 25 उपस्थित मिले

● सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने गए थे सीएमओ

**अमृत विचार।** सीएमओ ने राजेपुर विकास खंड के दो सरकारी विद्यायलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें बच्चों की उपस्तिथि भी काफी कम मिली। एक विद्यालय में बच्चों को आयरन की गोली भी नहीं दी जा रही थी। दूसरे विद्यालय में गैस सिलेंडर नहीं होने पर चूल्हे पर मिड-डे मील बनता मिला। बीएसए को अवगत कराया गया है। वही सीएमओ के निरीक्षण में एक हेल्थ वेलनेस सेंटर पर एएनएम अनुपस्थित मिली, जिनको नोटिस जारी किया गया है।

जिले के अधिकारी को एक माह में पांच सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश है। उसी क्रम में राजेपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौटिया का मंगलवार को सीएमओ ने निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक वंदना मौके पर मौजूद मिली। उपस्थित रजिस्टर में 59 बच्चे पंजीकृत थे। वही मौके पर मात्र 25 विद्यार्थी मौजूद मिले। विद्यालय परिसर के चारों तरफ काफी बड़ी खास खड़ी मिली, गंदगी का अंबार मिला। आयरन की गोली विद्यालय में उपलब्ध नहीं थी ना काफी समय से बच्चों को खिलाई जा रही थीं। जब प्रधानाध्यापिका से इस संबंध में पूछ तो बताया गया हमें आयरन की गोली दी ही नहीं जाती,इसलिए वितरण नहीं हो पा रहा है। इसके बाद सीएमओ ने प्राथमिक विद्यालय चित्रकूट में पहुंचकर जायजा लिया। इं. प्रधानाध्यापक सरोज कुमारी से बच्चों के विषय में बात की। रजिस्टर में 59 बच्चे पंजीकृत हैं। जिनमें से 37 मौके पर मिले। सीएमओ ने बच्चों से पढ़ाई के बारे में भी बातचीत की। किताब पढ़वा कर भी देखा, पहाड़ा सुना,कुछ बच्चे ही सही जवाब दे पाए ।जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार के आदेश दिए गए ।रसोइया चूल्हे पर खाना बनाते मिली ।सीएमओ ने पूछा तो बताया की गैस सिलेंडर नहीं मिलता है ।वही गौर तलब है की हर विद्यालय में गैस कनेक्शन है, उसके बाद भी बच्चों को चूल्हे से ही बना भोजन खाने को मिल रहा है ।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बिजली कनेक्शन होने के बावजूद भी बिजली नहीं आ रही थी। जब सीएमओ ने इंचार्ज प्रधानाध्यापिका से बात की तो उन्होंने बताया कि बंदर तार तोड़ गए हैं।

### चाचूपुर उप स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला

उप स्वास्थ्य केंद्र चाचुपुर का भी सीएमओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला। वही मौके पर तैनात एएनएम माधुरी भी उपस्थित नहीं मिली। इसके साथ ही हेल्थ बैलनेस सेंटर के गेट पर ग्रामीणों द्वारा मक्के की फसल को सुखाया जा रहा था। जिसके बरसात में सड़ने से भयंकर बदबू आ रही थी। सीएमओ ने तत्काल अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए ।सीएमओ ने बताया कि रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग के अधिकारियों और शासन को भेज दी जाएगी। हेल्थ बैलेंस सेंटर पर एएनएम के अनुपस्थित नहीं होने पर जवाब तलब किया गया है।

## सार-संक्षेप



निर्वाचन के समय मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### शाक्य महासभा के जिलाध्यक्ष बने शिवम

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय शाक्य महासभा की कार्यकारिणी का चुनाव गांव कुइयाबूट में स्थित एक अकेडमी में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसंपत्ति से शिवम शाक्य निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए। महेंद्र सिंह शाक्य को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई ।सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। राष्ट्रीय कार्यकारणी के पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारी के पदाधिकारी प्रदेश के अन्य जनपदों में कन्नौज, मैनपुरी कासगंज, बदायूं जिलों से आकर पदाधिकारी ने भाग लिया और जिला कार्य कारिणी के पदाधिकारी को बधाई दी। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शाक्य, कन्नौज सहायक चुनाव अधिकारीयोगेश शाक्य को बदायूं की मौजूदगी में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। प्रदेश महासचिव अरुण कुमार शाक्य ने सभी को बधाई दी। कमेटी के जिलाध्यक्ष शिवम शाक्य, महासचिव कौशलेंद्र सिंह शाक्य ,कोषाध्यक्ष वीर सिंह शाक्य नियुक्त किए गए तथा सभी को शपथ दिलाई गई। दिल्ली इकाई की ओर से आए राष्ट्रीय सचिव हरि गोविंद सिंह कवि और सुनील कुमार शाक्य, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार शाक्य, प्रदेश कोऑर्डिनेटर कुलदीप सिंह शाक्य, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य भी मौजूद रहे।

### किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद।** शादी समारोह में भाग लेने आए पड़ोसी जिला कन्नौज के किशोर ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कन्नौज के थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के गांव पट्टियां निवासी 14 वर्षीय सुमित पुत्र संतोष थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव औलामऊ निवासी सुमेस के पुत्र कुलदीप की शादी में भाग लेने आया हुआ था । मंगलवार को सुमित ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। स्थानीय लोगों की मदद से सुमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया ।जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया जहरीला पदार्थ खाया हुआ 14 वर्षीय सुमित को लाया गया है। हालत नाझुक है भर्ती कर लिया गया है ।



अस्पताल में भर्ती सुमित।

### जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए मांगा सुविधा शुल्क

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के महोल्ला बगिया निवासी विपिन की पत्नी नैन्सी अपनी 2 बर्ष 5 माह पुत्रीका जन्म सर्टीफिकेट बनवाने के लिए अस्पताल आयी थी। नैन्सी ने बताया कि कायमगंज सी एच सी मे ही प्रसब हुआ था। बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चक्कर काट रही महिला से ऑपरेटर अमित पर आरोप लगते हुए कहा कि प्रमाण पत्र विना पैसे के नहीं बनेगा । 300 रुपये मांगे और कहा कि वह आज 250 रुपये जमा कर देगी तो दूसरे ही दिन उसको जन्म प्रमाणपत्र मिल जाएगा।

बाढ़ के संकेत — नरौरा बांध से छोड़ा गया एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, चेतावनी बिंदु से 40 सेमी दूर

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश का अवसर मैदानी इलाकों में बड़े स्तर पर देखने को मिल रहा है। जिले में पिछले दो दिनों में गंगा नदी का जलस्तर में काफी बढ़ गया है ।अब गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु से मात्र 40 सेंटीमीटर दूर रह गया है। 24 घंटे के अंदर गंगा नदी का जिले में पौने दो मीटर जलस्तर बढ़ जाना खतरे की घंटी साबित हो रहा है।

जिले में गंगा व रामगंगा नदी के बाढ़ का प्रकोप पिछले वर्ष काफी बड़े स्तर पर देखने को मिला था। अब गंगा व रामगंगा नदी के जलस्तर में आ रहे उफान से ऐसा लगता है कि इस साल भी बाढ़ का विकराल रूप जिले की जनता को झेलना पड़ेगा। मंगलवार को नरौरा बांध से गंगा नदी में 115185 क्यूसेक पानी छोड़ा गया ।जिससे गंगा नदी के जलस्तर में जिले में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली ।जहां सोमवार को गंगा नदी का जलस्तर 134.45 मीटर था, अब वह बढ़कर 136.20 से मी पहुंच गया है। जिले में गंगा नदी का चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर पर है। वही खतरे का निशान 137.10 मीटर पर है। रामगंगा नदी में खो, हरेली, रामनगर बैराज से मंगलवार को 15785 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा का जलस्तर 10 सेमी बढ़कर 135. 35 मी पहुंच गया। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से राजेपुर ब्लॉक के करनपुर घाट में कटान का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही गंगा की बाढ़ की चपेट कई गावों के आने के आसार बन रहे है।



गंगा का बढ़ा जल स्तर। अमृत विचार

# प्रशिक्षु जीएनएम छात्रा की ट्रेनिंग में बिगड़ी हालत

संवाद दाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोहिया अस्पताल की महिला यूनिट में ट्रेनिंग कर रही प्रशिक्षु जीएनएम छात्रा की अचानक हालत बिगड़ गई ।गर्मी के चलते उल्टी आने से उसे गश आ गया ।अन्य साथी छात्राओं ने इमरजेंसी में भर्ती करवाया है ।ह्रदय रोग विशेषज्ञ को भी दिखाया गया।

कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नवदिया निवासी आरुषि बघार स्थित एक मेडिकल कॉलेज में जीएनएम की अंतिम वर्ष की छात्रा है। वर्तमान में उसकी ट्रेनिग महिला अस्पताल के एक विंग में चल रही थी ।मंगलवार को ट्रेनिग के दौरान गर्मी लगने से हालत बिगड़ गई ।कई बार उल्टी आने से गश आ गया ।जिससे अन्य साथी छात्राओं में हड़कंप मच गया ।आनन फानन में जिला अस्पताल लोहिया पुरुष की इमरजेंसी में आरुषि को भर्ती कराया ।ईएमओ डॉ वैभव यादव ने उपचार किया ।छात्रा ने बताया की उसको ह्रदय से जुड़ी बीमारी पहले से है। ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज पांडे को भी दिखाया गया ।वही उसका उपचार जारी है। छात्राओं ने आरोप लगाया की टीचर मनमानी ड्यूटी लगाते हैं।



छात्रा आरुषि बघार।

# हादसों में दो लोगों की मौत, चार घायल

## हाईवे पर टकराए लोडर, इकदिल थाना क्षेत्र में लोडर ने बाइक में मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव बिजौली के पास हुई। जहां दो लोडर के आपस में टकराने से एक लोडर पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। औरैया जिला के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव छछूंद निवासी राम शंकर (35) पुत्र मुन्नी लाल लोडर लेकर हाईवे पर जा रहे थे। बिजौली के पास सामने से आए एक लोडर से उनके लोडर की टक्कर हो गई। हादसे में राम शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इसके अलावा बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला सलहदी गांव निवासी दर्शन सिंह( 27) पुत्र दुर्विजय सिंह एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उनकी मौत हो गई। तीसरी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के गांव चितभवन के पास हुई। जहां बाइक से जा रहे रविकांत पुत्र श्याम लाल निवासी चितभवन को लोडर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रविकांत घायल हो गए।

चौथी घटना पछायगांव थाना क्षेत्र के गां पछायगांव के पास हुई जहां ऑटो में बैठकर जा रहे ईशान पुत्र राम लखन को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पांचवी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरी परा चौराहे के पास हुई जहां बाइक से जा रहे संदीप कुमार पुत्र उमा शंकर निवासी नगला जैक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा जसवंत नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर तहसील के पास सामने किसी वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

● घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती




### ट्रक ने लोडर में मारी टक्कर, दो लोग लहूलुहान

■ **जसवंतनगर।** नेशनल हाईवे पर मंगलवार की दोपहर पीसीएफ गोदाम के पास स्थित फ्लाई ओवरब्रिज पर एक-दूसरे को क्रॉस करने की होड़ में एक तेज रफ्तार ट्रक की कट लग जाने से लोडर फ्लाई ओवर पर चढ़ने के दौरान डिवाइडर में जा घुसा। गनीमत रही कि लोडर फ्लाई ओवरब्रिज से नीचे नहीं गिरा वरना बड़ा हादसा हो जाता। लोडर लेकर जा रहे गाजियाबाद जिले के राकेश मार्ग, लाल कुआं, थाना घंटाघर निवासी दीपक भारद्वाज (22) पुत्र त्रिवेदी भारद्वाज व उसका भाई अंकित भारद्वाज (24) घायल हो गए। दोनों गाजियाबाद से लोडर में एनटीपीसी गेल इंडिया कंपनी की कुछ मशीनरी लेकर औरेया जिले के दिबियापुर जा रहे थे। ट्रक की टक्कर में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया है।

### ऑटो पलटने से दो लोग हुए जख्मी

■ **इकदिल।** मानिकपुर ग्वालियर बाईपास यमुना नदी पुल के पास थाना क्षेत्र में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया ऑटो में सवार पांच सवारियों में दो लोग घायल हो गईं। गांव नेवरपुर तथा जोधपुरा के रहने वाले रामदास व वीरेंद्र सिंह सोमवार देर शाम को ऑटो में सवार होकर अपने रिश्तेदारों के साथ मध्यप्रदेश में भिण्ड में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उक्त स्थान पर ऑटो पलट गया। इसमें तीन सवारियां बाल बाल बची, उपरोक्त दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने रोड पर पलटे ऑटो को सीधा कराकर उसमें फंसे घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

# लूट के दोषी को 6 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**7 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार ने सुनाया फैसला**

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार श्रीवास्तव ने सात साल पुराने लूट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे छह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आरटीओ कार्यालय के पास स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी शाहरूख खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वह एक अप्रैल 2017 की रात करीब एक बजे अपनी पत्नी मीना, मां सीमा के साथ रिक्शे से जिला अस्पताल से अपने घर कांशीराम कॉलोनी जा रहा था। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास टाटा सूमो में सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया और तमंचा की बट से मारपीट करते हुए उसकी मां व पत्नी के पास से कुंडल, मंगलसूत्र, टॉप्स, नगदी व उनका मोबाइल लूट लिया।

छानबीन में लूट के मामले में सुनील कुमार उर्फ राम कुमार पुत्र अजय पाल निवासी सरसई हवेली, थाना करहल का नाम प्रकाश में आया।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लूटा सामान बरामद कर लिया। बाद में आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यो व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सुनील कुमार उर्फ राम कुमार को छह साल की सजा सुनाई।

### पॉक्सो एक्ट के दोषी को तीन साल का कारावास



**इटावा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडे ने चार साल पुराने पॉक्सो एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे 3 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि जसवंत नगर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसकी बहन 20 नवंबर 2019 को अपनी सहेलियों के साथ कोचिंग पढ़ने के लिए ट्रेन से इटावा आई थी। कोचिंग पढ़ने के बाद जब वह ट्रेन से वापस घर लौट रही थी तभी ट्रेन में शिवम पारासर पुत्र अजय निवासी रेल मंडी जसवंत नगर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने उसके साथ गाली गलौज की। सूचना मिलने पर वह जसवंत नगर स्टेशन पहुंच गया और छेड़छाड़ करने वाले शिवम को पकड़ लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने शिवम पाराशर को दोषी पाया और उसे तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# गोतस्करी के दोषी को एक साल की सजा

**इटावा।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 9 अकुर शर्मा ने एक साल पुराने गो तस्करी व पशु क्रूरता अधि.के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे एक साल की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि 20 जून 2023 को थाना बसरेहर पुलिस ने एक ट्रक कंटेनर जिसमें 10 जिंदा व 06 मृत बैल लदे हुए थे, को बरामद किया था। इस संबंध में थाना बसरेहर पर मामला पंजीकृत किया गया था। विवेचना अधिकारी एसआई अरुण कुमार तिवारी द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर मोहम्मद नईम उर्फ शाका पुत्र मोहम्मद मोविन निवासी नूरी मस्जिद के पास सराय हातिम सम्भल के विरूद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने नईम को दोषी पाते हुए एक साल की सजा सुनाई व एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## ताइक्वांडो में प्रतिभा के प्रदर्शन की तैयारी...




**इटावा।** इटावा ताइक्वांडो की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएगी। प्रतियोगिता 9 से 14 जुलाई तक लखनऊ में होगी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम रवाना हो गई है। इटावा ताइक्वांडो संघ के सचिव हिमांशु यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन किया जाएगा। इटावा से 20 सदस्यीय टीम को तैयार किया गया है। इसमें सौरभ, रुद्र, सोनाक्षी, प्रियदर्शन, आयुष, वैष्णवी यादव, तृषा सिंह, अविग्घिन और सिद्धि (सीनियर कैटेगरी में) तथा अभिराज, अंशुल, सानिध्य, कौस्तुब, राघव, हर्षित, प्रशांत, अमरीश और ओम शर्मा फ्रेशर कैटेगरी में रहेंगे। हिमांशु यादव ने बताया कि प्रतियोगिता की दोनो श्रेणी की स्पर्धाओं पूमसे तथा किरोगी( फाइट) में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। टीम मैनेजर का कार्यभार श्यामजी सक्सेना संभालेंगे। ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष प्रत्युष तिवारी, मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता तथा संरक्षक एडीएसओ देवेंद्र पाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। ● अमृत विचार

# सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीता राम ने मंगलवार को सीएचसी जसवंतनगर का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठक कर संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी ली।

केंद्र अधीक्षक को गांव में लोगों को बीमारियों पर जागरूक करने को कहा। साथ ही डेंगू बीमारी से बचाव को लोगों को घर के आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित करने को कहा। सीएमओ ने परिसर का भ्रमण करके सीएचसी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साफ सफाई रखने को आदेशित किया। उन्होंने कहा है कि सरकार की मंशानुसार कार्य किया जाए।

यहां अस्पताल में हर मरीज को बेहतर इलाज व सभी सुविधाएं मुहैया कराने जाएं। आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य मे तेजी लाई जाए। इसके बाद उन्होंने यहां पर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार व अन्य सम्बंधित स्टाफ के साथ बैठक की।



जसवंतनगर सीएचसी में बैठक करते सीएमओ डॉ. गीता राम। अमृत विचार

# हक पर चलने वालों के साथ हैं इमाम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शहीदे आज़म और शहीदाने कर्बला की याद में शहर में विभिन्न इमाम बारगाहों में मजलिसों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया। शिया समुदाय ने मजलिसों में शिरकत कर गमे शहीदाने कर्बला मनाया। इमामबारगाह अज़मत अली पर राहत हुसैन रिज़वी, घटिया अज़मत अली पर अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई व नोरंगाबाद में अख़्तर अब्बास, ज़हीर अब्बास के घर आयोजित मजलिस में मौलाना मोहम्मद जॉन दिल्ली ने कहा इमाम हुसैन मदीना, कर्बला, शिया, हिंदू या मुसलमानों के नहीं हैं बल्कि जो इंसान हक और बातिल, मज़लूम और ज़ालिम में फर्क समझे और हक व मज़लूम की पैरवी करे इमाम हुसैन उसी के हैं।

आलमपुरा इमामबारगाह में शारिक समीर शानू की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना गुलज़ार हैदर छोलसी ने तक़रीर में कहा अल्लाह ने इंसान को पैदा किया और मौत भी देगा लेकिन अल्लाह ने फरमाया है कि अगर दम निकले तो इबादत में निकले। रसूल अल्लाह ने फरमाया कि अली का चेहरा देखना और मोहब्बत करना इबादत है। रसूल अल्लाह की हदीस है कि मेरे एहलेबैत से मोहब्बत करो। अंजुमन हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया नोरंगबाद में राशिद हुसैन के घर, बड़ा इमामबाड़ा पक्की सराय पर गुलामुस सैयदेन, सैदबाड़ा इमामबाड़ा पर राहत अक़ील, इमामबाड़ा वक्फ काज़मी व तमीजन में मुतवल्ली राहत हुसैन रिज़वी, नोरंगाबाद में राशिद हुसैन, मिश्री टोला में रज़ी हैदर की ओर से मजलिसों का आयोजन किया गया। सोजख्वानी सलीम रज़ा, जहूर नक़वी, अश्शू रिज़वी ने की, नोहाख़्वानी तनवीर हसन, राहिल सगीर, सैफू ने की और अली मेहदी, अख़्तर अब्बास ने कलाम पेश किए।



मजलिस में तक़रीर करते मौलाना जान। अमृत विचार

● शहीदाने कर्बला की याद में हुआ मजलिसों का आयोजन

# जल सैनिकों ने पौधे रोप दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के जल सैनिकों ने ग्राम सुल्तानपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जल संरक्षक निर्मल सिंह ने गूलर, पीपल, जामुन, आंवला, सागोन के पौधे सुल्तानपुर गांव में मंदिर के पास लगाए। देखभाल अजय बाबू करेंगे। उन्होंने सभी से पौधरोपण का आह्वान किया। अश्विनी यादव, अंकुर यादव, पियूष और करण मौजूद रहे।




पौधरोपण करते जल सेना के कार्यकर्ता।

# किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव क्षेत्र के गांव रूद्रपुर निवासी सवेश कुमार की 17 वर्षीय पुत्री सिंधु ने किसी कारण से नाराज होकर अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिवार के लोगों ने जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका मिला। युवती की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नदियों की सफाई समय से कराई जाए

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** तहसील ताखा में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष युवा संजेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों किसानों के साथ सात सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी ताखा देवेंद्र पांडेय को सौंपा गया। जिसमें अहनैया और पुरहा नदी की सफाई, आवारा पशुओं से सुरक्षा, किसानों को रोस्टर के अनुसार बिजली देने, सरकारी अस्पतालों में दवाई और चिकित्सकों की कमी दूर करने, गरीब किसानों को समय पर सस्ता इलाज उपलब्ध कराने, लिंक मार्गों पर झाड़ियों को साफ कराने आदि की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया है कि सभी मुद्दों का समय से न निपटारा न किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बड़ा आंदोलन करेगी। जिला अध्यक्ष मन्नू सिंह, युवा जिला अध्यक्ष संजेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला महासचिव केपी सिंह, तहसील अध्यक्ष हेतराम, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर, ग्राम अध्यक्ष बंगाली बाबू, रामकिशोर, राम बहादुर, प्रमोद, सुधीर कुमार, उदयवीर सिंह, बंगाली बाबू, रामकिशोर, तहसील अध्यक्ष हेतराम आदि मौजूद रहे।



एसडीएम देवेंद्र पांडेय को ज्ञापन देते भाकियू के नेता। अमृत विचार

● भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## सार-संक्षेप

### युवक ने धारदार हथियार से काटा अपना गला

**जसवंतनगर।** कस्बे के मोहल्ला महलई टोला के रहने वाले एक 32 वर्षीय युवक ने आत्महत्या के उद्देश्य से किसी धारदार हथियार से अपने गले एवं बाएं हाथ को काट लिया। इससे वह घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया की मोहल्ला महलई टोला का रहने वाले इस्लामुद्दीन के पुत्र निजामुद्दीन ने आत्महत्या के उद्देश्य से अपनी गर्दन एवं बाएं हाथ पर गहरे घाव कर लिए। इमरजेंसी वार्ड में उसका इलाज किया जा रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### 8 ग्राम पंचायतों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

**महेवा।** ब्लाक महेवा के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग 8 ग्राम पंचायतों में नवीन उपकेंद्र का निर्माण कराएगा। सीएचओ, एएनएम, आशा नियमित रूप से बैठकर ग्रामीणों का इलाज करेंगे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने बताया कि शासन ने विकास खंड क्षेत्र के ग्राम भूलपुरा, नसीदीपुर, दाईपुरा, इंगुर्री, कुडरिया, दाउदपुर, कुनैठा व अलियापुर में नवीन स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण की मंजूरी दी है।

### समाजसेविका का निधन

**महेवा।** ग्राम पंचायत महेवा के मजरा नया नगला में समाजसेविका नया नगला निवासी शिक्षक राजू गौतम की वयोवृद्ध दादी रामदेवी (80) का मंगलवार को निधन हो गया। प्रधान कुमुद सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव चौधरी, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, पूर्व प्रधान संजय पाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नीरज दोहरे, क्षेत्र पंचायत सदस्य पुरावली मिथुन पांडेय, हरी बाबू गौतम आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### आतंकवाद के खिलाफ आरपार का हो संघर्ष

**महेवा।** जम्मू कश्मीर के कठुआ में पांच वीर सैनिकों की शहादत पर लोगों ने केंद्र सरकार से आतंकवाद को पूर्ण रूप से नष्ट करने की मांग की है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही आतंकी घटनाओं में सेना के जवान शहीद हो रहें हैं। इसके चलते देश वासियों में आक्रोश है। देशवासियों ने पीएम व रक्षा मंत्री से आतंकियों तथा उनके पनाहगारों से आरपार से निपटने की मांग की है। मांग करने वालो में डॉक्टर हरी चौबे, आशुतोष कुमार, मोहित कुमार, सोहित दिवाकर, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुराना शहर के मोहल्ला मालियान टोला छिपैटी में एक युवक ने घरेलू कारणों से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी लीला समाप्त कर ली। मोहल्ला निवासी विजय कुशवाहा (33) पुत्र बृज किशोर घरेलू कारणों से परेशान था। बताया जाता है कि इसी के चलते उसने फांसी लगा ली।

### किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। एसआई विपिन मलिक ने बताया कि सुखबीर के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उसकी तलाश में थी। पुलिस ने नेशनल हाईवे पर ब्लॉक के सामने फ्लाई ओवर के नजदीक से सुखबीर को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया गया है।

### शिक्षकों के लिए डेथ वारंट है डिजिटल हाजिरी

**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शेखर यादव के नेतृत्व में मंगलवार को शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं की मूल मांगे 40 ईएल, 15 सीएल, 15 हाफ-डे लीव एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा जब तक नहीं मिल जाता, तब तक समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं डिजिटल हाजिरी का जमकर विरोध करेंगे। शिक्षक संघ की जिला मंत्री लीना सिंह चौहान ने कहा यह पूर्णत अव्यावहारिक है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में जहां पर बरसात के मौसम में आवागमन में बेहद कठिनाई होती है। ऐसे समय में डिजिटल हाजिरी डेथ वारंट के समान है। प्रणव यादव, सुनील कुमार, ममता मिश्रा, मोहिनी शुक्ला, सुमीना, उमेश कुमार, आशा देवी, हरिओम, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

**आक्रोश** जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता जारी रहेगा संघर्ष

# ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ दूसरे दिन भी प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी दूसरे दिन भी नहीं लगी। शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि शिक्षकों की समस्याओं का निदान किया जाए। उनकी मांगें मानी जाए और राज्य कर्मचारियों की तरह व्यवहार किया जाए। शिक्षक संगठनों के नेताओं का दावा है कि दूसरे दिन किसी भी शिक्षक ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। शिक्षक स्कूल तो पहुंचे और बच्चों को पढ़ाया लेकिन ऑनलाइन हाजिरी ही लगाई। कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाएंगे।




काली पट्टी बांधकर विरोध व्यक्त करते शिक्षक। अमृत विचार

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी लगानी है। यह व्यवस्था सोमवार से लागू की गई थी लेकिन लगातार दूसरे दिन भी यह व्यवस्था फ्लाप रही। शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए तैयार नहीं है और शिक्षक संगठन भी ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक ऑनलाइन हाजिरी नही लगाई जाएगी। इसके साथ ही शिक्षकों के साथ राज्य कर्मचारियों जैसा व्यवहार किए जाने की मांग भी की जा रही है।

### टैबलेट नहीं बता रहा सही लोकेशन

**इटावा।** ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए शिक्षकों को टैबलेट दिए गए हैं। लेकिन स्थिति यह है कि ऑनलाइन हाजिरी के लिए टैबलेट पर सही लोकेशन ही नहीं आ रही है। स्थिति यह रही कि शिक्षक स्कूल में हैं तो टैबलेट उनकी लोकेशन स्कूल से कई किलोमीटर दूर की बताता रहा। अध्यापकों ने इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताया है।

इस मामले को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठन आंदोलन भी कर रहे हैं। जूनियर शिक्षक संघ केआहवान पर जूनियर स्कूलों के शिक्षक काली पट्टी बांधकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं और इस आनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में जूनियर शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव पाठक का कहना हैकि संघ के आह्वान पर शिक्षक 14 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे और अपनी मांगों को लेकर 15 जुलाई को धरना देंगे। इसी तरह अंतर्जनपदीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने बताया हैकि शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक आनलाइन हाजिरी का कालीपट्टी बांधकर विरोध कर रहे हैं। पहले दिन की ही तरह लगातार दूसरे दिन भी बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई और अभी तक चली आ रही व्यवस्था के तहत आफलाइन हाजिरी ही लगाई।

# पोषण के बारे में फैलाई जागरूकता

**इटावा।** यूपीयूएमएस फैकल्टी ऑफ नर्सिंग संकाय ने मंगलवार को पोषण सप्ताह मनाया। इस वर्ष की थीम फ्यूल योर बॉडी फ्यूल योर सॉल थी। जिसके अंतर्गत नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने अपनी कम्युनिटी पोस्टिंग के दौरान गांव में हर वर्ग के लोगों को पोषण से जुड़ी जानकारियां साझा की। हर आयु वर्ग के लोगों को बेहतर पोषण के लाभ बताए। कार्यक्रम के समन्वयक अरविंद सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने रोगियों की बीमारी की स्थिति के अनुसार संबंधित आहार योजनाओं( थैरेपिक डाइट) के साथ-साथ विभिन्न व्यंजन तैयार किए। कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह व रजिस्ट्रार डॉ. चंद्रवीर ने व्यंजनों का जायका लिया। सुनीता गौतम, आंचल और नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर समन्वयक अंकित राज श्रीवास्तव का योगदान रहा।

## एक नजर

### नाबालिग को ले जाने का आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**अयाना।** अयाना पुलिस पर पीड़ित पिता ने लगाए गंभीर आरोप नाबालिग लड़की को गलत नियत से बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज किया है लेकिन गिरफ्तार नही किया है। पीड़ित के पिता ने पुलिस पर लगाए आरोप। थाना प्रभारी ने बताया कि अयाना थाना में गांव खेरा ड़ाड़ा के मोहन सिंह पुत्र रामौतार ने शिकायत दी थी कि 21 मई को उसकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को आरोपी बहला-फुसला कर ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगा।

### आधा दर्जन शातिरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**औरैया।** दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू ने शातिर अपराधी राजा पुत्र अतहर निवासी मोहल्ला जुबेरी थाना फफूंद, अंकुल पुत्र संतराम यादव, निवासी पत्तापुर, थाना किशनी, जिला मैनपुरी, आशु यादव पुत्र शिशुपाल यादव निवासी नगला धौकल, थाना बिधूना, हृदेश कुमार पुत्र मानसिंह निवासी ब्रम्हपुर नगरिया, थाना सौरिख, जनपद कन्नौज ,अंजुल यादव पुत्र रामबीर निवासी नगला धौकल, थाना विधूना, विवेक यादव उर्फ भोले पुत्र औसान निवासी ग्राम पुर्वा मदा, थाना दिबियापुर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है।

# राजस्व वसूली का कार्य तेज करें लापरवाही न हो: जिलाधिकारी

## कर-करेत्तर के कार्यों की विभागवार समीक्षा में अधीनस्थों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** राजस्व वसूली को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने के लिए कार्य योजना बनाकर प्रवर्तन कार्य आदि करते हुए राजस्व वसूली को माहवार लक्ष्य के सापेक्ष करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मंगलवार को आयोजित कर-करेत्तर के कार्यों की विभागवार समीक्षा करते दिए।

उन्होंने कहा कि जहां भी प्रवर्तन कार्य में संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता है वहां संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर प्रवर्तन कार्य करते हुए राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। प्रयास करें कि मासिक लक्ष्य पूर्ण होता रहे जिससे निर्धारित समय में लक्ष्य पूर्ति संभव हो सके। इसके लिए विभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर भी समीक्षा करते रहें। जिससे प्रगति की स्थिति की जानकारी हो सके और कम राजस्व वसूली को बढ़ाया जा सके।


बैठक में दिशा-निर्देश देतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व एडीएम महेंद्र पाल सिंह।

जिलाधिकारी ने आबकारी, वाणिज्य कर, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, नगर विकास, वानिकी, वाट माप, लघु सिंचाई, खनन, कृषि विपणन आदि की समीक्षा की। कहा कि पटल से संबंधित लंबित मामलों का निस्तारण सूचीबद्ध करते हुए प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें जिससे कोई भी पुराने मामले लंबित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि जो भी पांच /पांच वर्ष से पुराने वाद लंबित हैं उनका निस्तारण सूचीबद्ध करते हुए कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निस्तारित मामलों को पोर्टल पर अवश्य अंकित किया जाए जिससे पोर्टल पर लंबित/निस्तारित मामले सही रूप से प्रदर्शित हों और उनकी सही जानकारी शासन-प्रशासन को मिल सके। उन्होंने कहा कि एसडीएम /तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि संपूर्ण समाधान दिवस में विरासत संबंधी प्राप्त होने वाले आवेदनों का वरीयता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें जिससे आवेदक को अपने मामले के लिए बार-बार परेशान न होना पड़े।

इस अवसरन पर अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार सहित संबंधित पटलों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## यूडायस कोड न मिलने से छात्रा का प्रवेश लटका

**ककोर, औरैया।** जिले में तमाम ऐसे विद्यालय हैं जिनके बेसिक शिक्षा में यू डायस कोड अधूरे हैं या फाइल की कमी से शिक्षा विभाग द्वारा यू डायस कोड प्राप्त नहीं हुए हैं। इसमें विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही खुलकर सामने आई है। वहीं मानक पूरे न होने से शिक्षा विभाग द्वारा यू डायस कोड नहीं दिए गए। निजी स्कूलों के मानक पूरे न होने के कारण बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है।

जिला मुख्यालय के निकट आरजेडी पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया ने अपने माता-पिता के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला अधिकारी से यू डायस कोड नहीं मिलने की शिकायत की है। कक्षा 8 की छात्रा रिया पुत्री सोनू बाबू ककोर निवासी का इस वर्ष नवोदय विद्यालय में चयन हो गया है। लेकिन विद्यालय द्वारा यू डाइस कोड न होने के कारण प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। एक पखवाड़ा पहले ज्ञान कुंज पब्लिक स्कूल जमौली की छात्रा पल्लवी ने भी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था।

# सिपाही बनकर ठगी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता अयाना,औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के कौशिल्या वाटिका में 3 जून को भागवत कथा के दौरान हुई टप्पेबाजी के जेवरात लौटाने के नाम पर एक शातिर ने स्वयं को अयाना थाना का सिपाही बताकर रुपये की मांग की। पीड़िता ने थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दे दी। मंगलवार को पुलिस ने मुढ़ी नहर पुल के पास से शातिर को गिरफ्तार लिया। जबकि उसके साथी मौके से भाग निकले।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल, एसआई हेमंत कुमार ने टीम के साथ मंगलवार सुबह मुढ़ी पुल के पास घेराबंदी कर एक शातिर को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अयाना कस्बा की कौशल्या वाटिका में भागवत कथा के दौरान 3 जून को टप्पेबाजों ने पांच महिलाओं के साथ टप्पेबाजी की थी। मामले में छह लोगों को पकड़कर जेल भेज दिया गया था।

पीड़िता प्रेमा देवी के पास एक युवक ने फोन कर स्वयं को अयाना थाना का सिपाही विकास बताया और चोरी गए जेवर की वापसी के बदले 20 हजार रुपये मांगे। पीड़िता के नाती दिशांक सेंगर द्वारा बातचीत करने पर आरोपी 10 हजार रुपये देने की बात पर राजी हो गए थे।

शक होने पर पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। पूछताछ में शातिर ने अपना नाम नाहर सिंह यादव निवासी भदरई उदयपुरा, थाना लिधौरा टीकमगढ़, मध्यप्रदेश हाल निवास बलोतरा, बाड़मेर, राजस्थान बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गांव के राहुल यादव व रंजीत के साथ मिलकर एफआईआर कॉपी निकालने के बाद पीड़ितों से संपर्क कर चोरी गया सामान वापस दिलाने का झांसा देकर पीड़ितों से रुपये ऐंठ लेते थे। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को जेल भेजा गया है।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस एवं जुटे लोग। अमृत विचार

# दुर्घटना में पूर्व सैनिक समेत दो लोगों की मौत, दो जख्मी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कस्बा के बाबरपुर स्थित हाईवे किनारे पर एक मैरिज होम के सामने कंटेनर ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार सवार चार लोगों मे से दो की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए।

इटावा जनपद के थाना भरेह के अंतर्गत पहालन गांव निवासी पूर्व दस्यु अरविंद गुर्जर की पुत्री नंदिनी व मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी गोलू के विवाह की रस्में चल रही थीं। विवाह में शामिल होने के लिए पहालन गांव निवासी सेवानिवृत सैनिक राजुवेंद्र सिंह उर्फ लऊआ (55) पुत्र नबाब सिंह की कार का चालक भरेह थाना अंतर्गत महुआसूंडा गांव निवासी पप्पू पुत्र जयकरन सिंह, पहालन गांव निवासी विहंगम सिंह पुत्र गुरुनारायण सिंह, इमिलिया भरेह गांव निवासी लालजी पुत्र गोविंद सिंह भी आये थे।


पप्पू।

राजवेंद्र, विहंगम, लालजी को कार से राजवेंद्र कहीं ले जा रहा था तथा कार को पप्पू चला रहा था। मैरिज होम से कार हाईवे पर पहुंची तभी औरैया से इटावा की और जा रहा कंटेनर की कार से भिड़ंत हो गई और कार में सवार सभी लोग फंस गए। लोगों ने कार मे फंसे लोगो को बाहर निकाला और सीएचसी अजीतमल भेजा, जहां चिकित्सकों ने राजवेंद्र और कार चालक पप्पू को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो लोगों को सैफई रेफर कर दिया।

सीओ राममोहन शर्मा ने बताया कि बीती रात मां शारदा मैरिज होम के पास लगभग एक बजे हाईवे किनारे खड़ी एक कार में तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर कर दी। जिससे कार सवार दो लोगो की मौत हो गई ।जब कि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया जिसे सैफई रेफर कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला घायल

**औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विलावा निवासी आशा देवी पत्नी अमर सिंह गांव के ही एक किसान के खेत पर मजदूरी करने गईं थीं। हाईवे स्थित लालपुर गांव के सामने सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर वह घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सको ने सैफई के लिए रेफर कर दिया।

## रोजगार मेले का आयोजन 17 को

**औरैया।** जिला सेवायोजन अधिकारीआशीष शुभम चौधरी ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय में 17 जुलाई 2024 को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आयु वर्ग 18 से 40 वर्ष पुरुष/ महिलाएं अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल www.rojgarsangam.up.gov.in पर पंजीयन अनिवार्य है। कंपनियों को अपना रोजगार संगम पर अपना पंजीयन अनिवार्य है। जिसमें आए हुए कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों पर 17 जुलाई 2024 को समय 10:00 बजे से साक्षात्कार लिया जाएगा, के साथ-साथ शैक्षिक योग्यता, जाति निवास संबंधी प्रमाण पत्र मूल रूप में लाना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी जिला सेवायोजन कार्यालय, ककोर मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

# सामूहिक विवाह समारोह में 19 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव जैतपुर डेरा में मंगलवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमे औरैया, कन्नौज, कानपुर देहात, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, गाजियाबाद जनपद के 19 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर जीवन भर साथ निभाने की रस्म अदा की। मुख्य अतिथि फफूंद चैयरमैन मोहम्मद अनवर ने सभी नवविवाहित जोड़ों को सूट भेंटकर उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।


नवविवाहित जोड़े को उपहार भेंट करते चेयरमैन। अमृत विचार

- बंजारा समाज के कार्यक्रम में फफूंद चेयरमैन ने सूट भेंटकर दिया आशीर्वाद

मंगलवार को क्षेत्र के गांव जैतपुर डेरा में ग्राम प्रधान पति सुरेश सिंह नायक समाजसेवी मंगल नायक, दिनेश नायक द्वारा समाज के लोगों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 7 जनपदों से आए लड़के और लड़की पक्ष के लोगों के खानपान और दान दहेज की भी पूरी व्यवस्था भी की गई। विवाह समारोह दोपहर दो बजे शुरू हुआ और शाम सात बजे संपन्न हुआ जिसमे रीति रिवाज और वैदिक मंत्रोच्चार के उपरांत सभी 19 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए।

आयोजकों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके खुशहाल जीवन की कामना की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फफूंद नगर पंचायत के अध्यक्ष मोहम्मद अनवर ने सभी 19 जोड़ों को एक एक सूट भेंटकर उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उन्हे आशीर्वाद देते हुए कहा की बधाई के पात्र हैं। सभी आयोजक जिन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराकर मिसाल कायम की ऐसे कार्यक्रमों के लिए हर वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए जिससे हर समाज की गरीब बेटियों की भी धूमधाम से शादी हो सके।

### कार्यक्रम में ये जोड़े हुए एक-दूसरे के जीवन साथी

1. सुनीना ,औरैया संग आनंद कानपुर देहात
2. उजाला औरैया संग राहुल सिंह कानपुर देहात
3. नेहा गाजियाबाद संग रविंद्र कुमार कानपुर देहात
4. अनीता गुलाबपुर औरैया संग सुरेंद्र जैतपुर डेरा फफूंद
5. काजल कल्याणपुर फफूंद संग महेंद्र कानपुर देहात
6. अविना कानपुर संग लवकुश फिरोजाबाद
7. काजल औरैया संग,ज्ञान सिंह कानपुर नगर
8. शिवानी देहगंव औरैया संग मास्टर सिंह कानपुर देहात
9. पिंकी औरैया संग,कुलदीप औरैया
10. राधा गुलाबपुर औरैया संग,विकास कानपुर देहात
11. सपना गुलाबपुर औरैया संग विपी सिंह कानपुर देहात
12. सरीना औरैया संग सानिश कानपुर देहात
13. नेहा फफूंद संग शिवशंकर कानपुर
14. राधा कानपुर नगर संग ब्रजेश कन्नौज
15. सोनी कानपुर देहात संग पवन कानपुर देहात
16. रानी कानपुर संग विजय सिंह कानपुर देहात
17. रवीना कानपुर देहात संग धर्मवीर कानपुर देहात
18. नीतू कानपुर देहात संग बबलू सिंह कानपुर देहात
19. काजल औरैया संग छोटे सिंह फिरोजाबाद

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, 4 घायल

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित एक गांव के सामने ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । राहगीरों व पुलिस की मदद से घायलो को हाईवे एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया।

अयाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भासौंन निवासी नीलेश कुमार पुत्र राधेश्याम अपनी पत्नी भूरी व ग्राम शहबाजपुर निवासी साढ़ू अजय कुमार की पत्नी देवकी व 4 वर्षीय पुत्र डिग्गू के साथ इटावा की तरफ रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वे हाईवे स्थित गांव मौहारी कट से होकर हाईवे पर पहुंचे तभी तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे उक्त लोग दूर जा गिरे और घायल हो गए गनीमत रही उस वक्त पीछे से कोई वाहन नही आ रहा था नही कोई बड़ा हादसा हो सकता था । वहीं सूंचना पर पहुंचे चौकी, हाईवे पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया।


सड़क पर बैठे घायल और मौके पर जुटे लोग। अमृत विचार

### दुर्घटना में घायल चालक की उपचार के दौरान मौत

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के ग्राम छछूंद निवासी राम शंकर (35) पुत्र मुन्नी लाल फर्नीचर की दुकान का सामान लेकर सोमवार शाम करीब 6 बजे इटावा से लोडर से अपने घर आ रहा था। लोडर की रस्सी ढीली होने पर सामान नीचे गिर गया। उसने लोडर किनारे खड़ा कर सामान उठाकर लोडर में रख रहा था। तभी वहां से तेज गति से निकल रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इटावा जिला चिकित्सालय में घायल का इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


रामशंकर।


पैदल गशत कर जुलूस के रूट का निरीक्षण करते एसडीएम हरिश्चंद्र। अमृत विचार

## जुलूस के रूट का किया निरीक्षण

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** एसडीएम हरिश्चंद्र व सीओ अशोक कुमार ने सोमवार शाम को कस्बा में मोहर्रम के जुलूस को लेकर ताजिया कमेटी के आयोजकों के साथ बातचीत की। दोनों अफसरों ने किसी भी नई परंपरा की शुरुआत पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। एसडीएम ने कहा कि निर्धारित रुट के हिसाब से ही ताजियों का जुलूस निकाला जाए। थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव के साथ ताजियों के जुलूस रूट का भी जायजा लिया। कस्बा इंचार्ज सुरेश सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश कुमार व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

ऑनलाइन हाजिरी का विरोध | बोले-जब तक समस्याओं का समाधान नहीं कराया जाता, जारी रहेगा संघर्ष

# शिक्षकों ने बीआरसी पर बनाई संघर्ष की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल बीआरसी पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में बैठक कर आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई। इस पर शिक्षको के साथ विस्तृत चर्चा की।

मंगलवार को बीआरसी अजीतमल पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरविंद राजपूत और ब्लॉक अध्यक्ष दीपक दुबे के नेतृत्व में हुई बैठक में प्रदेश सरकार के ऑनलाइन उपस्थिति के तुगलकी फरमान को अव्यावहारिक करार दिया। कहा कि पहले शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। इसके बाद ऐसे आदेश लागू किया जाए।

बताया की उच्चाधिकारी शासन को गुमराह करने का कार्य कर रहे है और शिक्षको की समस्याओं को सुने बगैर ही ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने का फरमान जारी कर दिया है।


बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति बनाते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

जबकि ऑनलाइन उपस्थिति के संबंध में कोई नियमावली अभी तक नही बनाई गई। जिले के कई ऐसे विद्यालय है जहां तक जाने के लिए सुलभ सड़क नहीं है,कई इलाकों में तो नेटवर्क की समस्या बनी रहती है।ऐसी स्थिति में शिक्षक कैसे ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कर सकता। वही जिला मंत्री अरविंद राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया की 13 जुलाई को जिला की बैठक होगी और 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यालय पर धरना देकर ज्ञापन दिया जाएगा,अगर फिर भी न मानी तो प्रदेश की राजधानी पर प्रदर्शन होगा।

### जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन 18 से

**औरैया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद औरैया के जिलाध्यक्ष उमाकांत दीक्षित ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी निर्णय लिया गया है कि शिक्षकों की समस्याओं को देखते हुए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यलय पर 3 दिवसीय धरना आगामी 18, 19, 20 जुलाई को 2 .30 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक दिया जाएगा। 18 जुलाई को बिधूना तहसील, 19 जुलाई को अजीतमल तहसील एवं 20 जुलाई को औरैया सदर तहसील के शिक्षक धरना देंगे।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक दुबे,ब्लॉक मंत्री विक्रम दत्त, सैलेश गुप्ता,ओमेंद्र चौहान,कोमल राजपूत,प्रणय दुबे,अरविंद कुशवाहा,ज्योति कुमारी,संजय कुमार,आनंद दीक्षित सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** महिला एवं बाल कल्याण विभाग मंत्रालय के तहत भारत सरकार द्वारा संकल्प एचईडब्ल्यू के अंतर्गत 4 अक्टूबर तक 100 दिन का विशेष जागरुकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। मंगलवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय ककोर विकास खंड भाग्यनगर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को विस्तार से बताया गया।

साथ ही वन स्टाफ सेंटर यूनिट द्वारा सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां पर प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में बताया गया। वहीं सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090,112, 1076 एवं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा में सामान्य स्पॉन्सरशिप योजना, कन्या सुमंगला आदि की जानकारी दी गई।


जागरुकता पोस्टर दिखातीं महिलाएं। अमृत विचार

- उच्च प्राथमिक विद्यालय ककोर में कार्यक्रम का आयोजन
- विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में दी गई जानकारी

चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं के गुमशुदा होने व उनके साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने के बारे में जानकारी दी व साथ ही उनके अधिकारों के बारे में व टोल फ्री नंबर 1098 पर अपनी समस्या दर्ज कराने की जानकारी उपलब्ध कराई। अजय प्रताप सिंह, बंदना वाजपेई, याशिका स्नेहा सिंह अध्यापिका, महिला कल्याण विभाग से रीना देवी, संरक्षण अधिकारी, सीमा कुशवाह काउंसलर मौजूद रहीं।

# निष्क्रिय कृषक उत्पादक संगठनों को सक्रिय करें : जिलाधिकारी

## जनपद में 42 कृषक उत्पादक संगठनों में से सिर्फ 4 ही सक्रिय हैं

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने किसान संगठन की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर किसान उत्पादक संगठन की बैठक में समस्या एवं सुझाव पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठन नीति से किसानों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, इसके लिए जनपद में अधिक से अधिक कृषक उत्पादक संगठन को सक्रिय करें। जनपद में 42 कृषक उत्पादक संगठन है, जिसमें से मात्र 04 कृषक उत्पादक संगठन ही सक्रिय हैं, जिस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि जनपद में कृषक उत्पादक संगठनों नीति 2020 के तहत व केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित कर सशक्त बनाएं। सरकार कृषि क्षेत्र को आकर्षक एवं लाभदायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लघु एवं सीमांत किसानों को संगठित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को कृषि निवेशों की सामयिक उपलब्धता एवं नवीनतम तकनीकी का प्रयोग सिखाया जाए। जिससे किसानों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें यह नीति किसानों से जुड़े सभी विभागों, संस्थाओं, कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य आदि विभागों की संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषक उत्पादक संगठन के गठन और संवर्धन के लिए योजना शुरू की है, जो किसानों को अपनी सौदेबाजी की शक्ति बढ़ाने, पैमाने की अर्थव्यवस्था का लाभ उठाने उत्पादन की लागत में कमी लाने और अपने कृषि उत्पादों के एकत्रीकरण के माध्यम से किसानों की आयु बढ़ाने में सक्षम बनाएगी ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव आदि संबंधित अधिकारी सहित एफपीओ मौजूद रहे।

# अतिकुपोषित बच्चों के परिवार को उपलब्ध कराएं दुधारू गाय

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला पोषण समिति कंवर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार उरई में हुयी।

जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्य योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, हॉटकुक्ड मील योजना संचालन एवं तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारू गाय उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने वाली मुख्य सेविकाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही शत-प्रतिशत बच्चों का वजन मापन कर पोषण ट्रैकर पर फीडिंग कराये। गृह भ्रमण की व टेक होम राशन की फीडिंग में सुधार लायें नहीं तो सम्बन्धित सीडीपीओ/मुख्य सेविका के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी माह जुलाई 2024 में 20-20 दुधारू गाय सैम श्रेणी के बच्चों को उपलब्ध करायेंगे। बैठक में सीडीओ, सीएमओ, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम, बीईओ, , जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि रहे।

## सार-संक्षेप



अवैध तरीके से बनाई गई सड़क ध्वस्त करती जेसीबी। अमृत विचार

### प्रशासन ने अवैध रूप से बनाई गई सड़क को ध्वस्त कराया

**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर में स्थित लोहिया नगर में प्रापर्टी डीलर ने तालाब की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर रोड बना ली। मामले का तहसील प्रशासन ने संज्ञान लिया। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से तालाब को कब्जा मुक्त करा दिया। कस्बा के लोहिया नगर स्थित बारात घर के समीप तालाब पर एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर रोड बना दी गई। जिसकी मोहल्ले वासियों ने शिकायत की। तहसील प्रशासन ने संज्ञान लेकर तालाब की नाप खोज करवायी। जिसमें तालाब पर कब्जा निकला। जेसीबी से रोड को हटवा कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार मनीष द्विवेदी, लेखपाल संजय कुमार, नगर पंचायत के कर्मचारी स्वीकृत शरण, बबलू त्रिपाठी, प्रदीप कुमार, कस्बा इंजार्ज हाकिम सिंह उपस्थित रहे।



दिल्ली में सम्मानित होने वाले समाजसेवी। अमृत विचार

### दिल्ली के संविधान भवन में समाजसेवी सम्मानित

**इटावा।** हुकुम सिंह राजपूत, हरी शंकर पटेल, जगत सिंह राजपूत को सामाजिक कार्यो को करने में अग्रणी भूमिका निभाने पर दिल्ली के संविधान भवन भवन में प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित होने पर जिले के बुद्धजीवियों में खुशी की लहर है। बीरेन्द्र कुमार दुबे एडवोकेट, बृजेन्द्र गुप्ता एडवोकेट, डॉ. केके सक्सेना, दीपक राजपाल, वीरू भदौरिया, प्रदीप शाक्य, रामवीर यादव, दिलीप राजपूत, डॉ. सुशील सम्राट, शिवानंद आदि शामिल हैं।


अमरनाथ यात्रियों के साथ चेयरमैन अजय कुमार यादव। अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रा के लिए 14 शिवभक्त रवाना

**भरथना।** बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति भरथना के तत्वावधान में भूखे को भोजन प्यासे को पानी, जय बाबा अमरनाथ बर्फानी के उद्घोषों के बीच बाबा अमरनाथ के दर्शनार्थ 14 सदस्यों का 23वां जत्था मंगलवार दोपहर को रवाना हो गया। कुछ श्रद्धालु भरथना व कुछ इटावा से सम्मिलित होगें। नगर पालिका परिषद के प्रांगण में स्थापित मंदिर पर पूजन-अर्चन के बाद पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने यात्री शिवभक्तों सुशील पोरवाल, नानू बाबा, मनोज राठौर, दीपक बजाज, नीटू तिवारी, दीपक यादव, राजीव त्रिपाठी, विमल तिवारी, सीमा तिवारी, मंजू वर्मा, लक्ष्य त्रिपाठी का मिष्ठान खिलाकर, माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। आबिद अली, राजेश यादव, आनंद श्रीवास्तव, देवाशीष चौहान, नीलू पांडेय, ब्रजेश यादव मुनुआ, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।


पौधारोपण करते पीएसी के जवान एवं समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### एक पौधा मां के नाम रोपकर देखभाल का लिया संकल्प

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जीवनधारा पौधारोपण अभियान लक्ष्य-5100 के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। मंगलवार को समिति द्वारा प्राचीन देवकली मंदिर प्रांगण में स्थित यज्ञशाला के आसपास पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसमें 28वीं बटालियन-एच कंपनी इटावा के सुरक्षा शिविर प्रभारी सुरजीत सिंह के नेतृत्व में पीएसी के दिनेश कुमार, अनुराग मिश्रा, दिनेश प्रताप सिंह, शुभम शर्मा, विवेक कुमार, ओम शिव, बृजेश ओझा, महेंद्र प्रताप सिंह, अंकित कुमार आदि जवानों ने अपनी-अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा रोपित किया। संयोजक मनीष पुरवार ने विभिन्न प्रकार के पौधे नि :शुल्क उपलब्ध कराए। इस अवसर पर समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता, डॉ. एसएस परिहार, फूलमती मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सौरभ पोरवाल, संजय अग्रवाल, हिमांशु दुबे आदि मौजूद रहे।

# अवैध कब्जेदारों के खिलाफ लेखपाल संघ ने दिया धरना

संवाददाता बिधूना,औरैया


उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल संघ के पदाधिकारी एसडीएम हरिश्चंद्र को ज्ञापन सौंपते।

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठाई मांग

**अमृत विचार।** ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा हटाने गए लेखपाल पर अवैध कब्जेदारों ने हमला कर दिया। लेखपाल पर हमले के विरोध में आक्रोशित लेखपालों ने दोषी कब्जाधारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील परिसर में मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया।

एरवाकटरा क्षेत्र के ग्राम कुकरकाट में लेखपाल सुनील कुमार ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा हटवाने गए। आरोप है कि ग्राम प्रधान अवधेश यादव व उसके भाई राजेश यादव ने लेखपाल पर हमला कर दिया। वहीं ग्राम निरंजनपुर लेखपाल चंद्र कुमार के साथ हुई अभद्रता के बाद दिबियापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई जबकि एक सप्ताह बाद भी पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नही कर पाई है। उक्त घटनाओं को लेकर लेखपालों में आक्रोश है। मंगलवार को उप्र राजस्व लेखपाल संघ के नेतृत्व में तहसील बिधूना के सभी लेखपाल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

संघ के अध्यक्ष योगेश शाक्य ने कहा कि जब तक मांगें नहीं मानीं जातीं तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल संघ ने एसडीएम हरिश्चंद्र को एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने पीड़ित लेखपालों को आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर तहसील मंत्री रविकांत दीक्षित, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव,जिला मंत्री पतंजलि दुबे,लेखपाल अवनींद्र यादव, सचिन यादव, प्रतिमा, लक्ष्मी, रश्मि राठौर, सुनील यादव, शैलेंद्र कुमार, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# जहां दिया था अनुदान वहां कराया जा रहा काम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मत्स्य पालन मंत्री के निरीक्षण के बाद कराई गई जांच

**अमृत विचार।** सोमवार को मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद के निरीक्षण के दौरान बढ़पुरा ब्लाक की महिला लाभार्थी को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत काम शुरू हुए बिना ही 8 लाख रुपये का अनुदान दिए जाने का मामला सामने आया था। मामले में मंत्री ने सीडीओ अजय प्रकाश गौतम को जांच के आदेश दिए थे।

सीडीओ ने बताया कि जांच में मौके पर कार्य होता हुआ पाया गया है और कोई गड़बड़ी नहीं मिली। मामले की जांच सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडेय को दी गई थी। गायत्री पांडेय ने बताया कि बढ़पुरा ब्लाक के ग्राम मिहौली में लाभार्थी ममता देवी को मछली पालन के लिए 8 लाख रुपये का अनुदान दिया गया था। जांच में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। मछली पालन मौके पर हो रहा है। इस संबंध में मंत्री को भी अवगत करा दिया गया है। मत्स्य पालन मंत्री के औचक निरीक्षण से हडकंप मच गया था। इसके अलावा एक निलंबित कर्मचारी की चरित्र आख्या में सामान्य लिखे जाने तथा प्रचार-प्रसार की कमी पर भी मंत्री ने नाराजगी जताई थी।

## बिजली चोरी करते पकड़े गए 8 उपभोक्ता

**इटावा।** हाईलास फीडर पुरबिया टोला में मंगलवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। पथवरिया, बैरुन टोला के आसपास विजीलेंस टीम के साथ चेकिंग करने पर 8 उपभोक्ताओं के यहां मीटर से पहले केबिल में कट लगाकर बिजली चोरी करते पकड़ी गई। इनके खिलाफ धारा 135 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

# बाढ़ और कांवड यात्रा को लेकर पीएसी तैनात

**चकरनगर।** कांवड यात्रा को लेकर एसडीएम ने सीओ व थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया ने श्रावण मास में लगने वाले मेला व कांवड़ यात्रा तथा बाढ़ से निपटने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। थाना प्रभारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। भारेश्वर मंदिर भरेह में सावन के प्रत्येक सोमवार को मेला लगता है। पर्याप्त फ़ोर्स की व्यवस्था रहे, वहीं नदियों में बाढ़ का समय है, पीएसी की बटालियन आ चुकी है यदि बाढ़ में कही कोई घिरने जैसी सूचना पर तत्काल पीएससी के जवान रेसक्यू करेंगे। कांवड यात्रा के दौरान कोई भी अराजकता न फैलाये। बैठक में सीओ नागेंद्र चौबे, थानाध्यक्ष भरेह प्रीति सेंगर, थाना प्रभारी बिठौली विद्या सागर सिंह, थाना प्रभारी सहसों रामप्रकाश, थाना प्रभारी चकरनगर संतोष कुमार कुशवाहा, थाना प्रभारी लवेदी व थाना प्रभारी बकेवर मौजूद रहे।


पौधारोपण करते सीएचसी अधीक्षक विजय आनंद एवं स्टाफ। अमृत विचार

## पौधे रोपकर देखभाल की ली जिम्मेदारी

**औरैया।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत सीएचसी दिबियापुर में मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक डा. विजय आनंद ने स्टाफ व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ तरह तरह के दो दर्जन पौधो का पौधारोपण किया। वही सीएचसी अधीक्षक ने लगाए गए पौधो की देखभाल करने के लिए सभी को जिम्मेदारी सौंपी है।अस्पताल परिसर में पौधे लगाकर सराहनीय कार्य किया गया है। जिसमें अस्पताल से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। वही नगर एवं क्षेत्र वासियों से अपील की की वह सब भी घर के बाहर एक पेड़ अवश्य लगाएं। स्वास्थ्य कर्मी हिमांशु चंदन, अश्वनी कुमार, सुबोध चतुर्वेदी, विवेक त्रिवेदी, उमाशंकर, गौरव शुक्ला, राहुल आदि ने पौधे लगाए।

# विश्व शांति का प्रयास करता रहा है हिंदू समाज

संवाददाता फफूंद, औरैया


बैठक में मौजूद हिंदू युवा मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- बैठक में हिंदू युवा मोर्चा संघ संरक्षक व पदाधिकारियों ने रखे विचार

**अमृत विचार।** हिंदू युवा मोर्चा संघ नगर इकाई फफूंद की बैठक मंगलवार को हिंदू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह के नेतृत्व में बडी माता मंदिर पर हुई। इसकी अध्यक्षता हिंदू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा ने की। सतीश शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। संचालन अनिल कुशवाहा ने किया

संरक्षक मंडल में सतीश शुक्ला, उदय शुक्ला, राम कृपाल, अनिल कुशवाहा शामिल रहे। पदाधिकारियों में राम नरेश, सौरभ दुबे, भारत सिंह, संजीव वर्मा, नितिन त्रिपाठी, बलराम पांडेय, पुत्तन पाठक, कमलेश कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, गौरव राजपूत, अमन कुशवाहा, गगन कुशवाहा, रामजी शर्मा, शिवम राजपूत, अवधेश, मंगल सिंह, मलखान सिंह, जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले सभी सनातनी कभी भी हिंसक नहीं रहे। जिस समाज के लोग वृक्षों, नदियों, पशु - पक्षी सहित पत्थरों में भी ब्रह्म को देखते हों, वह कभी हिंसक कैसे हो सकता है? हिंदू समाज हमेशा से ही विश्व शांति के लिए प्रयास करता रहा है।

हिंदू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा ने बताया कि हिंदू युवा मोर्चा संघ की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पास कर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज के विरुद्ध जो अनुचित और नफरत से भरा बयान दिया गया है उसके खिलाफ जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष को पत्र भेजे जाएंगे।

**आक्रोश** कलेक्ट्रेट पहुंच कर बसपा नेताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गौरव पांडेय को सौंपा

# तमिलनाडु में बसपा प्रदेश अध्यक्ष की हत्या से बसपाइयों में रोष

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)



ज्ञापन देने जाते बसपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तमिलनाडु में हुई बसपा प्रदेश अध्यक्ष की हत्या के विरोध में बसपाई में आक्रोश दिखाई देने लगा है। आज बसपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गौरव पांडेय को सौंपा।

डॉ. बृजेश जाटव झांसी मंडल कोआर्डिनेटर, राजेश कुमार (बबलू भुआ), सुरेशचंद्र गौतम झांसी मंडल प्रभारी व बसपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र दयालु के नेतृत्व में भगवतीशरण पांचाल जिला महासचिव, सीताराम निरंजन, रामसनेही बाबूजी, पवन ददरी, अनिल चौधरी पूर्व सभासद, मानवेन्द्र पटेल, जितेन्द्र दोहरे, देवेन्द्र अहिरवार, मोहित टिकरिया, सुनील कुमार, मोतीलाल गौतम सहित दर्जनों बसपायों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गौरव पांडेय को भेंट करते हुए बताया कि बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु बसपा प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की 5 जुलाई को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी थी, जिसका बसपा पुरजोर विरोध करती है तथा सरकार से मांग करती है कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये नहीं तो समस्त बहुजन समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेगा। बसपा नेताओं ने राष्ट्रपति से मांग की है कि बहुजन समाज के लोगों पर हो रहे अन्याय अत्याचार, बलात्कार, मारकाट जैसी घटनाएं जो हो रही है उनको रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई अमल में लायी जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके तथा इस हत्या की सीबीआई जांच करवाई जाये, जिससे दोषियों को सजा मिल सके।

# बसपा जिलाध्यक्ष ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

कार्यालय संवाददाता उरई(जालौन)

- सुधीर चौधरी को बनाया गया बीवीएफ का जिला संयोजक

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर कानपुर, झांसी व चित्रकूट मंडल के मुख्य सेक्टर इंचार्ज नौशाद अली एवं मुकेश अहिरवार, प्रवेश कुरील, जितेन्द्र शंखवार, लालाराम अहिरवार झांसी-चित्रकूट मंडल प्रभारी, सुरेशचंद्र गौतम झांसी-चित्रकूट मंडल प्रभारी, डा. बृजेश जाटव झांसी मंडल प्रभारी, कैलाश पाल झांसी मंडल प्रभारी, श्याम पाल (छुन्ना पाल) जिला प्रभारी, जिला प्रभारी जितेन्द्र दोहरे की संस्तुति जिला कमेटी एवं विधानसभा प्रभारी के पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। जिसमें प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष रफीउद्दीन पन्नू, जिला महासचिव भगवतीशरण पांचाल, जिला सचिव सतीश निषाद, जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल कुशवाहा को बनाया गया है जबकि जिला कार्यकारिणी में बृजेश प्रजापति, राजेश तिवारी जबकि की बीवीएफ जिला संयोजक सुधीर चौधरी को बनाया गया।

इसी क्रम में उरई विधानसभा का प्रभारी वीरदास श्रीवास, सौरभ चौधरी तथा माधौगढ़ विधानसभा प्रभारी प्रमोद व मानवेंद्र को बनाया गया जबकि कालपी विधानसभा का प्रभारी अतर सिंह पाल व राजू पाल सलौनिया को बनाया गया है।

**रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना**

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 30.07.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,351 | 24,433 |
| तेजी | 391 | 112 |
| प्रतिशत में | 0.49 | 0.46 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, बुधवार, 10 जुलाई 2024

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) :** गेहूं दड़ा 2400-2410 आर. आर.21 2550-2600 गेहूं फारम 2600-2700 जौ 2000-2100 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़द हरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूंग 7800-8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहर फूल 16500-16600 अरहर स्पेशल14600-14700 चनादाल 8000-8100 मटर दाल 4500-4600 मसूर मलका 7200-7250 मसूर दाल 7400-7450 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंग दाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800-3500 बासमती नं1.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती नं2. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1400-1460 मैदा 1380-1450 सूजी 1440-1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1370-1410 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11500-12200 मूंगफलीदाना शिवपुरी 10000-11200 बटाली 8600-10500 सेहुआं 4000-4500 **तेल (प्रति क्वि.) :** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन) :** सोयाबीन 1575-1580 सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) :** बावर्ची 1575-1575 मयूर 1575-1575

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55400-55600 |

# खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार 1.50 लाख करोड़ के पार

### 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित, उत्पादन 315 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के बारे में जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 प्रतिशत जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में



● खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी

खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 प्रतिशत बढ़ गया। कुमार ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए और हमारा कारोबार भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवीआईसी चेयरमैन ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।

## एयर एशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की घोषणा की

**बेंगलुरु।** एयरलाइन एयर एशिया ने अगले तीन महीनों के भीतर अंडमान निकोबार द्वीप समूह से अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। इस द्वीप समूह के बुनियादी ढांचे और संपर्क को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप एक अभूतपूर्व कदम साबित होगी। विश्व में सबसे कम लागत वाली एयरलाइन एयरएशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की योजना का अनावरण किया। एयरएशिया के मुख्य हवाई अड्डा और ग्राहक अनुभव अधिकारी केशवन शिवानंदम ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हम अगले तीन महीनों में अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने जा रहे हैं।

# भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

मुंबई, एजेंसी

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है।

आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को



● अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई

शामिल किया गया है। इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया।

## अशोका लेलैंड ने तमिलनाडु में रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार किया

**चेन्नई।** अशोका लेलैंड ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस के साथ मिलकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार तमिलनाडु के तीन जिलों में किया है। यह परियोजना देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के बीच शैक्षिक असमानताओं को पाटने की कोशिश करती है। इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कुल मिलाकर, इस पहल का लक्ष्य देश के छह से अधिक राज्यों में 1,700 से अधिक स्कूलों और दो लाख छात्रों तक लाभ पहुंचाना है। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के तीन जिलों इरोड (78 स्कूल), सेलम (124 स्कूल) और धर्मपुरी (150 स्कूल) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

## डायमंड पावर को अडाणी एनर्जी से 900 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** डायमंड पावर स्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसे अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से कंडक्टर की आपूर्ति के लिए 900 करोड़ रुपये का एक ऑर्डर मिला है। डीपीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे नई पीढ़ी के एल्युमिनियम अलॉय कंडक्टर की आपूर्ति के लिए 899.75 करोड़ रुपये मूल्य का ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर को अप्रैल, 2025 तक पूरा करना है। कंपनी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी प्रवर्तक या समूह कंपनियों का अडाणी एनर्जी के साथ कोई हित नहीं जुड़ा है।

# 183 करोड़ रुपये में सिलिकोंच सिस्टम्स का अधिग्रहण करेगी लार्सन एंड टुब्रो

नई दिल्ली, एजेंसी

लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बेंगलुरु स्थित सिलिकोंच सिस्टम्स को 183 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस अधिग्रहण से फैबलेस सेमीकंडक्टर व्यवसाय में समूह की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए इंजीनियरिंग कौशल तथा डिजाइन विशेषज्ञता को बढ़ाने की संभावना है।

एलएंडटी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने सिलिकोंच सिस्टम्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए आठ जुलाई 2024 को शेयर खरीद समझौता किया है। यह अधिग्रहण सितंबर तक पूरा होने की संभावना है।

### लार्सन एंड टुब्रो को हिंदुस्तान शिपयार्ड से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) से दो फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का बड़ा ठेका मिला है। एलएंडटी ने अनुबंध के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। उसकी परियोजना वर्गीकरण के अनुसार किसी बड़े ठेके का मूल्य 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच होता है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के प्रेसिजन इंजीनियरिंग सिस्टम्स व्यवसाय को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड से दो फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का बड़ा ठेका मिला है। इन जहाजों का इस्तेमाल भारतीय नौसेना करेगी।

## आईबीएम ने कोच्चि में जेनएआई इनोवेशन सेंटर का किया अनावरण

**कोच्चि।** आईबीएम ने मंगलवार को कोच्चि में अपने जेनएआई इनोवेशन सेंटर का अनावरण किया। आईबीएम ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्देश्य एआई नवाचार में तेजी लाना, उत्पादकता को बढ़ावा देना और पूरे देश में जेनएआई विशेषज्ञता को मजबूत करना है। आईबीएम इंडिया सॉफ्टवेयर लैब के भीतर स्थित जेनएआई इनोवेशन सेंटर उद्यमों, स्टार्टअप और भागीदारों को जनरेटिव एआई तकनीक का पता लगाने, अनुभव और विकसित करने के लिए एक गतिशील वातावरण प्रदान करेगा।

# शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लिए ओएनजीसी करेगी निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● दो लाख करोड़ से नवीकरणीय ऊर्जा स्थलों और हरित हाइड्रोजन संयंत्रों की स्थापना होगी

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) 2038 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस पहल के तहत ओएनजीसी नवीकरणीय ऊर्जा स्थलों और हरित हाइड्रोजन संयंत्रों की स्थापना करेगी।

देश के लगभग दो-तिहाई कच्चे तेल और लगभग 58 प्रतिशत प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाली कंपनी ने मंगलवार को 200 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया, जिसमें शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की योजना का ब्योरा दिया गया है। दस्तावेज के अनुसार, ओएनजीसी 2030 तक पांच गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोगैस, पंप स्टोरेज संयंत्र और अपतटीय पवन परियोजना स्थापित करने के लिए 97,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। हरित अमोनिया संयंत्र स्थापना का प्रस्ताव भी है।



## एक नजर

### डॉ. सौम्या राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रमुख सलाहकार नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉ. सौम्या स्वामीनाथन को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया है। मंत्रालय ने मंगलवार यहां बताया कि डॉ. स्वामीनाथन कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समग्र रणनीति पर तकनीकी सलाह देंगी और परिणामों के लिए नीति निर्देश और आवश्यक पाठ्यक्रम सुधार सुझाएंगी। वह अनुसंधान रणनीति पर सलाह देंगी। वह वैश्विक स्तर पर शीर्ष प्रतिभाओं के साथ विशेषज्ञ समूहों के गठन में भी सहायता करेंगी। इसके अतिरिक्त, डॉ. स्वामीनाथन कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करने में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्य अधिकारियों और विकास भागीदारों का सहयोग करेंगी।

### रजत शर्मा को चुना गया एनबीडीए का अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** इंडिया टीवी के अध्यक्ष रजत शर्मा को पुनः न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) का अध्यक्ष चुना गया है। मंगलवार को एनबीडीए की बोर्ड की शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान



में शर्मा को 2024-25 के लिए पुनः अध्यक्ष बनाया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक चुनाव के बाद शर्मा ने एनबीडीए की बैठक को संबोधित करते हुए समाचार प्रसारकों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों अपनी राय प्रकट की। उन्होंने कहा, समाचार प्रसारण उद्योग को बदनाम करने का एक सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। समाचार प्रसारकों पर हमला करने के लिए डिजिटल मीडिया के एक वर्ग का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर, थाना- ज्योति नगर, नई दिल्ली के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी ने एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत दो शिकायतकर्ताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निपटाने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद आरोपी ने रिश्वत की राशि कम कर दी और 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गया। सीबीआई ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

# शहीद की मां बोलीं- न हो दो तरह की फौज

### सांसद राहुल गांधी ने शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मुलाकात की

लखनऊ (उप्र), एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। गांधी ने शहीद के परिवार को लखनऊ से मिलने के लिए बुलाया था। शहीद कैप्टन की मां मंजू सिंह ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कहा, हम दुखी हैं कि हमारा बेटा हम सबको बीच मझधार में छोड़कर चला गया है, परिवार को उनकी जरूरत थी। उन्होंने कहा मैं यह दर्द पूरी जिंदगी लेकर जीना चाहती हूं और मैं चाहती



रायबरेली के बछरावां के करीब चुरुवा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करते राहुल गांधी।

हूं कि मुझे और दर्द हो ताकि मैं अपने बेटे को याद कर सकूं।

एक पदाधिकारी ने बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी रायबरेली, उत्तर प्रदेश में शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह में दिवंगत अधिकारी की पत्नी स्मृति और मां मंजू सिंह को कैप्टन अंशुमान सिंह की शहादत पर कीर्ति चक्र प्रदान किया। यह शांतिकाल में वीरता के लिए दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है। कैप्टन सिंह पिछले वर्ष जुलाई में भीषण आग से लोगों को बचाते समय शहीद हो गये थे। शहीद अंशुमान की मां ने कहा, राहुल गांधी से मुलाकात में अग्निवीर को लेकर बात हुई। दो तरह की फौज नहीं होनी चाहिए। सरकार से उम्मीद है कि वह राहुल गांधी की बात सुनें और विचार करे।

मंजू ने कहा, गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से अग्निवीर योजना को समाप्त करने का अनुरोध किया है, जो सेना के लिए उचित नहीं है। देश हमारे साथ है। रायबरेली राज्य की राजधानी से करीब 80 किलोमीटर दूर है। गांधी ने रायबरेली के बछरावां के करीब चुरुवा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की।

# अंग प्रतिरोपण गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

नयी दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश और दिल्ली-एनसीआर में कथित तौर पर गुर्दा प्रतिरोपण गिरोह चलाने के मामले में दिल्ली की 50 वर्षीय एक महिला चिकित्सक सहित कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एक गुप्त सूचना के आधार पर दो महीने से इस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के हैं जिन्हें सर्जरी के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत लाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि महिला

● ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के निवासी फर्जी दस्तावेज से भारत आए

चिकित्सक की पहचान डी. विजया राजकुमारी के रूप में हुई है, जो अब दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्रति मरीज शुल्क के आधार पर गुर्दा प्रतिरोपण सर्जन के रूप में काम कर रही है। वह कथित तौर पर 2021 से 2023 के बीच बांग्लादेश से आए करीब 15 लोगों की प्रतिरोपण सर्जरी में शामिल थीं। उन्होंने बताया कि डॉ. राजकुमारी ने कथित सर्जरी नोएडा के यथार्थ अस्पताल में की जहां पर वह परामर्शदाता के तौर पर अपनी सेवाएं देती हैं।

## सीतारमण के डीपफेक वीडियो पर प्राथमिकी दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने माल एवं सेवा कर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक डीपफेक वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। राज्य के मंत्री हर्ष संघवी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वीडियो क्लिप में सीतारमण कथित तौर पर मीडिया को संबोधित करते हुए और जीएसटी को गोपनीय सूचना टैक्स बताते हुए दिखाई दे रही हैं। इसे चिराग पटेल नामक एक व्यक्ति ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था। पटेल के एक्स प्रोफाइल के अनुसार, वह अमेरिका में रहता है। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि लोगों को गुमराह करने के लिए डीप फेक वीडियो फैलाने का कृत्य घृणित है।

# नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं : विजयन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि राज्य में लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में सरकार के संज्ञान में अब तक कोई अनियमितता सामने नहीं आई है। विजयन ने विधानसभा को बताया कि सरकार आरोपों की गंभीर जांच कराने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य पीएससी एक भर्ती एजेंसी है जो निष्ठापूर्वक काम करती है और इसकी नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं हुआ है।



● अनियमितता का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री का यह बयान कोझिकोड में माकपा के एक स्थानीय नेता के खिलाफ लगे आरोपों पर उठे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर आया है। माकपा नेता पर आरोप है कि उन्होंने पीएससी सदस्य के रूप में पद दिलाने का वादा करके एक डॉक्टर से रिश्वत ली थी।

# लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक क्लब के अंदर एक लड़की की लोगों के समूह द्वारा पिटाई किये जाने का पुराना वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद, पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बैरकपुर पुलिस ने कहा कि लगभग दो साल पुराने वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने



● पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का मामला, दो गिरफ्तार

आरोप लगाया कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक के करीबी व्यक्ति ने लड़की को प्रताड़ित किया है, वहीं राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने मांग की है कि वीडियो की सत्यता का पता लगाने के लिए इसकी जांच की जाए। लड़की को प्रताड़ित किये जाने की वजह का पता नहीं चल सका है।

बैरकपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभी प्रसारित हो रहे एक पुराने वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें एक लड़की पर हमला किया गया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए एक फौजदारी मामला शुरू किया गया है। वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 2 लोग हिरासत में लिये जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह वीडियो कम से कम दो साल पुराना है, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि एजेंसी द्वारा नहीं की गई है।

# नड्डा ने कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की और उन पर वैचारिक रूप से दिवालिया और सत्ता की भूखी होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि वामपंथी भी अपने बेटे-बेटियों को बढ़ावा देकर कांग्रेस का अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने केरल की राजधानी में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए



● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वैचारिक रूप से दिवालिया बताया

कहा, आप जानते हैं कि मेरा क्या मतलब है।

लोकसभा चुनाव के बाद केरल के अपने पहले दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे 'परजीवी' करार दिया, जो क्षेत्रीय दलों के समर्थन और मदद की बदौलत इस साल सीट हासिल कर सकी।

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मौत, धारा बढ़ाई

सिरसा, एजेंसी

हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में दुष्कर्म के बाद साढ़े तीन साल की बच्ची की हुई मौत मामले में हेल्प डेस्क प्रभारी महिला सब इंस्पेक्टर शकुंतला को निलंबित किया गया है। बच्ची की मौत के बाद पूर्व में दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा और जोड़ दी गई है।

फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि इस मामले में घटना वाले दिन जांच अधिकारी के साथ सब इंस्पेक्टर शकुंतला ने जाने में देरी की। इसलिए उसे निलंबित किया

● हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में साढ़े तीन साल की बच्ची से हुआ था दुष्कर्म

● मामले में घटना वाले दिन सब इंस्पेक्टर के देरी से पहुंचने के कारण की गईं निलंबित

गया है। इस मामले में आरोपियों को घटना के थोड़े समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उधर, टोहाना थाना प्रभारी देवी लाल ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने बताया था कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं। डेढ़-दो माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। गत 29 जून रात को उनकी जान पहचान के तीन युवक जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं उनके पास आए थे। रात को वे वापस चले गए और परिवार सो गया। पिता ने पुलिस को बताया कि आधी रात को तीन बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान अवस्था में मिली। बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ हैवानियत की है।

## केटीआर ने की पार्टी के दलबदल पर राहुल गांधी की आलोचना

**हैदराबाद/नयी दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के.टी. रामा राव (केटीआर) ने तेलंगाना में पार्टी के दलबदल पर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रुख की कड़ी आलोचना की। केटीआर ने गांधी के दोहरे मानदंडों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन पर संविधान के रक्षक होने का दिखावा करते हुए इसकी भावना को कमतर आंकने का आरोप लगाया।

# रत्न भंडार खोलने की सिफारिश करेगी समिति

भुवनेश्वर, एजेंसी

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के सिलसिले में गठित उच्च स्तरीय समिति ने ओडिशा सरकार को 14 जुलाई को खजाने के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने की सिफारिश करने का फैसला किया है। समिति के एक सदस्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। रत्न भंडार में संग्रहित मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने की निगरानी के लिए समिति

● पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान निर्णय लिया गया

का गठन किया गया था।

समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा, हमने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि समिति सरकार से 14 जुलाई को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने का अनुरोध करेगी। रत्न भंडार को आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। रथ ने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इस बैठक के दौरान समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी पेश करने के लिए कहा गया। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक समिति के सदस्य संयोजक भी हैं। रथ ने कहा, हालांकि, एसजेटीए प्रशासन डुप्लीकेट चाबी नहीं दे सका क्योंकि मंदिर प्रशासन रथ यात्रा के आयोजन में व्यस्त था। अब मुख्य प्रशासक को 14 जुलाई को समिति के समक्ष चाबी जमा करने को कहा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि डुप्लीकेट चाबी काम नहीं करेगी तो ताला तोड़कर रत्न भंडार को खोला जाएगा।

## एक नजर

### अमेरिका में भारतीय छात्र की डूबने से मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ट्राइन विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय एक भारतीय छात्र की न्यूयॉर्क राज्य के अल्बानी में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। यहां भारत के वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। साई सूर्या अविनाश गड्डे की 7 जुलाई को यहां से करीब 240 किलोमीटर उत्तर में अल्बानी के बार्बरविले फॉल्स के पास गया था। दूतावास ने कहा कि हम अविनाश की मौत से बहुत दुखी हैं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा हम शोक संतप्त परिवार एवं मित्रों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### उड़ान भरने के बाद विमान का पहिया निकला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग जेट विमान का पहिया सोमवार को उड़ान भरते समय निकल गया। हालांकि, बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित उतार लिया गया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लॉस एंजिलिस में विमान का पहिया बरामद कर लिया गया है।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन 23 शव बरामद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन के बाद बचावकर्मी मंगलवार को मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि दूरस्थ और पर्वतीय गांव बोन बोलांगो में रविवार को 100 से अधिक ग्रामीण सोने के लिए खुदाई कर रहे थे, तभी आसपास के पर्वतों से कई टन मिट्टी गिरी, जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए।

### कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों ने शुरू किए

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख भारतीय अमेरिकियों के एक समूह से कहा कि कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों द्वारा शुरू किए गए और इस प्रांत की सफलता में इनका उल्लेखनीय योगदान है। डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता न्यूसम ने सोमवार को मैसाचुसेट्स में एक कार्यक्रम में ये बात कहीं कि हमारे प्रांत की सफलता में प्रवासी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# पांव पसार रहा ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, ऐसे बचें

**अमृत विचार नेटवर्क।** बदलते वक्त के साथ ही भारत में डिजिटलाइजेशन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश में ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम भी तेजी से पांव पसार रहा है। एक सर्वे में पता चला है कि पांच में से एक शहरी भारतीय ऑनलाइन स्कैम का सामना करता है और इसके कारण वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। 20% शहरी भारतीय ऑनलाइन घोटालों के शिकार हुए हैं, जिनमें ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सबसे अधिक है। इस ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों में नकली वेबसाइट फिशिंग ईमेल सोशल मीडिया विज्ञापन और नकली शिपिंग अलर्ट शामिल हैं। इसमें स्कैमर्स भुगतान जानकारी चुराने के लिए असली सेलर जैसी नकली वेबसाइट बनाते हैं। इसके बाद फिशिंग ईमेल पीड़ितों को नकली वेबसाइटों पर व्यक्तिगत डिटेल डालने के लिए बरगलाते हैं।




### ऐसे समझिए ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम क्या है

स्कैमर्स किसी भी साइट की नकली और बिल्कुल हू-ब-हू वेबसाइट बनाते हैं, जिससे अक्सर लोग प्रभावित हो जाते हैं। स्कैमर्स ऐसी वेबसाइटों पर उत्पाद का प्रचार जमकर करते हैं क्योंकि वह जानते हैं खरीदार उत्पाद देखकर फंस जाएगा। इसके अलावा वे फर्जी इमेल भेजते हैं, जिसमें लिंक होता है, क्लिक करते ही लोग जाल में फंस जाते हैं।

### स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल के तरीके

- **नकली वेबसाइट :** स्कैमर्स असली ऑनलाइन रिटेलर्स की नकल करते हैं और लोकप्रिय वस्तुओं पर भारी छूट देते हैं। एक बार जब आप अपना भुगतान विवरण डालते हैं, तो वे आपके पैसे चुरा लेते हैं और गायब हो जाते हैं।
- **फिशिंग ईमेल :** इसमें स्कैमर्स विश्वसनीय कंपनियों (बैंक, क्रेडिट कार्ड) से ईमेल के रूप लिंक भेजते हैं। उनमें असली वेबसाइटों की नकल करने वाली नकली वेबसाइटों पर जाने वाले लिंक होते हैं। इन नकली साइटों पर अपनी जानकारी दर्ज करने से उनको आपकी व्यक्तिगत जानकारी मिल जाती है।
- **सोशल मीडिया विज्ञापन :** भ्रामक सोशल मीडिया विज्ञापन अविश्वसनीय डील के साथ नकली प्रोडक्ट या सर्विस को बढ़ावा देते हैं। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने से आप नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो जाते हैं, जहां आपको अपनी भुगतान जानकारी साझा करने के लिए धोखा दिया जाता है।
- **नकली शिपिंग अलर्ट :** ये अलर्ट, जो वैध शिपिंग कंपनियों से लगते हैं, लेकिन वास्तव में नकली वेबसाइटों के लिंक होते हैं। उन पर क्लिक करने से आपको अपनी शिपिंग जानकारी अपडेटट करने के लिए प्रेरित किया जाता है और अनजाने में आप अपने व्यक्तिगत विवरण स्कैमर्स को सौंप देते हैं।




### फ्रॉड से रहें सचेत, अपनाएं ये उपाय

- हमेशा सही ऑनलाइन रिटेलर्स से ही खरीदारी करें। यदि आप किसी स्टोर से परिचित नहीं हैं, तो खरीदारी करने से पहले उसकी वैधता की जांच करें।
- ईमेल या सोशल मीडिया विज्ञापनों में एम्बेड किए गए लिंक पर तब तक क्लिक न करें जब तक कि आप उनके सोर्स के बारे में पूरी तरह सुनिश्चित न हों।
- लिंक पर माउस घुमाने से वास्तविक गंतव्य वेबसाइट का पता चल सकता है।
- सुनिश्चित करें कि वेबसाइट URL खुदरा विक्रेता के नाम से मेल खाता हो और सुरक्षित कनेक्शन के लिए https से शुरू होता हो।
- कभी भी अविश्वसनीय वेबसाइटों पर व्यक्तिगत विवरण (नाम, पता, फोन नंबर, क्रेडिट कार्ड की जानकारी) साझा न करें।
- सुरक्षा की दृष्टि से डेबिट कार्ड की तुलना में क्रेडिट कार्ड बेहतर होते हैं।

## रूस में मोदी मोदी...



भारतीय समुदाय के लोगों से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।



सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवलोकन के दौरान रूसी महिलाओं के साथ मोदी।



रक्षा एवं अनुसंधान रोसेटम मंडप में समुद्रीपोत का नमूना देखते मोदी।

# संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं

## मोदी बोले- यूक्रेन युद्ध में मासूमों की मौत पीड़ादायक, पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर भारत के सुझावों की सराहना की

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्पष्ट संदेश देते हुए मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है और बम, बंदूकों तथा गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में पुतिन के साथ शिखरवार्ता से पहले, अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने जाहिर तौर पर यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बेगुनाह बच्चों की मौत हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी है।

मोदी ने वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और संघर्ष का समाधान बातचीत से निकाला जाना चाहिए। नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। मोदी ने कहा शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है। मोदी दो दिवसीय रूस यात्रा पर सोमवार को मॉस्को पहुंचे और मंगलवार को पुतिन के साथ उन्होंने 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर पश्चिमी देश इस यात्रा पर लगातार नजर रखे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी-पुतिन वार्ता से पहले वाशिंगटन में कहा हम भारत से आग्रह करेंगे, जैसा कि हम रूस से वार्ता करने वाले हर देश से करते हैं कि वह स्पष्ट करे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता एवं यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में, सोमवार को यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है।

**मोदी के पुतिन से गले मिलने पर जेलेंस्की ने आपत्ति जताई :** इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मोदी के पुतिन से गले मिलने पर आपत्ति जताई। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर रूसी मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें कैंसर के मरीज बच्चों पर निशाना साधा गया। मलबे के नीचे कई लोग दब गए। उन्होंने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखना बड़ा निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार रात पुतिन के साथ अपनी अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति की बात सुनने से उम्मीद बनी।



मॉस्को में 22वें रूस-भारत शिखर वर्ता के दौरान चर्चा करते मोदी-पुतिन।

### भात-रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जा

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को एटमिक सिम्फनी भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का हृदय है।

### भारत में लोगों के जीवन में स्थिरता लाने की तारीफ

**मॉस्को/नई दिल्ली।** पुतिन ने मोदी को मास्को के बाहर एक आवास में अनौपचारिक बैठक के दौरान मोदी को पुन: प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। पुतिन ने कहा मुझे लगता है कि यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि आपके कई वर्षों के काम का परिणाम है। आप बहुत ऊर्जावान व्यक्ति हैं, आप जानते हैं कि भारत और भारतीय लोगों के हित में परिणाम कैसे प्राप्त किये जा सकते हैं और परिणाम स्पष्ट है।

### सुख-दुख का भरोसेमंद साथी है रूस : मोदी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को रूस को भारत का सुख-दुख का साथी और सबसे भरोसेमंद दोस्त बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा और चुनौती देना तो उनके डीएनए में है। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता रहा है, मैं उसका कायल रहा हूं। हमारे रूसी दोस्त इसे द्रुजवा कहते हैं और हम हिंदी में इसे दोस्ती कहते हैं। उन्होंने कहा रूस में सर्दी के मौसम में तापमान कितना भी माइनस में नीचे क्यों न चला जाए, लेकिन भारत और रूस की दोस्ती हमेशा प्लस में रही है, गर्मजोशी भरी रही है। प्रसिद्ध अभिनेता राज कपूर की मशहूर फिल्म 'श्री 420' के लोकप्रिय गीत सर पे लाल टोपी रूसी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह गीत भले ही पुराना हो गया हो लेकिन इसकी भावना सदाबहार है।

### कजान व येकातेरिनबर्ग में वाणिज्य दूतावास खुलेगा

**मॉस्को।** मोदी ने घोषणा की कि भारत ने रूस के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए उसके कजान और येकातेरिनबर्ग शहरों में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। इस समय रूस में भारत के दो वाणिज्य दूतावास सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में हैं। नए दूतावास खोलने से यात्रा और व्यापार में वृद्धि होगी। येकातेरिनबर्ग रूस का चौथा सबसे बड़ा शहर है जो आर्थिक केंद्र बनकर उभरा है।

# प्रतिपक्ष के नेता सुनक ने छाया मंत्रिमंडल को किया नामित

**लंदन, एजेंसी**

- **नवनिर्वाचित संसद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंत्रालयों पर विपक्ष की राय रखेंगे**

ब्रिटिश संसद के निचले सदन में अंतरिम नेता प्रतिपक्ष ऋषि सुनक ने छाया मंत्रिमंडल के सदस्यों को नामित किया है जो मंगलवार को हाउस ऑफ कामन्स में शुरू हुए नवनिर्वाचित संसद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सरकार के संबंधित मंत्रालयों पर विपक्ष की राय रखेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी द्वारा सुनक का उत्तराधिकारी चुने जाने तक उन्हें निचले सदन में अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। भारतीय मूल के 44 वर्षीय ब्रिटिश नेता को कुछ वरिष्ठ नेताओं के इस्तीफे और कंजर्वेटिव पार्टी के कुछ सांसदों की गैर मौजूदगी की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जो पिछले सप्ताह के आम चुनाव में पार्टी की सबसे बुरी चुनावी हार में अपनी सीट गंवा चुके हैं जबकि लेबर पार्टी ने प्रचंड जीत हासिल की है।

## असांजे की अपील पर दो दिन की सुनवाई शुरू

**लंदन।** उच्च न्यायालय ने अमेरिका में उनके प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे की अपील पर मंगलवार को दो दिवसीय सुनवाई शुरू की। ऑस्ट्रेलियाई नागरिक असांजे को जमानत उल्लंघन के आरोपों में अप्रैल 2019 में उच्च सुरक्षा वाली बेलमार्श जेल में स्थानांतरित किया गया था। उन गोपनीय सूचनाओं को प्राप्त करने व लीक करने के लिए अभियोजन का सामना करना पड़ा जो इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों द्वारा किए युद्ध अपराधों और मानवाधिकारों के उल्लंघन पर प्रकाश डालती हैं।

# अमेरिका भारत से बोला- यूक्रेन संघर्ष समाधान में संप्रभुत्ता का हो सम्मान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **भारत रणनीति साझेदार है जिसके साथ पूर्ण व स्पष्ट बातचीत हो सकती**
- **भारत की इस मसले पर सर्वजनिक टिप्पणी का रहेगा इंतजार**

अमेरिका ने कहा कि उसने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका ने कहा कि भारत एक रणनीति साझेदार है जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की रूस की यात्रा तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठकों के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने यह जवाब दिया। मिलर ने कहा भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा मैं मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों का इंतजार करूंगा कि उन्होंने क्या बात की।

# कठुआ मुठभेड़ : पहाड़ी रास्तों पर हिंसा के निशान दे रहे सैनिकों की बहादुरी के सबूत

**मछेड़ी (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी।**

सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद मंगलवार को पेड़ों और पहाड़ी से घिरी सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, चकनाचूर शीशे और पंचर टायर वाले वाहन घटना की विभीषका तो बयां कर रहे हैं, साथ ही जवानों द्वारा बहादुरी से किए गए मुकाबले और घंटों चली मुठभेड़ की भी गवाही दे रहे हैं।

- **सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, पंचर टायर विभीषका बयां कर रहे**

भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कठुआ से लगभग 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दो सैन्य वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए तथा पांच अन्य घायल हो गए। यह एक महीने में जम्मू संभाग में पांचवां आतंकवादी हमला था।

कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए अधिकारियों ने आतंकियों के पाकिस्तानी आकाओं को जिम्मेदार ठहराया है जो क्षेत्र में आंतकवाद को फिर से भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना को याद करते हुए बताया कि सैनिकों ने हताहत होने के बावजूद साहस और दृढ़ता का परिचय दिया तथा कई घंटों तक आतंकवादियों का मुकाबला किया। माना जा रहा है कि तीन आतंकवादियों के समूह ने इस हमले को अंजाम दिया। सैनिकों पर अचानक हमले के लिए संभवतः पहाड़ी पर फैले घने जंगल की आड़ ली थी, जिसके बाद सैनिकों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और तब तक लड़ते रहे जब तक आतंकवादी घने जंगल में भाग नहीं गए।



मौके पर छानबीन करते आर्मी के जवान।



हमले में क्षतिग्रस्त वाहन।

### बारिश रुकते ही फिर तलाशी अभियान शुरू

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सोमवार देर रात को आतंकवादियों की तलाश करने के लिए अभियान को स्थगित कर दिया था लेकिन मंगलवार को इसे फिर से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त तलाशी दलों ने कठुआ, उधमपुर और डोडा सहित विभिन्न दिशाओं से अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि सेना के विशिष्ट पैरा-कमांडो और खोजी कुत्ते तलाशी अभियान में शामिल हैं जबकि ड्रोन और हेलीकॉप्टर की मदद से आसमान से नजर रखी जा रही है। एक दिन पहले हुई हिंसा का स्पष्ट संकेत देते हुए दोनों वाहन एक दूसरे से लगभग 300 मीटर की दूरी पर खड़े थे। अधिकारियों ने सड़क की स्थिति को देखते हुए बताया कि वे शायद बहुत अधिक गति से नहीं जा रहे थे और मुड़ते समय गोलीबारी की चपेट में आ गए।

### कई इलाकों में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे

अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों ने भी अभियान में अहम भूमिका निभाई और हताहतों के बचाव में मदद की। कई इलाकों में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं और लोग आतंकवादी हमले की निंदा करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। घटनास्थल से महज कुछ मीटर की दूरी पर दुकान चलाने वाले पूरन चंद शर्मा ने बताया हमले से करीब 10 मिनट पहले एक गैर सैनिक बस वहां से गुजरी थी। हमने जोरदार धमाका सुना और शुरुआत में लगा कि टायर फटा है लेकिन कुछ देर बाद ही गोलीबारी की आवाज आने के महसूस हुआ कि मुठभेड़ शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे तक गोलीबारी चलती रही और इसके एक घंटे बार भी रूक-रूक कर गोलियां चलीं।

## चीनी महिला की स्वदेश वापसी की याचिका खारिज की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कथित 'ऋण ऐप' घोटाले की आरोपी एक चीनी महिला द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि सुनवाई के लंबित रहने के मद्देनजर बीमार पिता से मिलने के लिए उसे स्वदेश यात्रा करने की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 42 वर्षीय हू जियाओलिन की याचिका पर आदेश सुनाया, जो पावर बैंक ऐप घोटाले के रूप में जाने जाने वाले कई चीनी ऋण ऐप घोटालों में कथित तौर पर शामिल रही है। घोटाले के तहत कर्नाटक और केरल में ग्राहकों से कई करोड़ रुपये की ठगी की गई है। कोर्ट ने चीनी आपराधिक संहिता पर ध्यान दिया, जिसके अनुसार एक बार जब कोई व्यक्ति आरोपी बन जाता है, तो उसे मुकदमा पूरा होने तक देश से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती है।

## बॉलीवुड हलचल

### कंगना रनौत ने मीना कुमारी की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ट्रेजडी क्वीन, दिवंगत अभिनेत्री मीना कुमारी की तारीफ की है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कमल अमरोही निर्देशित फिल्म पाकीजा से मीना कुमारी की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ कंगना ने लिखा मैंने मीना जी के काम को ज्यादा नहीं देखा है, लेकिन मैंने बहुत कुछ पढ़ा है। वह अपने काम के लिए काफी मशहूर थीं। दुख से लेकर हंसी और फिर निराशा तक का यह रोंगटे खड़े कर देने वाला बदलाव सबसे बढ़कर है। उस दौर में दूसरी हीरोइंस को एक्ट्रेस कहने की हिम्मत कोई नहीं करता था, मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री कहते थे कि वो सब हीरोइंस हैं, लेकिन एक्ट्रेस एक ही हैं- मीना कुमारी। कंगना बहुत जल्द फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली हैं।



### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज हो गया है। श्लोक लाल के बोल और तनिष्क बागची की एड्रेनालाईन पैक रचना और दमदार गायकी के साथ, दे ताली प्रेरणादायक और प्रेरक गान है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा स्टार्टअप और एविएशन पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है।



### पवन सिंह और डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज हो गया है। पवन सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पॉवर स्टार को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका वाली इस फ़िल्म का जब से फर्स्ट लुक आया है तब से उनके फैंस और ऑडियंस का क्रेज देखते ही बन रहा है। इसी कड़ी में टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह पर फिल्माया नया सांग रंगदारी रिलीज किया गया है।